आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 02:06 तक उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 139, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जवाबी शुल्क से भारतीय कपड़ा क्षेत्र को होगा लाभ 12

चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश के गठजोड़ से भारत को खतरा 14

## जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दो पायलटों की मौत

जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान के चुरू जिले में हादसा प्रशिक्षण उड़ान पर था विमान



भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षण विमान बुधवार दोपहर राजस्थान के चुरू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो पायलट की मौत हो गई।

वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। राजलदेसर के थानाधिकारी कमलेश ने बताया कि विमान दोपहर करीब 1:25 बजे भाणुदा गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटना स्थल पर मानव शरीर के अंग और विमान का जलता हुआ मलबा मिला। रतनगढ़ के वृत्ताधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि राजलदेसर और रतनगढ़ थाने से पुलिसकर्मी, दमकल विभाग और एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## आजीवन मिलेगी पेंशन, भू-तापीय ऊर्जा नीति को मिली स्वीकृति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**कैबिनेट में 9 प्रस्ताव मंजूर**

- राज्य में डिजिटल एफएसएल बनेगी, विजिलेंस और मजबूत



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में नौ अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी गई। इनमें अब सरकार ने संतान के बालिग (18 वर्ष) होने पर भी विधवा और वृद्धावस्था पेंशन नियमित जारी रखने का निर्णय लिया है।

यानी बच्चों के बालिग होने पर भी पेंशन बंद नहीं होगी और सरकार ने इन पात्र वर्ग को आजीवन पेंशन देने की व्यवस्था कर दी है। इससे विधवा एवं बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन से जीवनयापन में सहूलियत होगी और बच्चों पर निर्भरता कम होगी। दूसरे फैसले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग में कैबिनेट ने विजिलेंस में 20 नए पदों की स्वीकृति दी है। अब विभाग में पदों की संख्या 132 से बढ़कर 152 हो जाएगी। कैबिनेट ने पीडब्ल्यूडी के तहत पुलों की वहन क्षमता बढ़ाने से संबंधित अध्ययन को परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के गठन की सहमति दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सूचीबद्ध सात कम्पनियों को सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं और सामग्रियों की आपूर्ति के लिए राज्य में भी सूचीबद्ध करने का निर्णय हुआ है। राज्य कर विभाग में डिजिटल फॉरेंसिक साइंस लैब की स्थापना होगी। इसका उद्देश्य सूचना एवं साक्ष्यों का कलेक्शन, रिट्रीवल एवं एनालिसिस करते हुए कराधान के कानूनों का प्रभावी अनुपालन होना है। लैब से सीजीएसटी, आयकर विभाग को भी लाभ होगा। कैबिनेट ने उत्तराखंड वित्त सेवा संवर्ग के ढांचे का पुनर्गठन करने का अनुमोदन किया है। ढांचे में सृजित विभिन्न वेतनमान एवं प्रास्थिति के पदों को विभागीय जरूरत के आधार पर श्रेणीवार पदों की कुल संख्या को अपरिवर्तित रखते हुए पुनर्वितरण किए जाने का अनुमोदन हुआ है।

### उत्तराखंड खनिज अन्वेषण न्यास नियमावली मंजूर

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास के शासी निकाय की छठी बैठक में राज्य खनिज अन्वेषण न्यास में राज्यों द्वारा वार्षिक संग्रह के 10 प्रतिशत की सीमा तक सरकारों को अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय खान मंत्रालय के निर्देशों में उत्तराखंड राज्य खनिज अन्वेषण न्यास गठन के लिए नियमावली प्रख्यापित की गई है। साथ ही, कैबिनेट ने उत्तराखंड जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2017 यथासंशोधित 2023 के कतिपय प्राविधानों को संशोधित करने एवं कतिपय अतिरिक्त नवीन प्राविधानों को सम्मिलित करते हुए उत्तराखंड जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2025 भी प्रख्यापित करने का अनुमोदन दिया है।

### ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा उत्तराखंड

ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर उत्तराखंड के लिए उत्तराखंड जियो थर्मल एनर्जी पॉलिसी 2025 को स्वीकृति दी गई है। इसका उद्देश्य राज्य में जियो थर्मल संसाधनों की खोज एवं पहचान को वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान प्रोत्साहित करना है। चिन्हित भू-तापीय ऊर्जा स्थलों के विकास और उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ ही भू-तापीय ऊर्जा के उत्पादन और विद्युत उत्पादन, हीटिंग और कूलिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष इस्तेमाल, जल शुद्धिकरण और सामुदायिक विकास में इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है। यह नीति राज्य के सभी भू-तापीय परियोजनाओं पर लागू होगी। इसका कार्यान्वयन ऊर्जा विभाग द्वारा उरेडा और यूजेवीएनएल के सहयोग से होगा।

**एक नजर**

### इनरलाइन परमिट पर 15 सितंबर तक रोक

**पिथौरागढ़।** धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर मानसून में भूस्खलन के अंदेशे को देखते हुए प्रशासन ने जोलिंगकोंग स्थित आदि कैलाश मंदिर पहुंचने के लिए जरूरी इनरलाइन परमिट जारी करने का काम रोक दिया है। डीएम विनोद गोस्वामी ने बताया कि यात्रा के गुंजी शिविर तक पहुंचने वाली सड़क भूस्खलन के कारण अक्सर बंद हो जाती है। मानसून समाप्त होने पर 15 सितंबर के बाद परमिट जारी होगा।

### राजधानी देहरादून में आज बंद रहेंगे स्कूल

**देहरादून।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, राजधानी देहरादून में भारी से अत्यंत भारी वर्षा और गरज-चमक के साथ अत्यधिक वर्षा हो सकती है। ऐसे में ऑरेन्ज अलर्ट जारी करते हुए आज 10 जुलाई को कक्षा 12 तक के सभी शिक्षण संस्थान और आंगनबाड़ी केंद्रों में डीएम सविन बंसल ने एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया है।

### उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के लिए रैंकिंग प्रणाली शुरू

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में पायलट प्रशिक्षण गतिविधियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तहत उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के लिए 'रैंकिंग' प्रणाली शुरू की है। यह कदम उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के विमानों से जुड़ी विभिन्न घटनाओं और स्पष्ट खामियों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। डीजीसीए ने कहा कि 'रैंकिंग' प्रणाली एक अक्टूबर, 2025 से लागू की जाएगी। इसे हर साल दो बार एक अक्टूबर और एक अप्रैल को प्रकाशित किया जाएगा। डीजीसीए के अनुसार, यह पहल भारत में पायलट प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं दक्षता में सुधार लाने और प्रदर्शन-संचालित व पारदर्शी प्रशिक्षण परिवेश को बढ़ावा देने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

### जिला अदालतों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और नाहन की जिला अदालतों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि अधिकारी तुरंत हरकत में आए और शिमला, नाहन, कुल्लू और रामपुर की जिला अदालतों के परिसरों को खाली करा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक और खोजी कुत्तों के दस्ते तैनात कर दिए गए हैं और अदालत भवनों व आसपास के इलाकों का विस्तृत निरीक्षण किया जा रहा है।

# गुजरात में पुल ढहा, 12 लोगों की मौत

## वडोदरा जिले में हुआ हादसा, कई वाहन नदी में गिरे, 40 साल पुराना था पुल, नौ को बचाया

- मध्य गुजरात और राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र को जोड़ता है पुल
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

वडोदरा, एजेंसी



वडोदरा में टूटा पुल का एक हिस्सा और राहत कार्य में लगे बचाव दल और स्थानीय लोग। • एजेंसी

गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार सुबह चार दशक पुराने एक पुल का हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए, जिससे भाई-बहन समेत 12 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कुछ को चोटें आई हैं। पुलिस अधीक्षक (वडोदरा ग्रामीण) रोहन आनंद ने बताया कि गंभीरा पुल का एक स्लैब ढह जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। महिसागर नदी पर स्थित गंभीरा पुल मध्य गुजरात और राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र को जोड़ता है। पुल जिले में पादरा शहर के पास स्थित है। घटनास्थल के दृश्यों में देखा जा सकता है कि पुल के दो खंभों के बीच बने स्लैब का पूरा हिस्सा ढह गया। स्लैब के ढहने से पुल से गुजर रहे वाहन नदी में गिर गए।

आनंद ने बताया कि बचाए गए नौ लोगों में से पांच को वडोदरा के एसएसजी (सर सैयाजीराव जनरल) अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे पुल का 10 से 15 मीटर लंबा स्लैब ढह गया। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों, स्थानीय निवासियों तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम के साथ बचाव अभियान अभी जारी है। वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया ने बताया कि पुल ढहने के बाद पांच वाहन - दो ट्रक, दो वैन, एक ऑटोरिक्शा और एक दोपहिया - नदी में गिर गए। दो अन्य वाहन को बचा लिया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी और सीएम ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को क्रमशः दो लाख रुपये और चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की। मोदी के हवाले से प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा कि गुजरात के वडोदरा जिले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### मृतकों में अधिकांश वडोदरा व आणंद जिले के

पुलिस ने बताया कि पुल ढहने की घटना में मारे गए 12 लोगों में दो साल का एक बच्चा और उसकी चार वर्षीय बहन भी शामिल हैं। मृतकों में से अधिकतर वडोदरा और आणंद जिले के निवासी थे। एसएसजी अस्पताल में इलाज करा रहे पांच लोगों में से चार पुरुष और एक महिला हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों में से एक पड़ोसी राजस्थान के उदयपुर जिले का रहने वाला है। गुजरात के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि पुल का निर्माण 1985 में हुआ था और समय-समय पर तथा जरूरत के अनुसार इसका रखरखाव किया जाता था।

### मुख्यमंत्री ने दिए घटना की जांच के आदेश

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि राज्य के सड़क एवं भवन विभाग को इस दुर्घटना की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य सड़क एवं भवन विभाग तथा पुल निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाले निजी इंजीनियरों की टीम को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने तथा पुल ढहने के कारणों और अन्य तकनीकी मामलों की प्रारंभिक जांच करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचाव टीम दुर्घटनास्थल पर मौजूद है।

## धारचूला के तीजम गांव में बादल फटने से तबाही



धारचूला में तीजम सोबला मोटर मार्ग में बना पुल नदी में बह गया। • अमृत विचार

संवाददाता, पिथौरागढ़

- मोटर व पैदल पुल समेत सड़क बही 50 से ज्यादा परिवार प्रभावित
- पुल-रास्ते बहने से अनेक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूटा

**अमृत विचार :** धारचूला के तल्ला दारमा घाटी स्थित तीजम गांव क्षेत्र में बीती रात बादल फटने से तबाही मच गई। अतिवृष्टि की चपेट में आने से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में 2.13 करोड़ रुपये की लागत से थाड़ी गाड़ में बना 47 टन वजनी मोटर पुल और तीजम-वतन तोक को जोड़ने वाला लकड़ी का पुल नेहल गाड़ में बह गया।

साथ ही सौ मीटर सड़क भी पानी के तेज बहाव में आकर बह गई। बादल फटने, अतिवृष्टि और नेहल गाड़ में जलस्तर के खतरनाक स्तर तक बढ़ने से आई इस आपदा में अनेक पैदल रास्ते भी ध्वस्त हो गए जबकि 50 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। पुल और रास्ते बहने से क्षेत्र के अनेक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट गया है। भूस्खलन से आठ से अधिक मकान खतरे की जद में आ गए जबकि बिजली के दो खंभे बह जाने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि धारचूला क्षेत्र में भारी बारिश से नुकसान की खबर के बाद राजस्व विभाग की टीम को मौके के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा क्षेत्र में ध्वस्त पुल के साथ ही रास्तों को भी जल्द ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते कई सड़के बंद हो रही हैं जिन्हें तत्परता के साथ खोला जा रहा है।

## देहरादून से चीनू पंडित गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- एसटीएफ ने की कार्रवाई, हरिद्वार में अंजाम देनी थी बड़ी घटना

**अमृत विचार :** उत्तराखंड एसटीएफ ने हरिद्वार में एक बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में चीनू पंडित गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार किए हैं।

एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि कई वर्ष से रुड़की सब जेल में बंद विनीत शर्मा उर्फ चीनू पंडित की निगरानी के दौरान मिली सूचना पर गैंग के दो सदस्यों सहारनपुर (यूपी) निवासी समर्थ पंवार और लंबगांव, टिहरी निवासी संजय नेगी को देहरादून से गिरफ्तार कर उनके पास से तीन पिस्तौल, एक तमंचा, आठ कारतूस, थार गाड़ी और बाइक बरामद की गई। रुड़की के गंगनहर क्षेत्र निवासी पंडित पर संगीन अपराधों में 30 से अधिक अभियोग दर्ज हैं। एसएसपी के अनुसार, करीब 10 साल पहले रुड़की सब जेल के बाहर गैंगवार में चीनू पंडित गैंग के तीन बदमाशों की मौत हो गई थी जिसका बदला लेने की योजना बनाने की सूचना पर पंडित गिरोह के सदस्यों पर गोपनीय नजर थी। इसी दौरान पता चला कि पंडित पैरोल पर जेल से बाहर आने वाला है और वह गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर हरिद्वार में किसी बड़ी घटना को अंजाम देगा। इसके लिए शूटरों व हथियारों का प्रबंध भी किया जा रहा है।

## प्रथम स्वदेशी गोताखोरी पोत निस्तार नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रथम स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार' भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह पोत अत्यधिक विशिष्ट है और गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है।

- गहरे समुद्र में बचाव अभियान चलाने में भी सक्षम

उन्होंने बताया कि यह पोत गहरे पानी में बचाव कार्य करने वाली पनडुब्बी (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा ताकि पनडुब्बी से किसी आपात स्थिति में कर्मियों को बचाने और निकालने में मदद मिल सके। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि निस्तार पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव अभियान चला सकता है। 'निस्तार' नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ मुक्ति या बचाव होता है। प्रवक्ता ने कहा कि 118 मीटर लंबे और लगभग 10,000 टन वजनी पोत में गोताखोरी के अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं।

## सीबीआई ने मोनिका को हिरासत में लिया

- अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद भारत लेकर आ रही टीम
- आर्थिक अपराध का आरोप, 25 साल से थी देश से फरार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद हिरासत में लिया तथा भारत के लिए रवाना हो गए।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कपूर करीब 25 साल से अधिक समय से फरार थी। कपूर के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था। सीबीआई की एक टीम ने उसे अमेरिका में हिरासत में लिया और उसे लेकर भारत आ रही है। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि मोनिका ओवरसीज की मालकिन कपूर ने अपने भाइयों राजन खन्ना और राजीव खन्ना के साथ मिलकर 1998 में निर्यात दस्तावेजों - शिपिंग बिल, इनवॉइस और निर्यात व प्राप्ति के बैंक प्रमाणपत्रों में जालसाजी की। उसने आभूषण निर्माण और निर्यात के संबंध में शुल्क-मुक्त सामग्री के आयात के वास्ते छह पुनःपूर्ति लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए। उसने ये लाइसेंस दीप एक्सपोर्ट्स, अहमदाबाद को प्रीमियम पर बेच दिए। दीप एक्सपोर्ट्स, अहमदाबाद ने उक्त लाइसेंसों का इस्तेमाल किया और शुल्क-मुक्त सोना आयात किया जिससे सरकारी खजाने को 1.44 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। 31 मार्च, 2004 को मोनिका और उसके भाइयों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए गए थे।

### तहव्वुर राणा की हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत अवधि 13 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश पारित किया। राणा 26/11 हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारी अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली का सहयोगी है।

## सीएम की सफारी में प्रयुक्त जिप्सी की फिटनेस पर सवाल, बैठाई गई जांच

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- कांग्रेस का आरोप-मुख्यमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ

**अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जंगल सफारी के लिए प्रयुक्त जिप्सी की फिटनेस को लेकर सवाल उठने के बाद वन विभाग के प्रमुख समीर कुमार सिन्हा ने मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक रंजन मिश्रा को जांच अधिकारी नियुक्त कर उनसे जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने बीती छह जुलाई को सीटीआर रामनगर में जंगल सफारी का आनंद लिया था। बाद में यह बात सामने आई कि उनकी सफारी के लिए प्रयुक्त वाहन की फिटनेस पांच साल पहले ही समाप्त हो चुकी है जिसे मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर चूक माना गया।

सीटीआर के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि मुख्यमंत्री की सफारी के लिए प्रयुक्त जिप्सी बिल्कुल दुरुस्त है और उसका प्रयोग अतिविशिष्ट लोगों के लिए ही किया जाता है। हालांकि, इसका फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं लिया गया। यह जिप्सी वर्ष 2018 में खरीदी गई थी जिसका परिवहन विभाग से फिटनेस प्रमाणपत्र वर्ष 2020 तक का था। निदेशक ने कहा कि प्रकरण सामने आने के बाद परिवहन विभाग के सम्भागीय निरीक्षक से उसकी जांच कराई तो जिप्सी बिल्कुल दुरुस्त पाई गई। बुधवार को उसका फिटनेस प्रमाणपत्र भी जारी कर दिया गया।

इस बीच, उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज सिंह छेत्री ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ है जिसके लिए वन विभाग दोषी है। वन मंत्री को सामने आकर जनता को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## पत्नी पर शक बच्चे की डीएनए जांच कराने का आधार नहीं

### बंबई हाईकोर्ट की टिप्पणी, केवल आसाधारण मामलों में ही कराई जाती है ऐसी अनुवांशिक जांच

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई पुरुष अपनी पत्नी पर व्यभिचार (विवाहेत्तर संबंध) का संदेह करता है, यह आधार नहीं बन सकता कि उनके नाबालिग बच्चे की डीएनए जांच कर यह पता लगाया जाए कि वह उसका जैविक पिता है या नहीं।

नाबालिग लड़के की डीएनए जांच का निर्देश देने वाले एक पारिवारिक अदालत के आदेश को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति आर एम जोशी ने कहा कि ऐसी आनुवंशिक जांच केवल आसाधारण मामलों में ही कराई जाती है। एक जुलाई को दिए अपने आदेश में न्यायमूर्ति जोशी ने कहा कि केवल इसलिए कि कोई पुरुष व्यभिचार के आधार पर तलाक का दावा कर रहा है, यह अपने आप में ऐसा विशिष्ट मामला नहीं बनता जिसमें डीएनए जांच का आदेश दिया जाए। इस आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई। अदालत ने कहा कि यदि पत्नी पर व्यभिचार का आरोप लगाया गया है, तो उस आरोप को साबित करने के लिए किसी अन्य साक्ष्य का सहारा लिया जा सकता है, न कि बच्चे को जैविक पिता का निर्धारण करने के लिए डीएनए जांच कराने के लिए मजबूर किया जाए।

उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी को भी, विशेषकर किसी नाबालिग बच्चे को बलपूर्वक रक्त परीक्षण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, खासकर जब वह सहमति देने या इनकार करने का निर्णय लेने में सक्षम भी नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब माता-पिता आपस में लड़ रहे होते हैं, तो अक्सर बच्चा उस लड़ाई में एक मोहरा बन जाता है। ऐसे में अदालतों को नाबालिग बच्चे के अधिकारों के संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। इस व्यक्ति ने व्यभिचार के आधार पर अपने पत्नी से तलाक मांगा है। याचिका के अनुसार, दोनों की 2011 में शादी हुई थी और जनवरी 2013 में जब वे अलग हुए तो महिला तीन महीने की गर्भवती थी।

### पारिवारिक न्यायालय के आदेश को किया रद्द



यह आदेश उस याचिका पर पारित किया गया है जिसे एक व्यक्ति की अलग रह रही पत्नी और उनके 12 वर्षीय बेटे ने दायर किया था। उन्होंने फरवरी 2020 में पारिवारिक अदालत द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें बच्चे को जैविक पिता का निर्धारण करने के लिए डीएनए जांच से गुजरने को कहा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि पारिवारिक अदालत ने ऐसा आदेश पारित कर गलती की थी और उसने उस आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जोशी ने अपने आदेश में कहा कि बच्चे के हित को ध्यान में रखना पारिवारिक न्यायालय के लिए पूर्णतः अनिवार्य था।

### जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण के पीठासीन अधिकारी बनाए गए डीएम, सीएम के निर्देश-एमडब्ल्यूपीएससी एक्ट प्रभावी तौर पर अमल में लाएं

# जिलाधिकारी सुनेंगे वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं: मुख्यमंत्री

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रति प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण का पीठासीन अधिकारी बनाते हुए उन्हें संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लागू ''माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007''(एमडब्ल्यूपीएससी एक्ट) को प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाए। यह अधिनियम वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता को उनके बच्चों, बालिग पोते-पोतियों अथवा संपत्ति के उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की वैधानिक व्यवस्था प्रदान करता है। इस कानून को अमल में लाने के लिए राज्य में जिला स्तर पर 13 अपीलीय भरण-पोषण अधिकरण एवं सब डिविजन स्तर पर 69 से अधिक भरण-पोषण अधिकरण कार्यरत हैं, जहां भरण-पोषण की राशि अधिकतम 10,000 रुपये प्रति माह निर्धारित की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण के पीठासीन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट हैं, इसलिए उन पर इस कानून को सख्ती से अमल में लाते हुए, वरिष्ठ नागरिकों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी है। साथ ही, तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी भरण पोषण संबंधित अधिकरण के पीठासीन अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) पदेन भरण-पोषण अधिकारी के रूप में जिम्मेदार बनाए गए हैं।

#### वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रहीं सेवाएं



बागेश्वर, चमोली एवं उत्तरकाशी जिलों में निशुल्क वृद्ध एवं निशक्तजन आवास गृह संचालित किए जा रहे हैं। जहां कई जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक निवासरत हैं। राज्य में वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद का गठन करते हुए रामचंद्र गौड़ को अध्यक्ष तथा शांति मेहरा, नवीन वर्मा और हरक सिंह नेगी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



'उत्तराखंड सरकार अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों से विनम्र अपील है कि यदि आप जीवन-यापन हेतु उपेक्षित महसूस करते हैं, तो अविलंब अपने नजदीकी भरण-पोषण अधिकरण (मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल) अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क करें। **-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री

#### संपत्ति हस्तांतरण में सुरक्षा प्रावधान

कानून के तहत यदि कोई वरिष्ठ नागरिक देखभाल की शर्त पर संपत्ति हस्तांतरित करता है, लेकिन इसके बाद तय शर्तें पूरी नहीं होतीं तो अधिकरण उस हस्तांतरण को अमान्य घोषित करते हुए, संपत्ति की वापसी सुनिश्चित कर सकता है।

# उद्योगपति विंडलास को राहत नहीं हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज

### न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने कहा-तीसरी जमानत अर्जी में भी कुछ नया नहीं

**हाईकोर्ट समाचार 1**

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने देहरादून के नामी बिल्डर और उद्योगपति सुधीर कुमार विंडलास को कोई राहत नहीं देते हुए उनकी तीसरी जमानत याचिका को आधारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। पीठ ने आदेश में कहा कि पहले भी अन्य अदालतों ने तथ्यों के आधारहीन पाते हुए बिल्डर की दो जमानत याचिकाएं निरस्त की हैं। तीसरी जमानत में भी कुछ नया नहीं है इसलिए न्यायालय इसे भी निरस्त करती है।

बुधवार को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पुरोहित की पीठ ने कहा कि, जहां तक याचिकाकर्ता विंडलास के स्वास्थ्य का सवाल है तो जेल प्रशासन उसके लिए उन्हें ट्रीटमेंट दिलवा रहा है। यह अपराध के मुख्य आरोपी हैं और इसकी जांच सीबीआई कर चुकी है। पूर्व में भी सुधीर विंडलास द्वारा शार्ट टर्म जमानत के लिए आवेदन किया गया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी उम्र 72 साल की हो चुकी है। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कोर्ट के आदेश पर जेल प्रशासन द्वारा उनका उपचार हिमालयन हॉस्पिटल देहरादून में हो रहा है इसलिए उनकी जमानत याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जाए ताकि वे इस केस से बरी हो सकें। आगे यह भी कहा कि जिन लोगों ने उन्हें फंसाया है वे भी जेल में बंद हैं। उन लोगों के द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर उनकी छवि को खराब किया गया जबकि वे देहरादून के सम्मानित कारोबारी हैं। उनके द्वारा किसी तरह का फ्रॉड नहीं किया गया। मामले के अनुसार, फर्जी जमीन की शिकायत पर राज्य सरकार ने इसकी जांच सीबीआई से करायी थी। सीबीआई जांच में विंडलास और उसके तीन साथी जालसाजी के आरोपी पाए गए। 21 दिसंबर 2023 में सीबीआई ने सुधीर विंडलास को गिरफ्तार किया। सीबीआई कोर्ट ने सभी अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट से विंडलास को कोई राहत नहीं मिली तो उसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। उच्च न्यायालय ने आरोपियों के जमानत प्रार्थनापत्र पर कई बार सुनवाई करते हुए उसे निरस्त कर दिया।



#### अब 14 को होगी सुनवाई

**2** **नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की गम्भीरता को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई जारी रखते हुए अगली सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तिथि नियत की है। तब तक कोर्ट ने सम्बंधित पक्षकारों को अपनी तरफ से अपने पक्ष मे जो दलीलें पेश करनी है उसे कोर्ट के सामने पेश करने का समय दिया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई।

#### टी एक्ट का अनुपाल किया या नहीं, हाईकोर्ट को बताएं

**3** **नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी .नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार मेहरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा देहरादून की मशहूर चाय बागानों की भूमि का स्वरूप बदलकर उन्हें गन्ने, खीरे, तरबूज उगाए जाने के लिए देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने सरकार एवं याचिकाकर्ता से यह बताने को कहा है कि इसके लिए टी बोर्ड और केंद्र सरकार की अनुमति ली गयी थी या नही? जो 1953 का टी एक्ट है, उसका अनुपालन किया है या नही ? दो सप्ताह में कोर्ट को इससे अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है। मामले के अनुसार, देहरादून निवासी देवानंद ने याचिका में कहा कि देहरादून का विकास नगर क्षेत्र टी बागान के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र था। इस क्षेत्र में इसके अलावा कोई कृषि कार्य करने की अनुमति नहीं थी लेकिन जब से इस भूमि का प्रयोग चाय के अलावा अन्य सीजनल कृषि के लिए किया जा रहा है, तब से इसका अस्तित्व खतरे में आ गया है। याचिका में राज्य सरकार से अनुरोध किया गया कि इसे टी स्टेट की धरोहर में ही विकसित किया जाए।

## हाईकोर्ट ने 19 साल पहले मिली सजा रद्द की

विधि संवाददाता, नैनीताल

- पिथौरागढ़ कोर्ट ने चरस रखने के आरोपी को सुनाई थी सजा

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने करीब 19 साल पहले राजेन्द्र सिंह खम्पा को एनडीपीएस एक्ट के तहत मिली सजा को निरस्त करते हुए बड़ी राहत दी है। एकलपीठ ने आरोपी द्वारा दाखिल की गई आपराधिक अपील को स्वीकार कर विशेष सत्र न्यायाधीश, पिथौरागढ़ द्वारा 16 नवम्बर 2006 को पारित दोषसिद्धि और सजा आदेश को रद्द कर दिया है।

यह मामला वर्ष 2004 का है, जिसमें पुलिस ने राजेन्द्र सिंह खमपा को 225 ग्राम चरस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़ा और उसकी तलाशी के दौरान उसके जैकेट की जेब से चरस बरामद हुई। तत्कालीन एसएसआई यूसी पंत ने थाना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा बरामद माल का वजन करने के बाद दो नमूने तैयार कर चार्जशीट दाखिल की गई थी। ट्रायल के दौरान अभियोजन ने पांच पुलिसकर्मियों को गवाह बनाया, जिनमें से सभी ने पुलिस कार्रवाई का समर्थन किया। अपील में आरोपी पक्ष ने तर्क दिया कि तलाशी की कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों के पूर्णतः विरुद्ध की गई है, जिसमें यह अनिवार्य है कि तलाशी मजिस्ट्रेट या किसी गजटेड अधिकारी की उपस्थिति में होनी चाहिए। **4** आरोपी की ओर से कहा गया कि यह नियम एक वैधानिक अधिकार है, जिससे अभियोजन पक्ष द्वारा कोई रियायत नहीं दी जा सकती। सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि यह एक आकस्मिक बरामदगी थी, इसलिए धारा 50 का पालन नहीं किया जा सका लेकिन न्यायालय ने सरकार के इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट की धाराएं कठोर प्रकृति की हैं और इनमें सख्त अनुपालन आवश्यक है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों-विशेष रूप से अर्फ खान उर्फ आगा खान बनाम उत्तराखंड राज्य [(2018) 18 SCC 380] और विजयसिंह चंदुभा जडेजा-का हवाला देते हुए कहा कि धारा 50 का पालन अनिवार्य है और अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि तलाशी किसी मजिस्ट्रेट या गजटेड अधिकारी की उपस्थिति में की गई। न्यायालय ने आरोपी की अपील को स्वीकार कर लिया। दोषसिद्धि और सजा को रद्द कर दिया तथा कहा कि चूंकि अपीलकर्ता जमानत पर है, अतः उसे आत्मसमर्पण करने की आवश्यकता नहीं है।

## धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप

**रामनगर:** नयागांव तेलीपुरा क्षेत्र में रहने वाली एक वृद्ध महिला ने गांव के ही विशेष समुदाय के कुछ युवकों पर मारपीट करने, धमकाने और जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। बुधवार को पीड़िता रामदुलारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मुलाकात की। कहा कि वह अपने गांव में अकेली रहती हैं। आरोप है कि गांव के कुछ युवक न केवल उन्हें डराते-धमकाते हैं, बल्कि उन पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहे हैं। सीओ सुमित पांडे ने पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

## छात्रों ने टीचर को पीटा, चोटिल

**नैनीताल:** मल्लीताल के एक निजी स्कूल में 12वीं के दो छात्रों ने अपने ही टीचर को पीटकर चोटिल कर दिया। बुधवार को मल्लीताल के एक निजी स्कूल में किसी बात को लेकर एक टीचर व दो छात्रों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो छात्रों व टीचर के बीच धक्का मुक्की हो गई। इस दौरान टीचर मामूली रूप से चोटिल हो गया। हालांकि स्कूल की प्रधानाचार्या ने मामला स्कूल में ही निपट जाने की बात कही। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अब सीबीआई के नक्शे कदम पर चलेगी प्रदेश की विजिलेंस

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) सरकारी घूसखोरों को पकड़ने के लिये अब केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नक्शे कदम पर चलेगी और अपनी 25 साल पुरानी ट्रैप प्रक्रिया को त्याग देगी। विजिलेंस की ओर से अपनी नई रणनीति को लेकर उच्च न्यायालय के समक्ष यह बात बुधवार को रखी गयी।

विजिलेंस की ओर से कहा गया कि घूसखोरों को ट्रैप करने से पहले अभियोग पंजीकृत किया जाएगा और इसके बाद रंगे हाथ पकड़ने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में पिछले कई दिनों से घूसखोरी के मामले में जेल में बंद नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश सिंह राणा और कोषाधिकारी बसंत कुमार जोशी की जमानत के **5** मामले में सुनवाई चल रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत घूसखोर या भ्रष्टाचारी को पकड़ने के लिए विजिलेंस और केन्द्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) अलग-अलग प्रक्रिया अपनाती हैं। अदालत ने विजिलेंस की जांच प्रक्रिया में खामी मानते हुए सीबीआई अधिकारियों को तलब कर लिया।देहरादून से सीबीआई के दो अधिकारी अदालत में पेश हुए। सीबीआई की ओर से कहा गया कि वह ऐसे मामलों में पहले अभियोग दर्ज करते हैं और उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाती है। इसके बाद अदालत ने विजिलेंस को सीबीआई अधिकारियों के साथ बैठक कर इस मामले का हल निकालने के निर्देश दिए। विजिलेंस की ओर से हालांकि कहा गया कि उसकी प्रक्रिया में कोई खामी नहीं है लेकिन वह घूसखोरों के खिलाफ अपनायी जाने वाली प्रक्रिया को बदलने पर विचार कर रही है। बुधवार को भी आरोपी सीटीओ दिनेश सिंह राणा व अन्य की जमानत के मामले में सुनवाई हुई।

## पर्यटक व स्थानीय युवक में विवाद

**नैनीताल:** मल्लीताल पार्किंग स्थल में कार की मामूली टक्कर के बाद पर्यटक व स्थानीय युवक के बीच विवाद हो गया। मल्लीताल सूखाताल निवासी एक युवक मल्लीताल पार्किंग स्थल पर कार बैक कर रहा था। इस दौरान उसकी कार एक पर्यटक की कार से हल्की सी टकरा गई। पर्यटक ने युवक को रुकने को कहा। कार रुकने के बाद युवक ने पर्यटक से माफी मांगते हुए भरपाई की बात कही, लेकिन पर्यटक आग बबूला हो गया और युवक की कार में घूसे मारने लगा। इस दौरान पर्यटक के घूंसे से युवक की कार का एक सीसा टूट गया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि यूपी अमेठी निवासी विकास सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।




**कवायद** शहर के आंतरिक पर्यटक स्थलों को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग बना रहा कार्ययोजना

# पर्यटन के मद्देनजर विकसित होंगे ट्रैकिंग मार्ग

संवाददाता, नैनीताल

- देश-विदेश से नैनीताल आने वाले पर्यटक देखेंगे यहां की प्राकृतिक सुंदरता व भौगोलिक संरचना

**अमृत विचार:** अब पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत नैनीताल के ट्रैकिंग मार्गों को विकसित करने की कार्ययोजना पर काम चल रहा है। इन ट्रैक के विकसित होने के बाद रोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया नैनीताल का किलबरी पंगूत मार्ग, चाइना पिक, कैमलस बैक समेत कई अन्य आंतरिक मार्ग हैं। इन्हें अब पर्यटन विभाग पर्यटन गतिविधि में जोड़ने की कार्ययोजना बना रहा है। जिसके लिए पर्यटन विभाग में कार्य योजना पूर्व में तैयार कर ली गई है। जल्द इन सभी ट्रैकिंग मार्गों को तैयार कर लिया जाएगा। यहां पर नैनीताल आने वाले पर्यटक ट्रैकिंग कर सकेंगे। इस दौरान पर्यटक नैनीताल शहर की प्राकृतिक सुंदरता, भौगोलिक संरचना को भी देख सकेंगे। जिसके बाद नैनीताल आने वाले पर्यटकों को नैनीताल की सुंदरता को देखने का एक नया माध्यम मिल जाएगा।



नैनीताल का ट्रैकिंग मार्ग। ● अमृत विचार

#### रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

जिला पर्यटन अधिकारी बताते हैं कि अगर योजना सफल रही तो स्थानीय युवा देश विदेश से यहां आने वाले पर्यटकों को ट्रैकिंग कराएंगे। इससे नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थल तो विकसित होंगे, साथ ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही क्षेत्र में हो रहे पलायन पर भी रोक लगेगी।

## सार-संक्षेप



करायल में सड़क से नीचे उतरा ट्रक। ● अमृत विचार

### करायल के पास खाई में गिरने से बाल-बाल बचा ट्रक

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा में करायल के पास एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। यहां एक भारी ट्रक खाई में गिरने से बाल-बाल बचा। यह घटना 3 किलोमीटर लंबी खस्ताहाल सड़क खंड पर हुई, जोकि करायल से जमरानी टकुरा-थलारी मार्ग के बीच आता है। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बौद्ध ने बताया कि मार्ग पर अभी तक डामरीकरण नहीं हो सका है। स्थानीय निवासी त्रिलोक सिंह, चंदन सिंह, मोहन सिंह, पान सिंह, ललित कुमार, बृजमोहन आदि का कहना है कि यह सड़क वर्षों से सिर्फ वादों में बनी हुई है। वन विभाग से अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण यह मार्ग आज भी अधूरी स्थिति में है, जबकि इसके आगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क पूरी तरह सुगम है। स्थानीय लोगों ने सुझाव दिया है कि यदि इस मार्ग को नाई से पैटना या गराड़ तक जोड़ दिया जाए, तो ग्रामीणों को अपने गांव आने-जाने में सुविधा होगी। यह नया संपर्क मार्ग सैकड़ों लोगों के जीवन में बदलाव ला सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।



ब्लैक बेल्ट टेस्ट में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### टेस्ट में आठ खिलाड़ियों ने हासिल की ब्लैक बेल्ट

**भीमताल :** औरो मार्शल आर्ट एकेडमी में आयोजित ब्लैक बेल्ट टेस्ट में आठ खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त की है। ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में आरोह कुलेठा, चैतन्य कुलियाल, प्रव्या शर्मा, गरिमा जोशी, हितेश सनवाल, युगल किशोर सनवाल, प्रांजल कुलियाल एवं पीयूष कपिल शामिल हैं। खिलाड़ियों के प्रशिक्षक हिमांशु कुलेठा एवं अनीता बोरा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता इन खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



गड्ढे की कराई गई मरम्मत। ● अमृत विचार

### खबर का असर: पालिका ने कराई गड्ढे की मरम्मत

**भवाली :** नगर पालिका मैदान के प्रवेश द्वार के पास हुए गड्ढे की पालिका प्रशासन ने मरम्मत करा दी है। अमृत विचार ने इस समाचार को प्रकाशित किया गया था। इस गड्ढे के कारण दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। पालिका के अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही गड्ढा ठीक करवा दिया गया है।



पत्रकारों से वार्ता के दौरान मौजूद अभिनेता दीपक शिरके।

# सिनेमा जगत में पारिवारिक फिल्मों का दौर फिर लौटेगा

संवाददाता, नैनीताल

- अभिनेता दीपक शिरके ने की नैनीताल में पत्रकारों से बातचीत

**अमृत विचार:** मशहूर खलनायक अभिनेता दीपक शिरके ने कहा कि बॉलीवुड में पारिवारिक संबंधों की मजबूती और बेहतर दिशा के लिए पारिवारिक फिल्मों का सुनहरा अतीत रहा है, लेकिन समय चक्र के साथ वह दौर अब नहीं रहा। हालांकि इसकी वापसी का दौर फिर लौटेगा। कैंची धाम व मां नयना देवी के दर्शन को नैनीताल पहुंचे दीपक शिरके ने बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में यह विचार व्यक्त किए।

अभिनेता दीपक शिरके ने कहा कि वेब सीरीज का दायरा कुछ ही लोगों तक ही सीमित है, जोकि सिनेमा हाल की जगह कभी भी नहीं ले सकता है। खलनायकी की बेहतरीन अदायगी के चलते दीपक शिरके बॉलीवुड की सौ से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं, जबकि दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी उनकी विशेष पहचान हैं। मराठी फिल्मों में भी वह पसंदीदा अभिनेता हैं और टीवी धारावाहिकों में भी काम कर चुके हैं। अग्निपथ, खुदा गवाह, तिरंगा, हम, जीत, जुड़वा, इश्क व गुंडा जैसी हिट फिल्में कर चुके हैं। इन दिनों वह बरेली में निर्माणाधीन हिंदी फिल्म तिलकधारी पाकिस्तानी की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में पारिवारिक फिल्मों का सुनहरा दौर रहा है, जोकि पारिवारिक रिश्तों की मजबूती और संवेदनशीलता का संदेश दिया करती थी। मगर समय चक्र के साथ वह दौर अब नहीं रहा, लेकिन पारिवारिक फिल्मों के वह हमेशा से पक्षधर रहे हैं। कहा कि सेंसर बोर्ड की स्वतंत्रता अनिवार्य है। तभी फिल्मों का उचित मार्गदर्शन संभव हो सकता है। उत्तराखंड को लेकर कहा कि देवों की भूमि के प्रदेश में पहली बार दर्शन का संजोग हुआ और नीम करौली बाबा और मां नयना देवी के दर्शन कर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। नैनीताल पहुंचने पर पत्नी गार्गी के साथ नयना देवी मंदिर में दर्शन किए और वापस बरेली को लौट गए।

### आज का मौसम

आसमान में बादलों और धुंध के साथ बारिश होने की संभावना।

| 29.0⁰ | 24.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.20 | सूर्यास्त 19.14 |

### एक नजर

## बारिश से दो राज्य मार्ग सहित नौ मार्ग हुए बंद

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में हो रही भारी बारिश की वजह से कई मार्ग बंद हो गए हैं। जो मार्ग बंद हुए हैं, उनमें दो राज्यमार्ग भी हैं। प्रशासन और संबंधित विभाग इन मार्गों को खुलवाने का प्रयास कर रहा है। रामनगर-भंडारपानी राज्य मार्ग और काठगोदाम-हैड़ाखान-सिमलिया राज्य मार्ग बारिश की वजह से बंद हो गए हैं। इनके अलावा देवीपुरा-सौड़, हैड़ाखान धाम पहुंच मार्ग, फतेहपुर-बेल मार्ग, देवली-महतोली मार्ग, हरीशताल मोटर मार्ग और खुजेटी-भोनरा मार्ग भी बंद गए हैं। ये सभी ग्रामीण मार्ग हैं। साथ ही अमृतपुर-बानना प्रमुख जिला मार्ग बंद हैं।

# दमुवाढूंगा में रकसिया नाले में बह गई बाइक

### बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश से नाला आया उफान पर, शिव मंदिर के पास हुआ हादसा, बामुश्किल बचाया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दमुवाढूंगा में रकसिया नाले के बहाव में एक बाइक बह गई। बाइक बहकर काफी आगे तक चली गई। घटना से पहले नाले में बहाव तेज नहीं था लेकिन अचानक बहाव तेज आ गया। जिस वजह से बाइक सवार वहां फंस गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक बाइक सवार अपनी बिटिया को लेकर स्कूल से आ रहा था। स्कूल का रास्ता रकसिया नाले से होकर जाता है और निकलने के लिए कोई पुलिया भी नहीं है। उस दौरान नाले में बहाव कम था लेकिन जैसे ही बाइक सवार शिव मंदिर के पास पहुंचा, नाले में बहाव तेज हो गया। उसने अपनी बेटी को तुरंत ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए बाइक को वहीं छोड़ दिया। बच्ची सुरक्षित जगह पर पहुंच गई लेकिन इतनी देर में नाले में बहाव बहुत तेज हो गया और बाइक पूरी तरह से नाले के बहाव में फंस गई। देखते ही देखते थोड़ी देर में बाइक भी नाले के बहाव में बह गई । इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। गनीमत है कि बाइक सवार और उसकी बेटी सुरक्षित हैं।



शिवमंदिर के पास नाले में फंसी बाइक जो बाद में बह गई। ● अमृत विचार

### नाले के आसपास अतिक्रमण

स्थानीय लोगों का कहना है कि रकसिया नाले के आसपास लोगों ने अतिक्रमण किया है। जिस वजह से नाले का बहाव प्रभावित हुआ है। पहले नाले का बहाव क्षेत्र काफी चौड़ा था, जिस वजह से पानी का बहाव फैलकर बहता था लेकिन अब अतिक्रमण होने की वजह से नाले का क्षेत्र कई जगह छोटा हो गया है और नाले का बहाव क्षेत्र सिमट गया है। इस वजह से सीमित जगह पर नाले का बहाव अब ज्यादा हो गया है।



शेर नाला उफान पर आने के बाद फंसे वाहन व मौजूद लोग। ● अमृत विचार




# नाले-नालियां ओवरफ्लो सड़कों पर आया पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बुधवार को हुई भारी बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आम जनजीवन और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। रकसिया, देवखड़ी, कलसिया और चोरगलिया स्थित शेर नाले के उफान पर आने से कई क्षेत्रों में पानी भर गया।

रकसिया नाले के तेज बहाव को कम करने के लिए नगर निगम ने यूयूएसडीए के साथ मिलकर जेसीबी के सहयोग से चैनलाइजेशन का काम किया और खतरे में आ रहे घरों को सुरक्षित किया गया। देवखड़ी नाले के उफान पर आने से हाइडिल क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहा, जहां सड़कों पर पानी भरने से लंबा जाम लग गया। रकसिया नाले से भी बड़ी मात्रा में पानी बहने से आसपास के इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं, वर्कशॉप लाइन में डीएफओ ऑफिस के पास पेड़ गिरने व नाला चोक होने से पानी ओवरफ्लो कर गया जिससे दुकानों में पानी भर गया। सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीनों की मदद से तत्काल जल निकासी का कार्य शुरू करवाया। चोरगलिया क्षेत्र का शेर नाला भी उफान पर रहा, जिससे कई घंटों तक ट्रैफिक बाधित रहा। दमुवाढूंगा क्षेत्र में भी कई स्थानों पर जलभराव की सूचना मिलने पर नगर निगम और प्रशासन की टीमों ने तत्काल राहत कार्य किए। यहां नगर आयुक्त ने नाले के ओवरफ्लो को देखते हुए एक घर खाली कराया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि शहर की नालियों और नालों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है, और प्रभावित इलाकों में तेजी से पानी की निकासी कराई जा रही है।



बारिश के दौरान छाता लगाकर आवाजाही करते लोग। ● अमृत विचार

### बारिश से उफनाए नाले, सड़कों पर जलभराव

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में मानसून की सक्रियता बुधवार को भी चरम पर रही। इस कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। अलबत्ता नैनी झील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि जारी है। नगर में वर्षा का क्रम सुबह से ही शुरू हो गया था, जोकि देर शाम तक जारी रहा। कभी हल्की तो कभी तेज बारिश पूरे दिन जारी रही। इस बीच नाले उफनाते रहे और सड़कों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न होती रही। नौकायन अधिकांश समय प्रभावित रहा, जबकि दिहाड़ी मजदूर दैनिक कार्यों से विरत रहे। इन दिनों सीमित संख्या में सैलानी नगर में सैर के लिए पहुंचे हैं। नालों में उफान के चलते कूड़े-कचरे का ढेर झील में समा गया। इधर नैनीझील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि के चलते पानी 80.2 फीट जा पहुंचा हैं। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के सुपर वाइजर रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार, फिलहाल झील से जल निकासी की उम्मीद नहीं है। यदि वर्षा इसी तरह जारी रही तो माह के अंत तक पानी की निकासी शुरू की जाएगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, नगर का अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटों में 30 मिमी बारिश हुई है।

### सड़क बन गई दलदल

बिड़ला स्कूल के पास रकसिया नाले ने अपना रौद्र रूप दिखाया। यहां नाला ओवरफ्लो होने से सड़क दलदल बन गई। जिस वजह से वाहनों के आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ और काफी देर तक जाम की स्थिति पैदा हो गई। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान सामने स्थित बिड़ला स्कूल में छुट्टी का समय होने के कारण स्कूल बसों और स्कूली बच्चों को लेने पहुंचे अभिभावकों के वाहनों को निकलने में दिक्कत हुई।

# 20 कॉलोनियों को मिली जलभराव से निजात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जेडीएम बरसाती नाले के डायवर्जन होने से गैरवैशाली समेत 20 कॉलोनियों को जलभराव से निजात मिल गई है। क्षेत्रवासियों ने सिंचाई विभाग के ईई को ज्ञापन सौंपकर आभार जताया है।

देवकी बिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पांडे के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने बुधवार को सिंचा ईई डीएस रावत को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जेडीएम बरसाती नाले का डायवर्जन नहीं होने से पानी लगभग 20 कॉलोनियों में भर जाता था। अब नाले का डायवर्जन होने से जलभराव नहीं हुआ है। इसके अलावा उन्होंने मौके पर सड़क में बिखरी मिट्टी, यूकेलिप्टस के पेड़ों को हटाने की मांग की है। बरसाती नाले से लिंक मार्गों में आवाजाही के मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए भी कहा। अंत में सभी ने डीएम वंदना सिंह व सिंचाई विभाग का आभार जताया। इस दौरान डीएस बिष्ट, बहादुर सिंह हरडिया, अनुज, तारा खाती, गीता सिराडी थे।



बुधवार को नालों का निरीक्षण करतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह व एसडीएम राहुल साह।

**हल्द्वानी में एक दिन में हुई 166 मिमी बारिश :** मानसून की बारिश दौर जारी है। हल्द्वानी में मंगलवार की रात जमकर बारिश हुई। बुधवार की दोपहर भी बारिश शुरू हो गई और करीब तीन घंटे तक बारिश होती रही। आने वाले दिनों में भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

हल्द्वानी में मूसलाधार बारिश हुई। खासतौर से काठगोदाम, रानीबाग, पॉलीशीट, आवास विकास, बिठौरिया, बमौरी आदि इलाकों में जमकर पानी बरसा है। शहर के इन इलाकों में 24 घंटे के अंदर 166 मिमी से ज्यादा पानी बरस गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को नैनीताल जिले में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अभी नैनीताल जिले में 12 जुलाई तक भारी बारिश होने का यलो अलर्ट है। शहर में अधिकतम तापमान में काफी कमी आई है। लगातार हुई बारिश के बाद मौसम में हल्की ठंडक महसूस हो रही है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## नाबालिग दौड़ा रहे टैक्सी स्कूटी, केस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि बीते मंगलवार को चेकिंग के दौरान उन्होंने एक टैक्सी स्कूटी सवार को मंगल पड़ाव टैक्सी स्टैंड पर चेकिंग के लिए रोका। टैक्सी स्कूटी पर दो लोग सवार थे। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अनस पुत्र नबाब खान निवासी कॉलटैक्स बताया। वह न लाइसेंस दिखा सका और न ही स्कूटी के कागज। जांच में चालक की उम्र 15 साल सामने आई। जबकि पीछे बैठने वाला मात्र 14 साल का था। स्कूटी सिमरन पुत्री रईस मोहम्मद निवासी ठोकर लाइन कॉलटैक्स के नाम पर पंजीकृत मिली। सिमरन को तलब किया तो वह गिड़गिड़ाने लगी और माफी मांगते हुए बताया कि चालक उसके छोटे भाई का दोस्त है। इसी वजह से स्कूटी उसे दी थी। पुलिस ने स्कूटी को सीज करते हुए सिमरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। नाबालिग चालक को भाई के सुपुर्द कर दिया है।

# नदी-नालों में जाने पर रोक मौत पर जवाबदेह होगा थानेदार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून हर साल किसी ने किसी की जान लेता है और इस मानसून में पुलिस ने ऐसे हादसों को रोकने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया है। नदी-नालों की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस की तैनाती की जा रही है। साथ ही एसएसपी ने अल्टीमेटम भी दिया है कि इन सबके बावजूद अगर किसी की बहने या डूबने से मौत हुई तो थानेदार की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

रकसिया, देवखड़ी और कलसिया नाला बारिश होते ही अचानक उफान पर आ जाते हैं। इन तीनों नालों के किनारों पर आबादी है। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ सिटी नितिन लोहनी टीम के साथ इन तीनों नालों का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही एनाउंसमेंट कर रहे हैं कि मानसून के दौरान नालों से दूर रहें। इसके अलावा गौला बैराज में आम लोगों के जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। गौला नदी और चित्रशिला घाट की ओर जाने वाले रास्तों पर भी नजर रखी जा रही है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि इन सबके बावजूद अगर किसी को नदी में या किनारों पर पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी बता दिया गया है कि यदि लापरवाही की गई तो कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें।



- नदी-नालों की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस का पहरा

## 15 वार्डों में चलेगा सफाई अभियान

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व संगठनों के साथ बैठक कर जलभराव के समाधान आदि के संबंध में चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों को समस्या के तात्कालिक व दीर्घकालिक समाधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर पालिका ईओ को सोमवार से सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में अगले एक पखवाड़े तक हर दिन 15 वार्डों में सफाई अभियान चलाने को कहा। इसकी मॉनिटरिंग के लिए नैनीताल एसडीएम के नेतृत्व वाली टीम करेगी। यह टीम अतिक्रमण को भी चिन्हित करेगी। नाले-नालियों का ड्रोन व जीपीएस सर्वे भी किया जाएगा। इस अभियान में लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीएम नवाजिश खलीक, ईओ रोहिताश शर्मा, लोनिवि ईई रत्नेश सक्सेना, सिंचाई एई डीडी सती, व्यापार मंडल तल्लीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह, किशन सिंह नेगी रहे।

# विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

- अस्पताल प्रशासन ने दी थी पुलिस को मामले की जानकारी
- युवती की शिनाख्त के प्रयास में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** एक मानसिक विक्षप्त युवती के साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। युवती का करीब पांच माह का गर्भपात हो गया। उसका उपचार एसटीएच में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार एक मानसिक विक्षिप्त और बेघर लड़की का गर्भ ठहर गया। करीब पांच माह का गर्भ होने पर उसे परेशानी हुई। वह राजकीय महिला अस्पताल पहुंची। यहां अस्पताल में जांच की गई तो पता चला कि उसका गर्भपात हो गया। उसका जरूरी उपचार किया गया। सीएमएस डॉ. उषा जंगपांगी ने बताया कि लड़की को उपचार के लिए एसटीएच भेज दिया गया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि उन्होंने जांच के निर्देश कोतवाल राजेश यादव को दिए हैं। कहा कि पुलिस महिला की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस मानकर चल रही है मानसिक विक्षप्त युवती के साथ किसी ने दुष्कर्म किया है। इधर अस्पताल प्रशासन ने बताया कि युवती की हालत में सुधार है।

# चोरों ने तोड़ा कृषि विभाग के एडी के घर का ताला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चोरों ने टीपी नगर चौकी क्षेत्र में एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। इस बार चोरों ने कृषि विभाग के सहायक निदेशक के घर का ताला तोड़ दिया। घटना को अंजाम देकर चोर आसानी से फरार हो गए। सहायक निदेशक ने मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक पीसी टम्टा परिवार के साथ रामपुर रोड स्थित नित्यानंद विहार में रहते हैं। पीसी टम्टा मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले हैं। पीसी टम्टा के मुताबिक बीती 30 जून को वह परिवार के साथ अल्मोड़ा गए थे। वह 6 जुलाई को घर लौटे तो चैनल पर लगा ताला टूटा पड़ा था। अंदर दाखिल हुए तो दरवाजों पर लगे ताले भी टूटे पड़े थे और पूरा घर चोरों ने छान मारा था। हालांकि चोरों के हाथ ज्यादा कुछ नहीं लगा। चोर यहां से लैपटॉप और मोबाइल ले गए हैं।

घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी भी नहीं लगा है। उनका कहना है कि इस मामले की तहरीर उन्होंने पुलिस को सौंपी है। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। घटना स्थल की ओर जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# ग्राम प्रधान का हरा, बीडीसी का नीला, जिपं का गुलाबी मतपत्र

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बुधवार को मतदान अधिकारी और कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। पहली पाली में 1077 पीठासीन अधिकारी प्रथम एवं पीठासीन अधिकारी द्वितीय और दूसरी पाली में 27 जोनल मजिस्ट्रेट, 77 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 36 रिजर्व मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया।

बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने चुनावी बारीकियां बताईं। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव में तटस्थता, पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत जरूरी है इसलिए सभी कार्मिक प्रशिक्षण में मिली जानकारियों का पूरी तरह पालन करें। सख्त लहजे में कहा कि निर्वाचन में कोई गलती या कोताही क्षम्य नहीं है इसलिए निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी/कार्मिक सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ योगदान दें। इसके बाद मास्टर ट्रेनर एचबी चंद ने सभी को बताया कि मतदाताओं को अलग-अलग मतपत्रों की पहचान कराने तथा मतपत्रों की गणना की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों में रहेंगे। ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सफेद, ग्राम प्रधान के लिए हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीला तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्रों के रंगों का आवंटन किया गया है, जिससे मतदाताओं को सुविधा होगी। उन्होंने आचार संहिता, मतदान दिवस की कार्यवाही, बैलेट बॉक्स का संचालन, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं, आपातकालीन स्थितियों में कार्रवाई तथा मतगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिवस यदि कोई भी शंका हो तो उसका समाधान किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर ने बारीकी से मतदान दिवस के संबंध में विस्तार से बताया गया और शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान एडीएम विवेक राय, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी रहे।


राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में मौजूद कर्मी। ● अमृत विचार

## चुनाव कर्मियों को आज भी दिया जाएगा प्रशिक्षण

- कार्मिकों को समय से प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद रहने के दिए निर्देश
- मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आज सुबह 9 बजे से सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में निर्वाचन में आरक्षित एवं नियुक्त सभी 1047 मतदान अधिकारी प्रथम को चुनावी संबंधी प्रथम प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इसके साथ ही सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी निर्वाचन से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी(पंचायत) अनामिका ने दी है। उन्होंने सभी कार्मिकों को समय से प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# ब्लॉक प्रमुख चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- धारी में दीपक मेहरा, ओखलकांडा में चंदन सिंह बिष्ट व रामगढ़ में मोहन पाल को मिली जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सीट के बाद ब्लॉक प्रमुखों के चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशानुसार सभी जिलों मे ब्लॉक स्तर के चुनाव के लिए प्रभारी घोषित किए गए हैं। इसी क्रम में नैनीताल जनपद के धारी ब्लॉक के लिए दीपक मेहरा, ओखलकांडा में चंदन सिंह बिष्ट, रामगढ़ में मोहन पाल, भीमताल में प्रदीप जनौटी, बेतालघाट में देवेंद्र ढेला, हल्द्वानी में गोपाल रावत, कोटाबाग में तरुण बंसल, रामनगर में गुंजन सुखीजा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह ऊधम सिंह नगर के जसपुर में मंजीत सिंह, बाजपुर से राम मेहरोत्रा, काशीपुर में विवेक सक्सेना, गदरपुर में प्रदीप बिष्ट, रुद्रपुर में दिनेश आर्य, सितारगंज में दान सिंह रावत, खटीमा में उत्तम दत्ता को प्रभारी बनाया है।

### चम्पावत व पिथौरागढ़ में ये बने प्रभारी

पिथौरागढ़ जनपद में धारचूला का जिम्मा धन सिंह धामी, मुनस्यारी में अशोक नबियाल, मुनकोट में गणेश भंडारी, डीडीहाट में राजेंद्र सिंह रावत, कनालीछीना में राकेश देवाल, पिथौरागढ़ में भूपेश पंत, बेरीनाग में बसंत जोशी, गंगोलीहाट में ललित पंत को जिम्मा सौंपा गया है। चंपावत जिले में बाराकोट में श्याम नारायण पांडे, पाटी में सतीश पांडे, लोहाघाट में शंकर पांडे, चंपावत में शंकर कोरंगा को प्रभारी बनाया है।

### अल्मोड़ा में इन्हें मिली जिम्मेदारी

जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट में अनिल शाही, चौखुटिया में पूरन सांगला, सल्ट में प्रेम शर्मा, स्याल्दे में सुरेंद्र मनराल, ताड़ीखेत में पूरन चंद नैनवाल, भिकियासैंण में सुभाष पांडे, ताकुला में अरविंद बिष्ट, भैंसियाछीना में रमेश बहुगुणा, हवालबाग में गौरव पांडे, धौलादेवी में रवि रौतेला, लमगड़ा में ललित लटवाल को प्रभारी बनाया है।

# पंचायत चुनाव में सरकार कर रही मनमानी: आर्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कांग्रेस ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में राज्य सरकार पर तानाशाही और मनमानी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव का जारी पत्र दर्शाता है कि सरकारी मशीनरी एवं संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

आर्य ने कहा कि नगर निकाय में मतदान कर चुके लोगों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में चुनाव लड़ने का अधिकार राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने दे दिया है जो कि उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम 2016 और उत्तराखंड पंचायत राज संशोधन अधिनियम 2019 का स्पष्ट उलंघन है। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पंचायत राज अधिनियम 2016 की धारा 9(13), 10(ख)(1), 54(3) और 91(3) का सहारा लिया है। ये धाराएं किसी ग्राम पंचायत में दर्ज मतदाता को किसी भी स्तर के पंचायत चुनावों को लड़ने का अधिकार देती हैं लेकिन इन धाराओं का हवाला देकर निर्वाचन आयोग सचिव ने अर्द्धसत्य का सहारा लिया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम 2016 की धारा 9(6) व 9(7) जिन मतदाताओं के नाम नगरीय क्षेत्रों में दर्ज हैं को उन्हें ग्राम पंचायत में मतदाता के रूप में नाम चढ़ाने से रोकती हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 17 व 18 में भी ऐसे प्रावधान हैं। आरोप लगाया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने सत्ताधारी दल के दबाव में यह आदेश जारी किया है। यह स्पष्ट करता है कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और निष्पक्षता को खत्म कर सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने की तैयारी है। आर्य ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि राज्य निर्वाचन आयोग यह निर्देश वापस लें और नगर निकाय में मतदाता रहे लोगों को पंचायत चुनाव में निर्वाचन निरस्त करें।

### शपथ पत्र को लेकर हुई नोकझोंक

**भीमताल :** क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशी का शपथ पत्र के मामले में बड़ौन गांव के सैकड़ों ग्रामीण राज्य आंदोनकारी हरीश पनेरु के नेतृत्व में ब्लॉक ओखलकांडा पहुंचे। यहां रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि शपथ पत्र नहीं दिया गया था। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्याशी के पास प्राप्ति रसीद है। इस पर रिटर्निंग ऑफिसर ने वीडियो दिखाने से भी मना कर दिया। इसको लेकर नोकझोंक भी हुई। राज्य आंदोनकारी हरीश पनेरु ने इस प्रकार के कृत्य को लोकतंत्र की हत्या बताया है। बड़ौन सहित अलग-अलग गांवों से आए ग्रामीणों ने चुनावी प्रक्रिया पर आपत्ति जताई है। निस्तारण न होने पर उच्च न्यायालय की शरण में जाने की बात कही है।

### बिल एक सप्ताह में मुहैया कराएं, होगा भुगतान

**हल्द्वानी :** एडीएम विवेक रॉय ने अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव संबंधी जिन बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है, तो वे ऐसे बिलों की द्वितीय कॉपी एक सप्ताह में उपलब्ध करा दें, ताकि भुगतान किया जा सके।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda काशीपुर मुख्य शाखा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा श्री मनोज गुप्ता के नाम पर स्थित नीचे उल्लिखित संपत्ति को अपने एक ग्राहक द्वारा अनुरोधित ऋण/क्रेडिट सुविधा के लिए सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।
यदि किसी को नीचे उल्लिखित संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक सबूत के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।
यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति किसी भी प्रभार/दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

संपत्ति का विवरण

बंधक अचल सम्पत्ति (औद्योगिक भूमि) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 128 क्षेत्रफल 0.200 हेक्टेयर, खसरा नं. 129 क्षेत्रफल 0.006 हेक्टेयर, खसरा नं. 130 क्षेत्रफल 0.018 हेक्टेयर, खसरा नं. 135 क्षेत्रफल 0.589 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.813 हेक्टेयर, ग्राम– प्रतापपुर तहसील– काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति गिफ्ट डीड सं. 995, दिनांक 27.01.2014 के अनुसार श्री मनोज कुमार गुप्ता के नाम पर विधिवत पंजीकृत है एवं लीज डीड नं. 2928 दिनांक 19.03.2014 को श्री मनोज कुमार गुप्ता ने मैसर्स माधव राघव फूड्स प्रा0 लि0 के नाम पर लीज के लिए विधिवत पंजीकृत किया है। सीमायें – पूरब में सरकारी रास्ता, पश्चिम में अन्य व्यक्ति की भूमि, उत्तर में हरि एवं राजेन्द्र सिंह की भूमि, दक्षिण में रास्ता।

बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा — संपर्क नं. 8477009660 — नरेंद्र कुमार एडवोकेट 9412153081

## चार विद्युत पोल गिरे, आपूर्ति बाधित

**लालकुआं:** हल्द्वानी से लालकुआं के बीच बनाई जा रही जमरानी नहर के निर्माण के दौरान खुदाई करते समय विद्युत विभाग की 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन के चार पोल जमीन में गिर गए। इस कारण लालकुआं और हल्दूचौड़ समेत कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। बुधवार को दोपहर लगभग 3 बजे बबूर गुम्टी के समीप इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की दीवार के समीप से जमीन खुदाई के दौरान विद्युत लाइन के चार विद्युत पोल जमीन में गिर गए। मजदूर बाल-बाल बच गए। एसडीओ संजय प्रसाद व अवर अभियंता इंतजार अली ने विद्युत पोलों को दुरुस्त करने की कार्रवाई शुरू दी है।


शिविर में रक्तदान करते सभासद एवं अन्य। ● अमृत विचार

### शिविर में 40 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**रामनगर, अमृत विचार :** बुधवार को नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में सभासदों व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान चालीस यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। यह पहला मौका था जब पालिका ने रक्तदान शिविर में भागीदारी की। आयोजन नगर की सामाजिक संस्था दया फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है। प्रत्येक नागरिक को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन आने वाले समय में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। शिविर में दया फाउंडेशन के संयोजक मोहित अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था उत्तराखंड सहित देश के कई हिस्सों में सामाजिक कार्य कर रही है। शिविर में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद खस्टी नंदन जोशी, सभासद नवीन सुनेजा, सभासद राहुल रावत, सभासद सचिन कुमार, सभासद शिवी अग्रवाल, सभासद विक्रम भट्ट, सभासद शमीम अहमद, सभासद प्रतिनिधि, सभासद मोहम्मद करीम, सभासद पारस गोला, सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल, सभासद प्रतिनिधि मुंतजिर राजा, सभासद नदीम मूसा, सभासद सलमान सलमानी, दीपक राणा, दीप चंद्र आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन ने रामनगर में अभी तक सील किए 17 अवैध मदरसे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर क्षेत्र में प्रशासन की ओर से अवैध रूप से चल रहे मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसके तहत अभी तक कुल 17 अवैध मदरसों को सील किया गया है। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले डेढ़ माह के अंतराल में यह कार्रवाई की गई है। यह अभियान भी आगे जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि जिन मदरसों को सील किया गया है, वह सभी रामनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। प्रशासन की ओर से की जा रही यह कार्रवाई शिक्षा एवं भवन मानकों की जांच के आधार पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन मदरसों की वैधता, पंजीकरण और संचालन संबंधी दस्तावेजों में खामियां पाई गईं, उन्हें चिन्हित कर बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों और अनुमति के संचालित किसी भी संस्थान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। प्रशासन के अनुसार, अब तक मदरसा अनवार उल कुरान, एजुकेशनल सोसायटी बिलाली मस्जिद गुलरघट्टी, मदरसा गुलशन-ए-गोसिया, नूरी मस्जिद, खताड़ी, मदरसा दारूल उलूम गुलशने रजा, इन्द्रा कॉलोनी, खताड़ी, मदरसा फेज़ाने रजा, आशियाना कॉलोनी, भवानीगंज, मदरसा मिफतुल उलूम, जामा मस्जिद, मदरसा अरबिया शिफा उल उलूम अहले सुन्नत बल जमात, पूछड़ी फौजी कॉलोनी, मदरसा नासिर उल उलूम एजुकेशनल सोसायटी, कदीमी मस्जिद, गुलरघट्टी, मदरसा इस्लामिया आर्बिया मिसबाहुल उलूम एजुकेशनल सोसायटी, मदरसा गुलशन ए बगदाद एजुकेशनल प्रबंध समिति, साबरी, मदरसा मुफ्ती-ए-आज़म-ए-हिंद एजुकेशनल सोसायटी, आला हजरत मस्जिद शक्तिनगर, मदरसा इमाम अहमद रजा, आदर्श नगर, गुलरघट्टी, मदरसा दारूल उलूम चिश्तिया, मनिहार मस्जिद, ढिकुली, मदरसा रजा दारूल उलूम, छप्पर वाली मस्जिद, मदरसा बनातुल उलूम, मोहल्ला खताड़ी, निकट छप्पर वाली मस्जिद, मदरसा गुलशने अजीजिया, जामा मस्जिद, टांडा मल्लू, पुरानी बस्ती, मदरसा तुल मदीना, हुसैन रजा मस्जिद, भवानीगंज, काशीपुर रोड व मदरसा फेज़ानी आला हजरत रजा, चांद मस्जिद, टांडा मल्लू पर कार्रवाई की गई है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# स्मार्ट मीटर के विरोध में गरजी युकां

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** बुधवार को रामनगर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी भी की और अडानी कंपनी के खिलाफ रोष जताते हुए ज्ञापन सौंपा। युकां जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने बताया कि ग्राम पीरूमदारा की एक महिला उपभोक्ता, जिनका बिजली बिल पहले केवल 200 रुपये से 300 रुपये आता था। अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद अचानक 7500 रुपया तक पहुंच गया। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से परेशान करने का जरिया है। इस दौरान अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष, सचिन कुमार आर्य, सलमान सलमानी, सोनू करीम, चेतन, दीपक आदि शामिल थे।


रामनगर में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई में 114 चालान, 5 वाहन सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की ओर से हल्द्वानी सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को नियमों के उल्लंघन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 114 वाहनों के चालान और 5 वाहनों को सीज किया गया। कार्रवाई में ट्रक, बस, टैक्सी, मैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी बाइक और निजी कारें शामिल रहीं। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी गोविंद सिंह, अनुभा आर्य, निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल और नंदन रावत ने विभिन्न क्षेत्रों में किया। चेकिंग के दौरान टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों, ओवरस्पीड, हेलमेट-सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग, नो पार्किंग समेत विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। शहर में 12 ई-रिक्शा और ऑटो चालकों पर यूनिफॉर्म न पहनने पर कार्रवाई की गई, जबकि नैनीताल में नो पार्किंग सहित अन्य मामलों में 35 वाहनों के चालान किए गए। अभियान में सहायक परिवहन निरीक्षक चंदन सुप्याल, गोधन सिंह, चंदन ढैला, अनिल कार्की, अरविंद सिंह और मोहम्मद दानिश भी शामिल रहे। आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह ने आगे भी अभियान जारी रखने की चेतावनी दी है।


ग्रेट मिशन स्कूल में अभ्यास करते एनसीसी के कैडेट्स। ● अमृत विचार

### ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में एनसीसी का शुभारंभ

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल को अब आधिकारिक रूप से नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) से संबद्धता प्राप्त हो गई है। इस दौरान कैडेट्स ने स्कूल में कड़ा अभ्यास किया। एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों को कैडेट ट्रेनिंग, ड्रिल अभ्यास, वार्षिक कैंप में भागीदारी, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सहायता प्रशिक्षण का प्रशिक्षण भी दिया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी से जुड़ना हमारे विद्यालय के लिए गौरव का पल है। इससे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास की दिशा में एक मजबूत मार्ग प्राप्त होगा।

### सिंचाई नहर किनारे लगाई गई टिनशेड की सुरक्षा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नहर किनारे सुरक्षा के इंतजाम किए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पनचक्की से लेकर चंबलपुल तक हो रही नहर कवरिंग के मद्देनजर नहर किनारे टिनशेड की दीवार लगा दी गई है। पनचक्की से चंबलपुल तक नहर कवरिंग हो रही है। इस वजह से नहर की सुरक्षा दीवार को तोड़ दिया गया है और नई नहर बनाई जा रही है। काम चलने की वजह से राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। बारिश के दौरान नहर भी उफान पर बह रही है। इसको देखते हुए यहां पहले लोहे के छोटे खंबे गाड़े गए और अब टिनशेड लगा दिए गए हैं। पनचक्की से चंबलपुल तक टिनशेड लगा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों टीपीनगर क्षेत्र में एक टैक्सी कार नहर में गिर गई थी।


चकलुवा में पेयजल लाइन से लीकेज होता पानी। ● अमृत विचार

### लापरवाही: चकुलवा में बर्बाद हो रहा पेयजल

**कालाढूंगी :** चकलुवा क्षेत्र व मुख्य बाजार में जल संस्थान के अधिकारियों की अनेदखी से हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। एक माह भर से पाइप लाइन कई जगहों पर लीकेज हैं। चकलुवा मुख्य बाजार में दुकानों में लीकेज का पानी घुस रहा है। बाजार सहित आसपास की जगहों पर पानी की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दुकानदार कुकु पांडे, मुन्ना बोरा, मदन सिंह बिष्ट, कपिल कन्याल, दिनेश देउपा ने बताया कि शिकायत के बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जल संस्थान के एई हरीश पंत ने बताया कि जल्द ही लीकेज को बंद कराया जाएगा।

# लेबर कोड और निजीकरण के खिलाफ गरजे संगठन

## केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल के तहत बुध पार्क में किया धरना-प्रदर्शन, एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी



बुद्ध पार्क में विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते विभिन्न संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में तिकोनिया स्थित बुधपार्क में सैकड़ों की संख्या में ट्रेड यूनियन और जन संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन और जनसभा का आयोजन किया। भारी बारिश के बावजूद सभा जारी रही और लोग डटे रहे। हड़ताल में ऐक्टू, बीमा कर्मचारी संघ, उत्तराखण्ड बैंक इंप्लॉइज यूनियन, आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, अखिल भारतीय किसान महासभा, बीएसएनएल ठेका मजदूर यूनियन, भाकपा माले, जनवादी लोक मंच व पेंशनर्स कर्मचारी संघ सहित कई संगठन शामिल रहे।

वक्ताओं ने कहा कि यह हड़ताल सरकार की ओर से लाए गए मजदूर-विरोधी लेबर कोड, निजीकरण और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ है, जोकि मजदूरों और आम जनता के अधिकारों पर हमला करती हैं। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि, तीसरे कार्यकाल में भाजपा सरकार जिस तरह तेजी से बैंक, बीमा, रेलवे समेत रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के निजीकरण और सामाजिक-आर्थिक अधिकारों पर हमले को आगे बढ़ा रही है, वह बहुत ही चिंताजनक है। सभा में यह भी स्पष्ट किया गया कि यह हड़ताल सिर्फ यूनियनों की नहीं, बल्कि किसानों, खेत मजदूरों और आम नागरिकों की भी आवाज है। आरोप लगाया कि सरकार जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठा रहे लोगों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। सभा के बाद आशा वर्कर्स यूनियन और भोजनमाता संगठन ने वेतन, पेंशन, सुरक्षा और सम्मान की मांगों से जुड़ा ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।

हड़ताल में ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री केके बोरा, बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उत्तराखंड बैंक इंप्लॉइज यूनियन के जिला सचिव योगेश पंत, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महासचिव रजनी जोशी, किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे, सनसेरा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष दीपक कांडपाल, बीएसएनएल ठेका मजदूर यूनियन के प्रांतीय उपसचिव ललतेश प्रसाद, प्रगतिशील महिला एकता मंच की अध्यक्ष बिंदु गुप्ता, पछास के महेश, एमआर एसोसिएशन के उमेश, पूर्व कर्मचारी नेता यतीश पंत, जनवादी लोक मंच के मनोज पांडे, ट्रेड यूनियन नेता किशन बघरी, जनमैत्री संगठन के बची सिंह बिष्ट, किसान महासभा बागजाला के पंकज चौहान आदि मौजूद थे।

### हड़ताल की मुख्य मांगें

- श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी संशोधन करते हुए सरकार की ओर से लागू किए गए चार लेबर कोड वापस लिया जाए।
- आशा, भोजनमाता, आंगनबाड़ी जैसी स्कीम वर्कर्स को वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान दिया जाए।
- कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू किया जाए।
- सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद किया जाए।
- सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने वाले लोगों का दमन बंद किया जाए।
- बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर है। सरकार रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस योजना नहीं ला पाई है। महंगाई और बेरोजगारी पर रोक लगाई जाए।
- किसानों की समस्याओं की दूर करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, ऋणमाफी और लागत आधारित मूल्य निर्धारण की मांगें पूरी की जाए।

### मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल :** राज्य सरकार की नीतियों और मांगों को लेकर उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा कार्यकर्त्ताओं ने बुधवार को गांधी चौक में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं ने तल्लीताल से जिलाधिकारी कार्यालय तक जलूस भी निकाला। बाद में ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में आशा कार्यकर्त्ताओं को न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्त आशाओं के लिए अनिवार्य पेंशन योजना लागू करने, प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500 रुपये का भुगतान करने, प्रत्येक अस्पताल में आशा घर का निर्माण करने, अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पदों भरने की मांग की गई। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि आशाओं की सभी मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तावित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुईं, तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दुर्गा टम्टा, चंद्रा सती, गंगा, मीना बिष्ट, ममता देवी, सरिता बिष्ट, माया बिष्ट, लीला पांडे, कमला बिष्ट, सुमन बिष्ट, गंगा भंडारी, हेमा सुयाल, बसंती रौतेला, उमा समेत बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# भोजनमाता संगठन ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी



नैनीताल में मांगों को लेकर रैली निकालतीं भोजनमाताएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने मंगलवार को नैनीताल के मल्लीताल में प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए भोजनमाताओं ने माल रोड होते हुए कमिश्नरी तक रैली निकाली। बाद में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजा गया।

भोजनमाता संगठन की जिलाध्यक्ष तुलसी देवी ने कहा कि पिछले 19-20 वर्षों से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत सेवा दे रहे हैं। भोजनमाताओं को केवल 3 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय मिलता है, जो अत्यंत कम है। साथ ही उन्हें 12 माह का मानदेय, छुट्टियां, पेंशन, ईएसआई, पीएफ और प्रसूति अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। उन्होंने शिक्षा सचिव द्वारा केंद्र को भेजे गए 5 हजार रुपये मानदेय प्रस्ताव को तुरंत लागू करने की मांग की। कहा कि उन्हें न्यूनतम वेतन, स्थायी नियुक्ति और विद्यालयों के विलय या बच्चों की संख्या कम होने पर भोजनमाताओं की सेवा समाप्त न किया जाएं। प्रदर्शन में राधा, दीपा, हेमा, अनीता, सरिता, लक्ष्मी, हंसी, विमला, सालनी, विद्या, सकीना, सविना, पुष्पा, नंदी समेत कई भोजनमाताएं शामिल रहीं।

# भूमि क्रय से पहले जुटाएं तहसील से सही जानकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


दीपक रावत।

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने लैंड फ्रॉड पर शिकंजा कसने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यदि आमजन भूमि क्रय करने से पूर्व तहसील में आवेदन कर जमीन की जानकारी लेना चाहे तो उसकी वास्तविक स्थिति बताई जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को इसका प्रचार-प्रसार के लिए कहा है ताकि जनता भी जागरूक हो सके।

आयुक्त रावत ने बताया कि लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक जितने प्रकरण सामने आए थे, जिनमें जमीन के एक बार बेचे जाने के बाद फिर से बेचा गया है। इसी तरह विक्रेता रजिस्ट्री में जिस खसरा नंबर को लिखता है, लेकिन क्रेता को उक्त खसरा पर कब्जा नहीं देकर अन्य खसरा पर दिया जा रहा है। इसी प्रकार खाते में विक्रेता का अंश समाप्त होने के बाद भी भूमि का सौदा किया जा रहा है। विक्रेता के अंश से अधिक भूमि का सौदा होने पर धोखाधड़ी होती है। इन वजहों से लैंड फ्रॉड के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कहा कि समस्या से समाधान के लिए फैसला लिया गया कि जो भी आमजन भूमि क्रय कर रहा है और वह भूमि क्रय करने से पूर्व संबंधित तहसील में भूमि की वास्तविक स्थिति जानने के लिए आवेदन करता है तो उसकी वर्तमान स्थिति बताई जाए।

## भोजनमाताओं ने किया कार्य बहिष्कार

**रामनगर :** प्रगतिशील भोजन माता संगठन के नेतृत्व में भोजन माताओं ने भी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल में भागीदारी की। इस दौरान नगर में जुलूस निकालकर मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द करने, ठेका प्रथा खत्म करने, भोजन माताओं को स्थायी करने और उनके लिये ईएसआई, पीएफ व पेंशन जैसी सुविधाएं देने की मांग की गई। खंड शिक्षा अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया। जुलूस प्रदर्शन में संगठन की प्रदेश अध्यक्ष शारदा देवी के नेतृत्व में मंजू देवी, ममता देवी, आशा, कमलेश, देवकी, चंपा देवी, बिमला देवी, नंदी देवी, हंसी देवी, शोभा पांडे, सुनीता देवी, मंजू पांडे आदि ने भागीदारी की। इस दौरान प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रामनगर प्रभारी तुलसी छिंवाल आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर : हमले से पहले मुठभेड़, तीन आतंकी गिरफ्तार

**मॉक ड्रिल**

- काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस थी आतंकियों के निशाने पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल करते जवान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले जैसे हालात पैदा कर जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन अधिकारी, स्थानीय पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, बम निष्क्रिय दस्ते, एंटी टेरर स्क्वाड, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, चिकित्सा विभाग सहित अन्य टीमों ने अपनी क्षमताओं को परखा। बीडीएस टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, 108 एम्बुलेंस एवं जिला आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों ने भी इसमें शामिल हुईं। मॉक ड्रिल की परिकल्पना के अनुसार काठगोदाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक ने सूचना दी कि तीन आतंकी स्टेशन में घुस गए हैं और वह दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में हमला करने की योजना बना रहे हैं। स्टेशन की घेराबंदी के दौरान सुरक्षाबलों से आतंकियों को मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया। मॉक ड्रिल में एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, प्रभारी आपदा प्रबंधन अधिकारी कमल मेहरा, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सीओ नितिन लोहनी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप


नुमाइश के विरोध में धरने पर बैठे यूकेडी के कार्यकर्ता।

### नुमाइश के विरोध में यूकेडी ने दिया धरना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने बुधवार को एमबी इंटर कॉलेज में प्रदर्शनी के विरोध में यूकेडी के नेता व स्थानीय पार्षद रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। धरने में यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने नुमाइश नहीं लगने देंगे, गेट के आगे नुमाइश नहीं लगेगी- नहीं लगेगी, गुंडागर्दी नहीं चलेगी आदि नारे लगाए। पार्षद रवि वाल्मीकि ने चेतावनी दी कि अगर जनता की आवाज को नहीं सुना गया तो वह आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। यूकेडी के नेता सुशील उनियाल ने कहा कि नवाबी रोड, जगदंबा नगर, कैनाल रोड क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वे नुमाइश प्रदर्शनी के विरोध में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस दौरान काजल खत्री, भुवन सिंह बिष्ट, हरीश जोशी, किरण गोस्वामी, भावना मेहरा, नंदी, कंचन जोशी, हेमा सती, पूजा सती, प्रेम बोरा, भावना शर्मा, गुंजन, प्रेम वाल्मीकि, अभिजीत, निशांत कर्नाटक, पंकज जोशी, विशाल कुमार रिंकू रजवार आदि मौजूद रहे।


आईवीआरआई मुक्तेश्वर में पौधरोपण करते लोग।

### आईवीआरआई मुक्तेश्वर और रोटरी क्लब ने लगाए पौधे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), मुक्तेश्वर और रोटरी क्लब मुक्तेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। शिविर का उद्घाटन संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. वाईपीएस मालिक ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और रोटरी क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 50 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से देवदार के पौधे शामिल रहे। रोटेरियन डॉ. पुतान सिंह, रोटेरियन केएस खेड़ा सहित अन्य सदस्यों ने प्रतिभागियों को पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितीश सिंह खड़ायत, डॉ. निधि शर्मा व आशुतोष फुलारा ने संयुक्त रूप से किया।


एमबीपीजी कॉलेज से शुरू हुई मैराथन में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

### अभाविप के स्थापना दिवस पर मैराथन का हुआ आयोजन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वें स्थापना दिवस पर हल्द्वानी इकाई की ओर से बुधवार को मैराथन "रन अगेंस्ट ड्रग" का आयोजन किया गया। मैराथन की शुरुआत एमबीपीजी कॉलेज से डिगर फर्सवान ने झंडा दिखा कर की। दौड़ में छात्रों में लोकेश प्रथम और दीपक खनवाल द्वितीय, जबकि छात्राओं में पायल प्रथम और दीपिका द्वितीय रही। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिप्रा बसेरा ने अभाविप के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को इसके बारे में जानकारी दी। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री कैलाश, जिला संगठन मंत्री संतोष, छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, जिला संयोजक धीरज आदि मौजूद रहे।

### दून में ट्रेनिंग लेंगे 3000 विवेचक, विज्ञान से करेंगे जांच

**हल्द्वानी :** कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के 3000 विवेचकों को देहरादून में ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग सत्र में उन्हें विज्ञान के जरिये जांच के तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा विवेचनाओं की मॉनीटरिंग के लिए अब एडिशनल एसपी और सीओ जिम्मेदार होंगे। ऐसे तमाम मसलों को लेकर बुधवार को डीजीपी दीपम सेठ से सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये निर्देशित किया। समीक्षा करते हुए डीजीपी ने अधिकतर अपराधों के लिए पुलिस मुख्यालय ने सरल और अपराध आधारित एसओपी तैयार की हैं, जिन्हें नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप अद्यतन किया जाना जरूरी है। विवेचना सही और निष्पक्ष हो इसके लिए इन्वेस्टिगेशन प्लान, वैज्ञानिक साक्ष्य, वीडियोग्राफी और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का होना आवश्यक है। विवेचनाओं का प्रभावी पर्यवेक्षण, कमियों की पहचान और समयबद्ध सुधार क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व जनपद स्तर पर किया जाए।

# सिटी मजिस्ट्रेट से मिले व्यापारी

संवाददाता, हल्द्वानी


मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान से मिला और उनको ट्रांसपोर्ट नगर की प्रमुख समस्याओं से अवगत करवाया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट और ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर की नालियां लगभग बंद पड़ी हैं। उन्होंने डेंगू और अन्य बीमारियां की रोकथाम के लिए सफाई करवाकर समस्या का निराकरण करने की मांग की है। बताया कि जलभराव की वजह से पानी के दुकानों के अंदर जाने के कारण व्यापारियों का सामान खराब हो जाता है, इसका समाधान किया जाए। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर और बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। इस दौरान प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, राजेन्द्र फर्स्वाण, पूरन लाल साह, अरविंदर पाल सिंह, परमजीत सिंह, गगन दीप सिंह, विशाल जुनेजा, पंकज कुमार, नवीन कांडपाल, मिती गुजराल, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### कुछ अन्य प्रमुख मांगें

- ट्रांसपोर्ट नगर में सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाए।
- व्यापारियों और ग्राहक के सामान को चोरी होने से बचाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में कूड़ा बिनने वालों पर तत्काल पाबंदी लगाई जाय
- आमजन की सुविधा के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था जल संस्थान से करवाई जाए।
- ट्रांसपोर्ट कार्यालय में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए।

## रिश्तेदारों की वजह से विवाद, शादी के 14 साल बाद एफआईआर

**हल्द्वानी :** शादी के 14 साल बाद एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुखानी थानाक्षेत्र की रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी ससुराल में आएदिन रिश्तेदारों का आना रहता है, जो विवाद की मुख्य वजह है। इसी वजह से पति पिछले 14 साल से उसे पीटता आ रहा है और इसमें पति की मां, चचेरा भाई और चचेरे भाई की पत्नी भी शामिल है। आरोप यह भी है कि शादी के इतने सालों में उसे 15 सौ रुपये खर्चा भी नहीं दिया गया। उसे कई बार पीट कर घर से निकाला गया। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला अपराधों में प्रदेश शीर्ष पर: राहुल

संवाददाता, हल्द्वानी

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लगाए धामी सरकार पर आरोप

**अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने भाजपा सरकार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का चार साल का कार्यकाल विफलताओं का कार्यकाल है।

बुधवार को स्वराज आश्रम में हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सीएम धामी और भाजपा दावा कर रही है कि उनका चार साल का कार्यकाल बेहद की सफल रहा है, लेकिन जनता सच जानती है। कहा कि भाजपा के सांसद, विधायक और पदाधिकारी स्वयं सरकार की विफलताओं को उजागर कर रहे हैं। चार साल की नाकामियों, जनविरोधी नीतियों और देवभूमि की अस्मिता पर हमलों की लंबी सूची भाजपा सरकार के कार्यकाल की पोल खोलती है। कहा कि महिला अपराधों में उत्तराखंड शीर्ष पर पहुंच गया है। चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की रिकॉर्ड मौतें हुईं हैं। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें भी इसी कार्यकाल में हुईं हैं। यूसीसी (समान नागरिक संहिता) का सबसे पहला उल्लंघन भाजपा के पूर्व विधायक ने ही कर दिया। केदारनाथ धाम की मर्यादा भंग कर उसकी प्रतिकृति दिल्ली में बनवा दी गई। मंदिर से सोना चोरी होने की बात को दबा दिया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रकाश पांडे, जिला कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल व सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अब बारिश में बढ़ी चर्म रोग की समस्या

संवाददाता, हल्द्वानी

- इस मौसम में दाद-खाज के रोगियों की संख्या बढ़ी
- बेस अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे मरीज

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में दाद-खाज के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल यह है कि बेस अस्पताल की ओपीडी में रोजाना चर्म रोग की समस्या लेकर 70 से 90 मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि इनमें ज्यादातर रोगी दाद-खाज के हैं।

बारिश के मौसम में दाद एक आम समस्या है जो फंगल इंफेक्शन के कारण होती है। यह त्वचा पर गोल, पपड़ीदार धब्बे के रूप में दिखाई देता है और इसमें खुजली होती है। दाद, जिसे रिंगवर्म भी कहा जाता है, एक फंगल संक्रमण है जो गर्म और नम वातावरण में पनपता है। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवरों से, या दूषित वस्तुओं जैसे तौलिये, कंघी, या कपड़े के माध्यम से फैल सकता है। बारिश के मौसम में नमी और पसीने के कारण दाद का संक्रमण आसानी से फैलता है। इसके लक्षण त्वचा पर गोल, पपड़ीदार, लाल या गुलाबी धब्बे होना है। बेस अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष मेरिया ने बताया कि बारिश में इस समस्या के बढ़ने से ओपीडी में रोजाना इसके मरीज आ रहे हैं। कहा कि इससे बचने के लिए साफ-सफाई रखना जरूरी है।

## टीपीनगर में निर्वस्त्र मिला सेना का मेजर

**हल्द्वानी :** अपने विदेशी दोस्त के साथ राजस्थान के कोटा से हल्द्वानी घूमने आया सेना का मेजर पुलिस को निर्वस्त्र हालत में घूमता मिला। पूछताछ में वह पुलिस को कुछ नहीं बता सका। सैन्य कर्मी, मेजर को अपने साथ ले गए हैं। कोटा में तैनात एक सैन्य अफसर अपने संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले दोस्त के साथ पहले तो ऋषिकेश घूमने गए। यहां से वह कैंची धाम के लिए निकले, लेकिन किसी संदिग्ध परिस्थितियों में दोनों बिछड़ गए। इसी बीच 112 पर पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति टीपीनगर क्षेत्र में निर्वस्त्र घूम रहा है, जिसे थाने लगाया गया। वह सेना में मेजर पद पर है और कोटा में तैनात है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि सैन्य अफसर को सेना पुलिस के हवाले कर दियाहै।

# दमुवाढूंगा वासियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


एसडीएम को ज्ञापन देते ढमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति के क्षेत्रवासियो ने एसडीएम राहुल साह को ज्ञापन सौंप कर कहा कि परगना अधिकारी के बीती 19 मई 2025 के आदेश जिसमें उन्होंने कहा कि दमुवाढूंगा को वर्ष 2016 में राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। इसमें भूअभिलेख संक्रिया शुरू होने से नक्शा खसरा तैयार नहीं होने से कतिपय व्यक्ति लगातार भूखंडों पर अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं।

इसी के साथ ही स्टाम्प पेपर भी क्रय-विक्रय संज्ञान में आया है। इसके मद्देनजर दमुवाढूंगा बंदोबस्ती गांव में राजकीय भूमि को चिन्हित कर सूची बनाने व कब्जा लेने के लिए नौ सदस्यीय कमेटी के गठन पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि शासन ने 16 दिसंबर 2016 को दमुवाढूंगा को राजस्व ग्राम घोषित कर अवैध कबजेदारों को जमींदारी विनाश उन्मूलन अधिनियम की धारा 131 से असंक्रमण्यीय अधिकार वाला भूमिधर घोषित किया। वर्तमान में दमवाढुंगा के निवासियों को भूस्वामित्व संबंधी विधिक प्रक्रिया शासन स्तर पर विचाराधीन है। जब तक शासन कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाती तब तक एसडीएम का 19 मई का आदेश निरस्त किया जाए।इस दौरान कैलाश चंद, कृष्ण कुमार, महेशानंद, हरीश लाल वैध, चंदन बिष्ट आदि थे।

## एक नजर

### आपसी विवाद में मारपीट घटना में दो लोग घायल

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दो लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्राम रेंहटा में मंगलवार की देर रात किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें बात बढ़ी तो गाली-गलौज व हाथापाई शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल निकले। घटना में प्रकाश सिंह पुत्र बीरवल सिंह व रजनी देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह घायल हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### मार्ग दुर्घटना में दंपती समेत तीन घायल

**काशीपुर :** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। हेमपुर निवासी मुकेश अपनी पत्नी रेनू के साथ बाइक पर सवार हो जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे दोनों घायल हो गए। ग्राम बसई निवासी नीरज भी मार्ग दुर्घटना में चोटिल हो गया। सभी को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

# नामांकन निरस्त होने पर भड़कीं पूर्व प्रधान प्रभाती, लगाया जाम

## पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए जबरन सड़क से हटाया और कई समर्थकों को लिया हिरासत में, सड़क पर लगा जाम, दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी




संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** ग्राम सभा अरविंद नगर से प्रधान पद की प्रत्याशी व पूर्व ग्राम प्रधान प्रभाती बसु का नामांकन बुधवार को रिटर्निंग अधिकारी ने निरस्त कर दिया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई।

बताया जा रहा है कि प्रभाती बसु के खिलाफ दाखिल आपत्ति की सुनवाई के लिए बुधवार को तय समय पर बुलाया गया था, लेकिन वह निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। इस पर रिटर्निंग अधिकारी ने नियमानुसार उनका पर्चा खारिज कर दिया। पर्चा निरस्त होने की जानकारी मिलते ही प्रभाती बसु भड़क उठीं और अपने समर्थकों के साथ सिडकुल मार्ग पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इससे औद्योगिक क्षेत्र की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी दीपक कौशिक मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की, लेकिन हंगामा बढ़ता देख एसएसआई विक्रम सिंह धामी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और सख्ती दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया। पुलिस ने जाम कर रहे कई लोगों को हिरासत में लिया और करीब 15 मिनट बाद मार्ग को सुचारु कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है और समर्थकों के बीच रोष का माहौल देखा जा रहा है।


सितारगंज में पूर्व प्रधान का नामांकन पत्र निरस्त होने पर जाम लगाकर विरोध जता रहे समर्थकों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार


गदरपुर में विकासखंड परिसर में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

# पर्चे खारिज होने पर हंगामा, कांग्रेस नेता ने जताया विरोध

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** स्वीकृति रसीद मिलने के बाद पर्चे पर आपत्ति लगने की सूचना से खंड विकास कार्यालय गदरपुर में हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेन्द्र पाल सिंह अधिकारियों पर सत्ता पक्ष के दबाव में प्रत्याशियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार 18 गिरधरनगर क्षेत्र पंचायत चुनाव को लेकर संजय सैनी व अंशु गुप्ता ने नामांकन पत्र भरा था। जिसकी जांच उपरांत स्वीकृति की रसीद भी प्रत्याशी को दे दी गई थी। परन्तु प्रत्याशी को स्वीकृति रसीद देने के कुछ घंटों के अंदर ही ब्लॉक से फोन आने लगे और बताया गया कि प्रत्याशी के पर्चे पर आपत्ति लगी हुई है। जिसकी सुनवाई के लिए अलग-अलग समय दिया गया है। वहीं प्रत्याशी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि आरओ के कार्यालय के बाहर एक पत्र लगाया गया है जिसमें स्वीकृति रसीद प्राप्त होने के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होने की बात कही गई है। फिर जब उन्हें स्वीकृति रसीद मिल चुकी है तो उसके बाद आपत्ति कैसे और क्यों स्वीकार की गई। प्रत्याशी ने चुनाव अधिकारियों और ब्लॉक के अधिकारियों पर दबाब बनाने और स्वीकृति के पश्चात आपत्ति लेने का आरोप लगाया है। मामले में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह आरओ से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने सत्ता के दबाव में प्रत्याशियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों का उत्पीड़न किया तो कांग्रेस विरोध करेगी।

### कोर्ट की शरण लेंगे चुनाव से बाहर हुए संजय व राजीव

**गदरपुर :** पंचायत चुनाव में हॉट सीट बना गिरधर नगर से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल करने से लेकर स्वीकृति प्रदान होने के बाद उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। चुनाव अधिकारी ने संजय सैनी और राजीव सैनी के नामांकन पत्र को खारिज कर उन्हें चुनावी रण से तो बाहर कर दिया लेकिन दोनों ही प्रत्याशी अपने-अपने वकीलों के माध्यम से न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में है। अब देखना यह होगा कि यह चुनावी ऊंट किस ओर करवट लेकर बैठता है यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26**
**CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted**

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

**ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

**BIU COLLEGE OF MANAGEMENT**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# 60 सेक्टर, जोनल व 1140 मतदान कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

- मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रथम सैद्धांतिक-व्यावहारिक प्रशिक्षण
- बोले डीएम-निर्वाचन में मतदान कार्मिकों की महत्वपूर्ण भूमिका

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए गांधी हॉल पंतनगर में दो पालियों में 60 सेक्टर, जोनल व 1140 मतदान कार्मिकों को प्रथम सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर नरेश दुर्गापाल, हरीश दनाई व संजीव बुधौरी ने दिया।

बुधवार को प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि मतदान निर्वाचन का महत्वपूर्ण चरण होता है। जिसमें मतदान कार्मिकों की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सभी मतदान अधिकारी अच्छी तरह व गहनता से प्रशिक्षण लें व टीम भावना से कार्य करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराएं। मास्टर ट्रेनर नरेश चंद्र दुर्गापाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि मतदान स्थल पर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराना पीठासीन व मतदान अधिकारियों का दायित्व है। मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों को प्रदत्त अधिकारों एवं उनके कर्तव्यों का उल्लेख पीठासीन हस्तपुस्तिका में विस्तार से दिया गया है। इसलिए पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें व दिए जा रहें प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए गहनता से लें, जो भी शंका हो उसका समाधान प्रशिक्षण में ही कर लें। ताकि मतदान के दौरान किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी प्रशिक्षण सुशील मोहन डोभाल ने कहा सभी मतदान अधिकारी अपने-अपने दायित्व को निर्वाहन करेंगे व समन्वय स्थापित करते हुए निष्पक्ष व पारदर्शिता से मतदान करेंगे। मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यों को अंजाम दें। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। उन्होने कहा कि मतपेटियों को खोलने व बंद करने का प्रशिक्षण गहनता से लें। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद थे।


रुद्रपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार


खटीमा में जिपंस. पद प्रत्याशी सूरज धामी के पक्ष में जनसंपर्क करते पालिकाध्यक्ष।

### जिपंस प्रत्याशी सूरज के लिए किया जनसंपर्क

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत सदस्य पद के भाजपा प्रत्याशी सूरज सिंह धामी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिला पंचायत सीट नगला तराई के प्रभारी पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी सह प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह किन्ना ने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत नगरा, बगुलिया, झनकईया, सिसैया क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व नगर महामंत्री मनोज वाधवा, किशन सिंह धामी, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, विपिन शाही, विजय वर्मा, बलवंत शाही, रामा आसरे, मुद्रिका प्रसाद, सरोज देवी, नमिता, सीमा, सत्तन, शंभू विश्वाश, शकुंतला देवी आदि थे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण

- 05944-250250, 250719, 250500, 250222 व टोल फ्री नंबर की दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल संचालन के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में त्रिस्तरीय पंचायत के लिए स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम, डाटा मैनेजमेंट सेल और शिकायत प्रकोष्ठ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में शिकायत पंजिका अद्यतन पाई गई। जिलाधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन से संबंधित निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाने वाली समस्त सूचनाओं को समय पर प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 05944-250250, 250719, 250500, 250222 व टोल फ्री नंबर 1077 के साथ ही मोबाइल नंबर 9412088410 है निर्वाचन व आपदा से संबंधित शिकायत व जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यहां एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सहायक नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम उमाशंकर नेगी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अपर सांख्यिकीय अधिकारी कमलेश कुमार, रोशन लाल, लेखराज सागर आदि उपस्थित थे।


निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**

मेरा पुत्र हरजीत सिंह मुझसे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के अकारण लड़ता-झगड़ता रहता है। परिवार में अपनी मनमर्जी करता रहता है। मैं अपने पुत्र के अशोभनीय कृत्य व्यवहार, गलत चाल-चलन से परेशान होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों एवं ले-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, इससे मेरा व मेरे परिवार को कोई वास्ता नहीं होगा। - **अवतार सिंह पुत्र श्री सन्ता सिंह, निवासी ग्राम बिधुईया, उप तहसील नानकमत्ता, तहसील सितारगंज, ऊधम सिंह नगर।**


# हर हाल में 14 तक ज्वाइन करें अधिकारी

- एक महिला अधिकारी ने चंपावत में किया ज्वाइन
- अधिकारियों को रिलीव नहीं करने पर भी हो सकती है कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां ऊधमसिंह नगर में तैनात दो अधिकारियों को स्थानांतरण आदेश को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। अपर निबंधक ने सख्त लहजे में कहा कि अगर अधिकारियों ने 14 जुलाई तक नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके अलावा जिला सहायक निबंधक ने भी अधिकारियों को रिलीव नहीं किया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

यहां बता दें कि 10 जून को सहकारी समितियां उत्तराखंड के अपर निबंधक आनंद एडी शुक्ल ने उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के तहत गठित विभागीय स्थानांतरण कमेटी की संस्तुति के आधार पर राज्य में कई अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इसमें जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां ऊधमसिंह नगर में तैनात सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 रुचि शुक्ला का स्थानांतरण जनहित में जिला सहायक निबंधक बागेश्वर जनपद में किया था। इसी तरह सहकारी निरीक्षक वर्ग-2 अपर्णा बल्दिया का स्थानांतरण जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां पिथौरागढ़ जनपद और राहमीन जहां का जिला सहायक निबंधक चंपावत किया गया था। वहीं सहकारी समितियां उत्तराखंड के अपर निबंधक के आदेश के 21 दिन बाद एक महिला अधिकारी राहमीन जहां ने चंपावत में ज्वाइन कर लिया है। जबकि रुचि शुक्ला और अपर्णा शुक्ला ने अभी तक ज्वाइन नहीं किया है। एक अधिकारी के नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने और दो के ज्वाइन नहीं करने से विभाग में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

> सहकारी समितियों में स्थानांतरण अधिनियम के तहत जिन अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण किये गये हैं उनके स्थानांतरण किसी भी हाल में रोके नहीं जाएंगे। 14 तक सभी अधिकारियों को स्थानांतरण आदेश का पालन करना होगा अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अगर जिला सहायक निबंधक ने भी अधिकारियों को रिलीव नहीं किया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-आनंद एडी शुक्ल**, अपर निबंधक, सहकारी समितियां, उत्तराखंड

### उधार के पैसे वापस मांगने पर की मारपीट, केस दर्ज

**काशीपुर :** भीम नगर, खरमासा कुंडेश्वरी निवासी 60 वर्षीय सिंगारा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जुलाई को वह अपने साथी यतेन्द्र सिंह के साथ सौरभ कुमार चड्ढा निवासी जसपुर खुर्द के घर अपनी उधार दी हुई रकम लेने जा रहे थे। आरोप है कि शाम करीब 8:45 बजे शिवालिक स्कूल के पास उन्हें सौरभ कुमार चड्ढा मिला तो उन्होंने उसके भाई विनोद कुमार द्वारा उससे उधार लिए गए 12 लाख रुपये के विषय में बात की, तो सौरभ, उसके जीजा कुलदीप और दो अन्य अज्ञात व्यक्ति उसके मारपीट करने लगे। आरोप है कि सौरभ व उसके जीजा कुलदीप ने सड़क पर पड़े लोहे के रॉड से उसपर कई वार किए। जिससे उसके सिर के बाई तरफ और दाहिने हाथ पर गंभीर चोटें आई है। उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि बीते दिन आरोपी सौरभ कुमार चड्ढा ने कोतवाली में अपने भाई विनोद कुमार की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।

## एक नजर

### तीन किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने स्कूटी से 3.128 किलोग्राम गांजा ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसकी स्कूटी भी जब्त कर ली है। कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान रम्पुरा क्षेत्र से मंजीत सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा के पास से 3.128 किग्रा गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसकी स्कूटी जब्त कर ली है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा, उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक सौरभ कुमार भारती, कंचन पडलिया, देवेन्द्र सामंत, हेड कांस्टेबल पीयूष भट्ट, कांस्टेबल किशोर फर्त्याल, कांस्टेबल दर्शन सिंह, महिला कांस्टेबल वंदना शामिल थे।

### कच्ची शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी सरकंडा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, जब मैनाझुण्डी से खुनसरा मार्ग पर आम के बाग के पास एक युवक को 28 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। युवक की पहचान रजविन्दर सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी प्रतापपुर नंबर 4, खमरिया, थाना नानकमत्ता के रूप में हुई है। वहीं सिसौना चौकी पुलिस बंदरिया चौक से फायर स्टेशन को जाने वाली कच्ची सड़क पर गुरमेज सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बिचुवा, हाल निवासी पहाड़ी उकरौली, थाना सितारगंज के पास से 35 पाउच शराब बरामद की है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज :** अपर उप निरीक्षक राकेश सिंह रौकली व कांस्टेबल चन्द्र प्रकाश की टीम ने चेकिंग के दौरान शिवम कुमार पुत्र सुन्दर लाल निवासी वार्ड नंबर 6 केशवनगर, सितारगंज के पास से रामपुरी चाकू बरामद हुआ पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह नशा करता है और कभी-कभी छोटी-मोटी चोरी करता है, चाकू उसने डराने के लिए रखा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही की जा रही है।

### 35 लीटर कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

**बाजपुर :** बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने ग्राम गोबरा दाबका पार निवासी जगदीश पुत्र जोगिंदर सिंह को 35 लीटर कच्ची शराब के साथ गऊ घाट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा-60 एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया, जिसे कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी एसआई कविंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनोज करायत शामिल रहे।

## कार्यदायी संस्था को दिए दिसंबर माह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश, 609.86 लाख की लागत से हो रहा निर्माण

# डीएम ने निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कोषागार के निकट संस्कृति विभाग का 609.86 लाख की लागत से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था पेयजल निगम के अभियंता को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाते हुए आगामी दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता पेयजल निगम ने जिलाधिकारी को बताया कि भूतल में ऑडिटोरियम में मंच के साथ ही 250 सीट क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है,



बुधवार को निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

जिसमें 4 कक्ष, 2 शौचालय, 1 वीआईपी कक्ष, 1 कार्यालय कक्ष बनाये जा रहे हैं। प्रथम तल में 4 कक्ष व 2 शौचालय बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम का फिनिसिंग कार्य गतिमान है। दिसंबर माह तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम पोर्च को ठीक करने व छत व शौचालयों के डाउन पाइपों को दीवारों के भीतर करने के निर्देश दिए। ताकि बाहर दिखाई न दे। साथ ही उन्होंने ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक पेंटिंग, होर्डिंग्स लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी व जिला पर्यटन अधिकारी को नियमित ऑडिटोरियम के कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, सहायक अभियंता पेयजल निगम बीसी जोशी व अवर अभियंता आदि मौजूद थे।

# प्रधानाचार्य का मोबाइल हैक कर की एक लाख की ठगी

- अश्लील चित्र भी वायरल करने का लगाया आरोप
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रिटायर्ड शिक्षक एवं इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य से एक लाख की साइबर ठगी होने और व्यक्तिगत ग्रुपों में अश्लील चित्र एवं सामग्री वायरल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रिटायर्ड शिक्षक एनएल गंगवार ने बताया कि वह शिक्षा विभाग से 40 वर्ष की निर्विवाद सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुआ है और राज्यपाल पुरस्कार भी मिला है। वर्तमान में वह भूरारानी स्थित भंजूराम अमर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बताया कि 17 जून को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल हैक कर कई समूह व लोक सेवा आयोग परीक्षा समूह में अश्लील चित्र प्रसारित कर दिया। 18 जून की शाम को खाते से तीन बार एक लाख रुपये का आहरण भी हुआ। अश्लील चित्र प्रसारित होने और एक लाख रुपये का आहरण होने के बाद वह मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं। साथ ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत छवि को धूमिल करने की कोशिश की। प्रधानाचार्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आशा कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर बारिश के बीच किया प्रदर्शन

## गांधी पार्क में धरना देकर उठाए कई मुद्दे, आशा कार्यकत्रियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने और न्यूनतम वेतनमान घोषित किए जाने का मुद्दा उठाते हुए आशा कार्यकत्रियों ने गांधी पार्क में बारिश के बीच धरना प्रदर्शन किया और जुलूस निकालकर सीएमओ कार्यालय पहुंची। जहां सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही मांगे पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगी।

बुधवार को प्रांतीय स्तर की आशा कार्यकत्रियां गांधी पार्क में एकत्रित हुई और धरना प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान आक्रोशित आशा कार्यकत्रियों ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने कार्यकत्रियों के साथ वादाखिलाफी की है। जिलाध्यक्ष ममता पानू, अनिता अन्ना और ललित मटियाली ने कहा कि पिछले कई वर्षों से आशा गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य सेवाएं कर रही है। साथ ही सरकार की स्वास्थ्य योजना की रीढ़ बन




रुद्रपुर में बुधवार को मांगों को लेकर गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

**यह उठाई मांग**

- आशाओं को न्यूनतम वेतन दिया जाए।
- सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।
- सेवानिवृत्त होने पर सभी आशाओं को अनिवार्य पेंशन दी जाए।
- आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे हर माह दिया जाए।
- आशाओं को ट्रेनिंग के दौरान प्रति दिन पांच सौ रुपए का भुगतान किया जाए।
- सरकारी अस्पतालों को आशाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।
- सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के खाली पदों को तत्काल भरा जाए।

चुकी है। बावजूद प्रदेश सरकार आशा कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने से कतरा रही है और न्यूनतम वेतनमान भी लागू नहीं कर रही है। जिस कारण आशा उपेक्षित महसूस कर रही है। आरोप था कि बार-बार प्रदेश सरकार आश्वासन देकर पीछे हट जाती है, जबकि सैकड़ों आशाओं की आर्थिक स्थिति दयनीय है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बबीता कश्यप, आशा मिस्त्री, अन्नू कौर, रविंद्र कौर, सतपाल कौर, शशिबाला, संतोष देवी सहित सैकड़ों आशा वर्कर्स, ऐक्टू के नगर अध्यक्ष उत्तम दास, आइसा नेता धीरज कुमार, विजय शर्मा, रंजन विश्वास, अखिलेश सिंह आदि एक्टू कार्यकर्ता उपस्थित थे।



काशीपुर में बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे बैंक कर्मी

- सरकार पर कर्मचारियों का अहित करने का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण बैंकों द्वारा एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की गई।

बुधवार को उत्तराचंल बैंक एम्प्लॉई यूनियन के बैनर तले बाजपुर रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा पर सभा का आयोजन किया गया। यूनियन के सहायक महामंत्री स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि भारत सरकार कर्मचारियों का अहित कर रही है। स्थायी नियुक्ति बंद हैं। बैंकों में ग्राहकों से लिए जा रहा सेवा शुल्क कम किया जाए। यूनियन के अधिकारों में हस्तक्षेप बंद किया जाए। यहां पर ललित कुमार तिवारी, सत्यपाल शर्मा, अर्पित सिंह आदि मौजूद रहे। उधर हड़ताल के समर्थन में इंकलाबी मजदूर केंद्र, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र व भोजन माता संगठन ने मोदी सरकार का महाराणा प्रताप चौराहे पर पुतला फूंका। पुतला फूंकने से पूर्व पंत पार्क में सभा की गयी। मांग की गई कि पूंजीपतियों के हित में लागू किए जा रहे चार लेबर कोड रद्द करें। इसके अलावा देश के अंदर ठेका प्रथा खत्म कर मजदूरों और कर्मचारियों को स्थायी करें।

# बंद घर में मिला महिला का सड़ा-गला शव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक घर में महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पिता और भाईयों की मौत के बाद से महिला पिछले कई सालों से घर में अकेली रह रही थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आवास विकास की कृष्ण नगर कॉलोनी में रेलवे में कार्यरत बाले राम नामक एक व्यक्ति का मकान है। मकान में एक बेटी व दो बेटे रहा करते थे। कॉलोनी वासियों ने बताया कि बाले राम रेलवे से लगभग 10-15 वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। बाद में उनकी मौत हो गई। परिवार में दो बेटे व एक बेटी पार्वती रह रहे थे। बताया जा रहा है कि उनके तीनों बच्चे अविवाहित थे। दोनों बेटों की बीते वर्षों में मौत हो चुकी है। परिवार में अकेली पार्वती ही थी, जो इसी मकान में रह रही थी। कॉलोनी वासियों ने बताया महिला कॉलोनी में किसी से वास्ता नहीं रखती थीं। बीते मंगलवार को घर के पास से बदबू आने पर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर एसएसआई अनिल जोशी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचें। पुलिस ने जब दरवाजा खोला तो पार्वती का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। शव लगभग 8 से 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नई श्रमिक संहिताएं लागू हुईं तो होगा श्रमिकों का उत्पीड़न

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने मजदूर विरोधी 4 श्रमिक संहिताओं के खिलाफ धरना व सभा का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुराने 44 श्रम कानून खत्म कर दिए गए हैं। लॉक डाउन में बिना संसद में बहस किये 4 नई श्रमिक संहिताएं बना दी हैं। अगर ये श्रम संहिताएं लागू हो जाती है तो मजदूरों का उत्पीड़न, शोषण करने का कानूनी हक फैक्ट्री मालिकों को मिल जाएगा।

बुधवार को गल्ला मंडी रुद्रपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मजदूरों से 8 घंटे के बजाए 12 घंटे काम कराया जाएगा। इन श्रम संहिताओं




गल्ला मंडी में सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

के खिलाफ पूरे देश में आज 25 करोड़ कर्मचारी, श्रमिक हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि आज हर चीज को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण गरीबों के लिए शिक्षा पाने वाले सरकारी स्कूल को क्लस्टर स्कूल के नाम पर बंद करने का है। वक्ताओं ने कहा उनकी मांग है कि 4 श्रम संहिताएं वापस ली जाएं, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए, सिडकुल सहित तमाम उद्योगों व संस्थानों में श्रमिक उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए, महिला स्कीम वर्करों जैसे आशा, आंगनबाड़ी, भोजनमाता को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

यदि मोदी सरकार 4 श्रम संहिताओं को लागू करती है तो मजदूर वर्ग बड़ा जन आंदोलन भाजपा सरकार के खिलाफ करेगा। इस अवसर पर मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, मुकुल, कैलाश भट्ट, राजेंद्र सिंह, इंटक के जनार्दन सिंह, एक्टू के ललित मटियाली, किसान सभा के जागीर सिंह, नेस्ले कर्मचारी संघ के संजय नेगी, सौरभ, निरंजन लाल, प्रकाश बोरा, धीरज जोशी, हीरा राठौर, जगदीश, राजू सिंह, सुरेंद्र रावत, आनंद, आनंद निशिकावा समेत कई श्रमिक नेता मौजूद रहे।

# फर्जी अभिलेखों पर बना जाति प्रमाण पत्र 48 साल बाद निरस्त

- आरोपी के खिलाफ लेखपाल ने दर्ज कराया केस, काशीपुर के ठाकुरद्वारा का मामला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** फर्जी अभिलेखों के आधार पर ठाकुरद्वारा के एक व्यक्ति ने काशीपुर तहसील में जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया। 48 साल बाद तहसील प्रशासन ने उसका प्रमाण पत्र निरस्त किया है।

थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम फरीदनगर निवासी विजय पाल सिंह को वर्ष 1976 में तहसीलदार काशीपुर द्वारा खटीक अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था। यह प्रमाण पत्र 03 अगस्त 1976 को जारी हुआ। एक महिला ने उच्च न्यायालय नैनीताल में याचिका दायर कर विजय के प्रमाण पत्र को चुनौती दी। हाईकोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी ने प्रमाण पत्र की जांच की। जांच में प्रमाण पत्र को गलत तथ्यों पर आधारित पाते हुए 06 अक्टूबर 2023 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद विजय पाल सिंह द्वारा की गई अपील को भी राज्य स्तरीय कास्ट स्क्रूटनी कमेटी ने खारिज कर दिया। तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व उप निरीक्षक आशीष चौहान ने कोतवाली काशीपुर में आरोपी विजयपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है।

खुलासा

## भूपेंद्र ने हल्द्वानी के होम स्टे में किया था सुसाइड, घबराए होम स्टे स्वामी ने जंगल में फेंक दिया था शव

# हत्या नहीं, आत्महत्या निकला भूपेंद्र की मौत का राज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिवस पंतनगर इलाके के टांडा जंगल में मिली अज्ञात युवक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने मौत की गुत्थी को सुलझा लिया है। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी में अमन होम स्टे के मालिक ने बदनामी के डर से मृतक की होम स्टे के रजिस्टर में इंट्री नहीं की थी। आत्महत्या के बाद, होम स्टे स्वामी ने शव को ठिकाने लगाने की नीयत से उसे टांडा जंगल में फेंक दिया था।



भूपेंद्र सिंह (फाइल)।



दोबारा घटनास्थल का निरीक्षण करते एसएसपी। ● अमृत विचार

बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि टांडा जंगल में मिले युवक की शिनाख्त के बाद पंतनगर थाना पुलिस को मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया था। जांच में पता चला कि 30 वर्षीय भूपेंद्र सिंह चुफाल निवासी मूर्ति नापड़ थाना थल पिथौरागढ़ ने 6 जुलाई 2025 को हल्द्वानी स्थित पंजाबी कॉलोनी के अमन होम स्टे में कमरा लिया था और वहीं फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि अमन होम स्टे के मालिक अमनदीप पुत्र बलविंदर सिंह निवासी कालाढूंगी रोड पंजाबी कॉलोनी हल्द्वानी नैनीताल ने डर और बदनामी के कारण मृतक भूपेंद्र सिंह की अपने होम स्टे रजिस्टर में एंट्री नहीं की थी। भूपेंद्र की आत्महत्या के बाद, अमनदीप ने शव को ठिकाने लगाने की नीयत से उसे टांडा जंगल में फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अमनदीप के खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी ने बताया कि मुकदमे में साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है। ताकि घटना के हर बिंदु को स्पष्ट किया जा सके। यहां बता दें कि सोमवार की दोपहर को रुद्रपुर-हल्द्वानी हाईवे के टांडा जंगल स्थित डिमरी ब्लॉक-19 के बाईं तरफ हाईवे से 200 मीटर दूर एक युवक का शव चादर से ढका हुआ बरामद हुआ था। प्रारंभिक पड़ताल में ही पुलिस ने हत्याकांड मान लिया था। कारण मृतक की आंख के नीचे चोट के निशान और गले पर रस्सी का निशान बना हुआ था। इतना ही नहीं युवक की गला दबाकर मौत होने की पुष्टि पुलिस भी कर चुकी थी, लेकिन मृतक की शिनाख्त करना थाना पंतनगर पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

# 60 लाख रुपये हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

- उधार दी गई रकम के एवज में दिया चेक हुआ बाउंस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उधार ली गई रकम का फर्जी चेक थमाकर 60 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर, संधु फार्म निवासी अर्शदीप सिंह संधू ने बीएनएरा की धारा 175 (3) के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि 10 सदर बाजार, गणेश चौक रोहट, जिला पाली, राजस्थान निवासी निर्मल गोयल के साथ उसके घनिष्ठ संबंध थे। संबंधों का हवाला देकर निर्मल गोयल ने अपनी जरूरत बताते हुए उससे 65 लाख रुपये उधार मांगे। जिस पर उसने अपने व अपने पिता भूपेंद्र सिंह तथा छोटे भाई विश्वदीप के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 16 अप्रैल 2024 को 20 लाख रुपये और उसी दिन नकद घर पर रखे हुए 15 लाख व 29 अप्रैल 2024 को आठ लाख रुपये तथा अपने पिता भूपेंद्र सिंह के खाते से 20 लाख और अपने भाई विश्वदीप सिंह के खाते से दो लाख रुपये कुल 65 लाख रुपये उधार दिये थे। जिसमें से निर्मल गोयल ने उधार ली गई रकम में से पांच लाख रुपये वापस किये तथा 60 लाख रुपये का एक चेक दे दिया। जो बैंक में भुगतान के लिये लगाने पर बाउंस हो गया। निर्मल गोयल से संपर्क करने पर उसने भुगतान करने से साफ इंकार कर दिया और गाली गलौज की। बैंक से चेक बाउंस होने का कारण पूछने पर बताया गया कि निर्मल गोयल द्वारा जो चेक दिया गया है वह फर्जी है। उस खाते में चेक बुक ही जारी नहीं है और इस फर्जी चेक का भुगतान हो पाना संभव नहीं है। कहा कि जानबूझकर कर जालसाजी व धोखाधड़ी करने की नियत से रुपये हड़पने की नीयत से फर्जी चेक जारी कर आरोपी ने 60 लाख रुपये हड़प लिया है। कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# पड़ोसियों की मिलीभगत

चीन और पाकिस्तान का गठजोड़ भारत के लिए चिंता का कारण है। हालांकि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं। सैन्य दृष्टि से हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम दूसरे देशों को मेड-इन-इंडिया उपकरण भी निर्यात कर रहे हैं। हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये का था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने भारत के सुरक्षा हितों के लिए पाक-चीन-बांग्लादेश की मिलीभगत के खिलाफ चेताया। मंगलवार को सीडीएस चौहान ने कहा कि अपने-अपने हितों को लेकर चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एक-दूसरे के प्रति संभावित झुकाव, भारत की स्थिरता एवं सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत न सिर्फ अपने पड़ोसियों (चीन और पाकिस्तान) से ही चुनौती का सामना कर रहा है बल्कि तीव्र तकनीकी परिवर्तनों के सापेक्ष में सेना को आधुनिक बनाने की भी समस्या से जूझ रहा है। दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं। पिछले एक दशक में चीन और पाकिस्तान रक्षा साझेदारी काफ़ी गहरी हुई है। पिछले पांच साल में पाकिस्तान ने अपने लगभग 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से खरीदे हैं। हमें पारंपरिक युद्ध के साथ-साथ, साइबर युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध, और सूचना युद्ध जैसी नई चुनौतियों का सामना करना होगा। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ जारी सीमा विवाद है। हमारे दो पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। यह भी सच है कि तीव्र तकनीकी विकास ने रक्षा क्षेत्र को भी प्रभावित किया है। ऐसे में भारत की रणनीतिक स्थिति का फिर से मूल्यांकन करना जरूरी है।

भारत के रक्षा क्षेत्र में निर्यात में कुछ वृद्धि ज़रुर देखी गई है, लेकिन आयात की तुलना में यह अभी भी नगण्य ही बना हुआ है। हमें नए हथियारों, तकनीक और रणनीति की जरूरत है, साथ ही संगठन के स्तर पर भी बड़े बदलाव करने पड़ेंगे। चुनौती ये है कि हमें समय पर सही दिशा में सही कदम उठाने होंगे। भारत को पुराने और नए दोनों तरह के युद्धों के लिए तैयार रहना होगा। पारंपरिक अभियानों के विस्तार की अब भी गुंजाइश है। फिर भी उभरती हुई तकनीकें, जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, और हाइपरसोनिक मिसाइलें, सैन्य शक्ति को बदल सकती हैं और इन तकनीकों का मुकाबला करने के लिए भी तैयारी करनी होगी। आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए, सैन्य बलों को न केवल सैन्य अभियानों में, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने, सूचना युद्ध, और नागरिक सहयोग में भी कुशल होना होगा। सेना को चुनौतियों का मुकाबला करने को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहना चाहिए।

# ई-वोटिंग ने रच दिया इतिहास



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए ई-वोटिंग की जरूरत इसलिए है, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते।

देश में मतदान के प्रति अरुचि प्रत्येक चुनाव में देखने में आती रही है। रोगग्रस्त या अन्य लाचारों को तो छोड़िए, उच्च शिक्षित एवं सक्षम कुलीन वर्ग मतदान के प्रति सबसे ज्यादा उदासीन रहता है। वैसे तो निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिशत और सुविधा के मतदान के लिए अनेक प्रयोग करता रहा है, लेकिन अब बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय के उपचुनाव में पहली बार ई-वोटिंग का प्रयोग करके इतिहास रच दिया है। मोबाइल से मतदान की सुविधा उन लोगों के लिए वरदान साबित हुई, जो मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट देने से मजबूर थे। तमाम मतदाता गांव और राज्य से बाहर होने के कारण मतदान करने से वंचित रह जाते हैं। लेकिन मोबाइल से ई-मतदान की सुविधा के चलते बिहार के इस चुनाव में 80.60 प्रतिशत और उपचुनाव में 58.38 प्रतिशत मतदाताओं ने मोबाइल के जरिए मतदान किया।

ई-मतदान कराए जाने की प्रेरणा यूरोपीए देश एस्टोनिया से ली। चूंकि अब ई-वोटिंग का सफल प्रयोग हो चुका है, इसलिए भविष्य में इसकी मांग बढ़ेगी। जो गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, विकलांग, असाध्य रोगों से ग्रसित और अपने मतदान स्थल से दूर रहने वाले लोग मतदान से वंचित रह जाते थे, उन्हें लोकतंत्र के इस महायज्ञ में भागीदार बनने की आसान सुविधा मिल जाएगी। इस सुविधा से एक बड़ी समस्या का सामाधान बिना किसी अतिरिक्त खर्च के हो जाएगा। इससे मतदान की निजता भी प्रभावित नहीं होगी। इससे मतदान के प्रतिशत में आशातीत सुधार तो होगा ही, जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावनाएं न्यूनतम हो जाएंगी।

अब यह जरूरी लगता है कि जब पैसे के लेनदेन से लेकर अचल संपत्ति के हस्तांतरण के काम ऑनलाइन या डिजिटल प्रणालियों से हो रहे हैं तो फिर ई-मतदान को भी जरूरी बनाया जाए। बिहार के उपचुनाव में मोबाइल एप से ई-वोटिंग की प्रक्रिया प्रमाणित भी हो चुकी है। ई-वोटिंग को इसलिए भी अपनाया जाए, क्योंकि पूर्व से ही हमारे यहां पोस्टल वोटिंग का वैधानिक प्रावधान है। मतदान संपन्न कराने में जुटे कर्मचारी अपना




वोट पोस्टल वोटिंग के जरिए ही देते हैं। अब कोई राजनीतिक दल और नेता यह बहाना नहीं बना सकता है कि अभी इंटरनेट या बिजली की सुविधा दुर्गम क्षेत्रों में नहीं है। एक बार बिजली भले ही प्रत्येक ग्राम में न हो, लेकिन सौर ऊर्जा से बिजली और मोबाइल टॉवर गांव-गांव पहुंच गए हैं। इनके जरिए इंटरनेट की सुविधा हासिल कराई जा रही है। सौर जैसी वैकल्पिक ऊर्जा दूर-दराज के ग्रामों में बिजली उपलब्ध करा रही है। हालांकि मोबाइल से ई-वोटिंग को लेकर कुछ नेता अभी से संदेह जताने लगे हैं। उनका कहना है कि मोबाइल एप पर पंजीकरण में कठिनाई आएगी। गांव के प्रभावी लोग दबाव बनाकर पक्षपातपूर्ण एवं फर्जी मतदान करा सकते है। भारत में फर्जी और दबाव से मतदान की अपवाद स्वरूप घटनाएं आज भी देखने में आ जाती हैं। ईवीएम से मतदान पर आज भी विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं। लेकिन ईवीएम की साख पर ठोस प्रमाण कोई दल या इंजीनियर आज तक नहीं दे पाया है। ई-वोटिंग पूरे देश के लिए अपना ली जाती है तो चुनाव खर्च में तो कमी आएगी ही, तकनीक की सार्थकता भी पेश आएगी।

घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए ई-वोटिंग की जरूरत इसलिए है, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं। इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। ऐसा लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनावों में होता है। चुनाव विषेशज्ञों का तो यहां तक मानना है कि करीब 45 करोड़ लोग पलायन के चलते मतदान से वंचित हो जाते हैं। इसलिए लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इस नजरिए से प्रवासियों के लिए ई-वोटिंग उपयोगी है।

हालांकि चुनाव सुधार की दृष्टि से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले अर्थात दूरस्थ मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया हुआ है। इस मशीन की मदद से अब मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। यानी मतदान के लिए उन्हें अपने मूल निवास स्थल पर आने की जरूरत नहीं रह गई हैं। आयोग इसे लागू करने से पहले आने वाली कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियों पर राजनीतिक दलों के विचार भी आमंत्रित किए जाएंगे। चुनाव सुधार की दृष्टि से यह पहल अमल में आती है तो ऐतिहासिक होगी। नतीजतन उन 45 करोड़ लोगों को वोट डालने का अवसर मिलेगा, जो अपने घरों से दूर रहते हैं। यह उपाय मत-प्रतिशत बढ़ाने का भी काम करेगा। यानी जनप्रतिनिधियों का चुनाव अधिकतम मतदाताओं के वोट डालने से होगा, जो लोकतंत्र को पारदर्शी बनाने का काम करेगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं।

देश में निसंदेह एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो अपना घर और शहर छोड़कर आजीविका के लिए दूसरे शहरों या राज्यों में रह रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा हैं। हालांकि इनका कोई एकीकृत आंकड़ा देश और आयोग के पास नहीं है। फिर भी सब जानते है कि बड़ी संख्या में प्रवासी मतदाता हैं। ये लोग नई जगह पहुंचने के बाद नया वोटर पंजीयन भी नहीं कराते हैं। नतीजतन मतदान से वंचित रहते हैं। इन्हें जहां रह रहे हैं, वहीं मतदान की सुविधा मिल जाए, इस नजरिए से आरवीएम की परिकल्पना की गई है। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है।

मतदान की अनिवार्यता अथवा ई-वोटिंग या आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी। क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पाएगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की जरूरत नगण्य हो जाएगी। जब पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की छाया थी, तब वहां हुए विधानसभा चुनावों में 15 से लेकर 20 प्रतिशत मतदान से ही सरकारें बनती रही हैं। साफ है, यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित नहीं रही। अतएव अधिकतम मतदान के हालात ई-वोटिंग एवं आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालत करता है।

## प्रसंगवश

# भविष्य की ऊर्जा के लिए संकल्प



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस (10जुलाई) की स्थापना लॉस एंजिल्स काउंटी के पर्यवेक्षक तथा कैलिफोर्निया के हरित ऊर्जा के प्रवर्तक माइकल डी. एंटोनोविच द्वारा वर्ष 2006 में निकोला टेस्ला के सम्मान में की गई थी। हालांकि इसे वैश्विक मान्यता मिलने में कई साल लग गए और मान्यता मिलने के बाद पहली बार यह दिवस 2012 में मनाया गया था। तब पहला वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस अक्षय ऊर्जा स्रोतों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए मनाया गया था। इस अवसर पर दुनियाभर में लोगों को न केवल नवीकरणीय और प्रदूषण कम करने वाले ऊर्जा स्रोतों के बारे में बताया जाता है बल्कि वायु ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा जैसे ऊर्जा विविधीकरण और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों के बारे में भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। कुल ऊर्जा का 40 प्रतिशत से अधिक घरों, इमारतों, शॉपिंग सेंटर, सड़कों, कारखानों तथा अन्य स्थानों में बिजली के लिए उपयोग किया जाता है और अधिकांश बिजली गैस, तेल, कोयला और अन्य गैर-नवीकरणीय स्रोतों से आती है जबकि नवीकरणीय ऊर्जा कभी खत्म नहीं होने वाले पवन, सौर और भूतापीय स्रोतों से मिलती है, इसलिए गंभीर होती वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए इसकी ओर तेजी से कदम बढ़ाना अब दुनिया के लिए बहुत जरूरी हो गया है।

वैश्विक ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके तहत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की स्थापना की गई थी, जो ऊर्जा संरक्षण के उपायों को लागू करने के लिए नीतियां तैयार करता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने भारी निवेश किया है और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 180 गीगावॉट से अधिक पहुंच चुकी है, जिसमें सौर, पवन, जल विद्युत और बायोमास ऊर्जा शामिल हैं। गरीब परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई ताकि पारंपरिक बायोमास पर लोगों की निर्भरता कम करते हुए स्वच्छ ईंधन का उपयोग बढ़ाया जा सके। 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा इंटरनेशनल सोलर एलायंस की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। स्मार्ट ग्रिड मिशन के जरिये बिजली वितरण को अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने, बिजली चोरी को कम करने तथा ऊर्जा की बचत को बढ़ावा देने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जैव ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देने और पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति लागू की गई, जिसके तहत एथेनॉल मिश्रण और जैव डीजल उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार 2050 तक दुनिया की आबादी 9.5 बिलियन हो जाने की उम्मीद है, जिससे स्पष्ट है कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा की मांग में भी तेजी से बढ़ोतरी होने वाली है। यही कारण है कि सौर, पवन, जलविद्युत, बायोगैस इत्यादि ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों की ओर रुख करना अब सबसे की सबसे बड़ी मांग बन चुकी है। चूंकि सौर, पवन, जलविद्युत और भूतापीय जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत पर्यावरण के अनुकूल हैं और पर्यावरण पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं, इसीलिए हाल के वर्षों में पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के व्यवहार्य और टिकाऊ विकल्प के रूप में इनकी ओर आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक नवीकरणीय ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने से कार्बन उत्सर्जन को 30 प्रतिशत तक कम करने में योगदान मिल सकता है।

विश्वभर में लोग आमतौर पर ऊर्जा के स्रोतों के रूप में तेल, कोयला और गैस का सबसे ज्यादा उपयोग करते हैं। जीवाश्म ईंधन इसी प्रकार की ऊर्जा है, जिसके साथ अब अनेक चिंताएं भी जुड़ी हैं। पहली चिंता यही है कि जीवाश्म ईंधन अंततः समाप्त हो जाएंगे। जीवाश्म ईंधन से जुड़ी अन्य प्रमुख चिंताओं में वायु और जल प्रदूषण, भूमि क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग इत्यादि शामिल हैं। इसीलिए पूरी दुनिया में वैज्ञानिक अब इन समस्याओं के स्थायी हल के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों की खोज कर रहे हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, परमाणु ऊर्जा और भूतापीय ऊर्जा, अक्षय ऊर्जा के ही उदाहरण हैं।

# मतदाता सूची जांच पर अपने-अपने दावे



संजय सक्सेना
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

विपक्षी दलों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के घटक दलों जैसे कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी, और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने इस पुनरीक्षण प्रक्रिया को वोटबंदी करार दिया है।

बिहार में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए उठाये गए कदम ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विपक्षी दल इस प्रक्रिया को लोकतंत्र पर हमला और गरीब, दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के मताधिकार को छीनने की साजिश करार दे रहे हैं। दूसरी ओर, चुनाव आयोग इसे नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया बताकर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। यह विवाद अब दिल्ली के निर्वाचन सदन से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है, और बिहार की सियासत में एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर सकता है।

विपक्षी दलों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के घटक दलों जैसे कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी, और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने इस पुनरीक्षण प्रक्रिया को वोटबंदी करार दिया है। 2 जुलाई 2025 को 11 विपक्षी दलों का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में निर्वाचन सदन पहुंचा और चुनाव आयोग से मुलाकात की। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया जल्दबाजी में शुरू की गई है और यह गरीब, ग्रामीण, और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बिहार में लगभग 7.75 करोड़ मतदाता हैं। इतनी बड़ी संख्या की जांच कुछ महीनों में करना असंभव है। यह प्रक्रिया उन लोगों को निशाना बनाएगी जिनके पास जन्म प्रमाणपत्र या माता-पिता की नागरिकता जैसे दस्तावेज नहीं हैं। विपक्षी नेताओं का तर्क है कि सत्यापन के लिए मांगे गए 11 दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र, और माता-पिता की नागरिकता प्रमाण, अधिकांश गरीब और ग्रामीण लोगों के पास उपलब्ध नहीं हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बिहार के 8 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 60 फीसदी को अपनी नागरिकता साबित करनी होगी, जो विशेष रूप से दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चुनौतीपूर्ण है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे अव्यवस्थित और अवैज्ञानिक बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पहले ही हो चुकी है और इसे दोहराने का कोई औचित्य नहीं है। योगेंद्र यादव ने अनुमान लगाया कि इस प्रक्रिया से 4.76 करोड़ मतदाताओं का नाम हट सकता है, जिसे उन्होंने वोट उड़ाने का खेल करार दिया।

उधर बीजेपी और एनडीए ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए जरूरी है। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने तंज कसते हुए कहा, जिनके राज में बूथ कैप्चरिंग और हिंसा आम थी, उन्हें अब निष्पक्षता से परेशानी हो रही है। हालांकि, एनडीए के कुछ सहयोगी, जैसे जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), ने दबी जुबान में इस प्रक्रिया की समय सीमा पर चिंता जताई है। बहरहाल, कुल मिलाकर लगता है कि बिहार में मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी समय सीमा और दस्तावेजों की मांग ने इसे विवादास्पद बना दिया है। विपक्ष इसे गरीब और वंचित समुदायों के खिलाफ एक साजिश के रूप में देख रहा है, जबकि चुनाव आयोग इसे लोकतंत्र को मजबूत करने का कदम बता रहा है। यह विवाद बिहार की सियासत को और गर्माएगा, और इसका असर 2025 के विधानसभा चुनावों पर पड़ना तय है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस मामले में निर्णायक हो सकता है, लेकिन तब तक यह मुद्दा बिहार की जनता और नेताओं के बीच बहस का केंद्र बना रहेगा। विपक्ष की आपत्तियों ने अब कानूनी रूप ले लिया है।

चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और नियमित है, जो पिछले 75 वर्षों से समय-समय पर की जाती रही है। आयोग का कहना है कि इसका उद्देश्य अवैध प्रवासियों, जैसे नेपाल, बांग्लादेश, और म्यांमार से आए लोगों, को मतदाता सूची से हटाना और केवल भारतीय नागरिकों को वोटिंग का अधिकार सुनिश्चित करना है। आयोग ने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया बिहार के अलावा असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल में भी लागू होगी। इसका मकसद मतदाता सूची को अपडेट करना, मृतकों के नाम हटाना, और 18 वर्ष से अधिक उम्र के नए मतदाताओं को जोड़ना है।

## सोशल फोरम

# रेल दिया जाएगा...



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

"अखिलेश यादव के सामने जो आएगा,वो रेल दिया जाएगा।" हिंसक और अपराध की मंशा व्यक्त करने वाली ऐसी भाषा का सोशल मीडिया पर इस्तेमाल करना गैरकानूनी है,आईटी एक्ट के विरुद्ध है। इस तरह की भाषा सोशल मीडिया पर व्यक्त करने वाले शाहजहांपुर निवासी बाइस वर्षीय सपा कार्यकर्ता तालिब के विरुद्ध पुलिसिया कार्रवाई होनी ही थी। तालिब ने जब सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने लाइव कवरेज के दौरान पुलिसिया कार्रवाई की पीड़ा की शिकायत और कार्यवाही का कारण बने ".. रेल दिया जाएगा" वाक्य दोहराया तो वहां मौजूदा लोगों ने हंसी का ठहाका लगा दिया। सपा सुप्रीमो भी मुस्कुरा दिए। अखिलेश अपने कार्यकर्ताओं से कनेक्ट होते हैं और उनकी समस्या सुनते हैं ये अच्छी बात है, पर बेहतर होता कि अखिलेश यादव तालिब को ये नसीहत देते कि आइंदा वो सोशल मीडिया या आम बातचीत में ऐसी हिंसक, अमर्यादित या अपराध की मंशा व्यक्त करने वाली भाषा का प्रयोग ना करें। ये अपराध है। तालिब को अखिलेश यादव ने मदद का आश्वासन देकर अपनी आधी जिम्मेदारी तो निभाई पर आइंदा ऐसी भाषा का इस्तेमाल ना करने की नसीहत नहीं दी। तालिब ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि रेल देंगे जैसे शब्द भोजपुरी गाने में आमतौर पर इस्तेमाल होते हैं इसलिए उसने इन शब्दों को ग़लत नहीं समझा।

सपा कार्यकर्ता अपनी पार्टी और नेता की दीवानगी में ऐसे शब्दों का प्रयोग बिल्कुल मत करें, ये संदेश अखिलेश यादव को देना चाहिए था। और भाजपा के नेताओं और सांसदों को भी इस दिशा में अपने पावर का सही इस्तेमाल करना होगा कि भोजपुरी जैसी लोकप्रिय और पवित्र भाषा का दुरुपयोग कर भोजपुरी फिल्में में रेल दिया जाएगा जैसे शब्द का प्रयोग होना बंद हो। केंद्र की एनडीए सरकार के अधीन सेंसर बोर्ड आंख मूंद कर भाषाई हिंसा को प्रचलित करने वाली फिल्मों को क्यों पास करता है। जो लोग भोजपुरी फिल्मों की लोकप्रियता में राजनीति में तो स्थापित हो गए पर क्या इनका दायित्व नहीं बनता है कि ये भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को फूहड़ता, अश्लीलता और हिंसक भाषा से मुक्ति दिलाएं।

**-फेसबुक वॉल से**

# जब शादी एक संस्कार नहीं, सोशल इवेंट बन जाए



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शादी अब भावनाओं का नहीं, पैसों का खेल बनती जा रही है। किसी भी भारतीय मिडिल क्लास या निम्न-मध्यमवर्गीय परिवार में शादी अब घर के सबसे बड़े वित्तीय आयोजन का रूप ले चुकी है।

भारतीय समाज में विवाह एक युगों से स्थापित पवित्र परंपरा रहा है, जिसे केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों और समुदायों के बीच भी एक मजबूत सामाजिक सेतु के रूप में देखा जाता रहा है। यह मात्र एक सामाजिक अनुबंध नहीं था, बल्कि सात फेरे, सात वचन, और सात जन्मों तक साथ निभाने की सांस्कृतिक अवधारणा में गूंथा हुआ एक भावनात्मक दायित्व था। लेकिन बीते कुछ वर्षों में हमने महसूस किया है कि यह संस्कार अब धीरे-धीरे एक भव्य सामाजिक तमाशे में तब्दील हो रहा है। आधुनिकता की आड़ में विवाह अब एक 'परफॉर्मेंस' बनता जा रहा है - जिसमें अभिनय करना, सजे-धजे दिखना और कैमरों के लिए मुस्कराना, रिश्तों की गहराई से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। विवाह अब निजी भावनाओं का उत्सव नहीं, बल्कि सार्वजनिक प्रदर्शन की वस्तु है। एक ऐसा मंच, जहां रिश्ते कम और रोशनी ज़्यादा होती है। पंडित की आवाज़ पीछे छूट जाती है, और डीजे की धुनें प्रधान हो जाती हैं। यह परिवर्तन केवल जीवन शैली की दिशा में नहीं, बल्कि मूल जीवनदृष्टि में आया है – जहां स्थायित्व की जगह क्षणिक आकर्षण ने ले ली है। हम शायद यह भूल चुके हैं कि रिश्तों की गरिमा बाज़ार की चमक में नहीं, आत्मीयता की सादगी में बसती है। विवाह अब एक रिश्ता नहीं, एक इवेंट है -और यही सबसे बड़ा खतरा है।

शादी अब भावनाओं का नहीं, पैसों का खेल बनती जा रही है। किसी भी भारतीय मिडिल क्लास या निम्न-मध्यमवर्गीय परिवार में शादी अब घर के सबसे बड़े वित्तीय आयोजन का रूप ले चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एक औसत परिवार अपनी वार्षिक आय का लगभग 50 से 70 प्रतिशत हिस्सा विवाह पर खर्च कर देता है। केपीएमजी की 2017 की रिपोर्ट बताती है कि भारत का वेडिंग इंडस्ट्री सालाना 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, और 2024 तक यह 75 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है -जो इसे अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शादी बाज़ार बना देता है। लेकिन इस चकाचौंध भरे बाज़ार की असली कीमत कौन चुका रहा है? वे मां-बाप, जो बेटी की शादी में प्रतिष्ठा की रक्षा के नाम पर जीवनभर की जमापूंजी लुटा देते हैं। वे नवविवाहित, जो भव्यता की आड़ में कर्ज़ की ज़िंदगी की शुरुआत करते हैं। वे मेहमान, जो भोजन की विविधता का विश्लेषण करते हुए यह भूल जाते हैं कि शादी का केंद्र बिंदु दो इंसानों का मिलन होता है। इस खर्च में अक्सर रिश्तों की गरिमा, संवाद की सच्चाई और भावनात्मक स्थिरता गुम हो जाती है। शादियां अब भावनाओं की नहीं, 'पैकेजिंग' की प्रतियोगिता बन गई हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग, डीजे नाइट, थीम्ड हल्दी-ये सब अब आवश्यक अंग माने जाते हैं। और विडंबना यह है कि इन सबके पीछे वह लड़की और लड़का कहीं खो जाते हैं, जिनकी ज़िंदगी की यह सबसे अहम शुरुआत होनी थी।

विडंबना है कि जिन शादियों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, उनमें से कई रिश्ते चंद महीनों या वर्षों में बिखर जाते हैं। विवाह के पवित्र बंधन को हमने जिस तरह से महज़ एक भव्य आयोजन में बदल दिया है, उसने इसके मूल उद्देश्यों को ही धुंधला कर दिया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस -5, 2020–21) के अनुसार, शहरी भारत में तलाक और वैवाहिक अलगाव के मामलों में पिछले दस वर्षों में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों के पीछे की कहानियां यह बताती हैं कि जब विवाह एक फोटोजेनिक समारोह बन जाता है, तब उसमें सहनशीलता, समझदारी और संवाद जैसी भावनाएं धीरे-धीरे अनुपस्थित होती जाती हैं। कई बार यह भी देखा गया है कि शादी की तैयारियों में महीनों खपने वाले दंपत्ति, विवाहोपरांत संवादहीनता और असमंजस के शिकार हो जाते हैं। उनकी पूरी ऊर्जा समारोह की भव्यता में लग चुकी होती है, और जीवन की वास्तविकताओं के लिए कोई मानसिक तैयारी नहीं होती। दाम्पत्य जीवन का वास्तविक चेहरा - जिसमें संघर्ष, समझौता, सहअस्तित्व और भरोसे की आवश्यकता होती है -उसे समझने का कोई अवसर ही नहीं बचता। यह भी एक प्रकार का विडंबनात्मक दृश्य है: जिस रिश्ते की शुरुआत पर सैकड़ों लोग ताली बजा रहे थे, वही रिश्ता बाद में चुपचाप किसी कोर्ट की फाइल में तब्दील हो जाता है। इस टूटन में न कोई बाराती होता है, न संगीत; सिर्फ दो लोग होते हैं - और उनके साथ ढहता हुआ एक झूठा सपना।

लेकिन क्या यह सब अपरिवर्तनीय है? क्या हम विवाह को फिर से उसकी गरिमा और भावनात्मक गहराई में नहीं ला सकते? समाधान आसान नहीं, पर असंभव भी नहीं। समाज का चरित्र तब ही बदलता है जब सोच बदलती है - और सोच तब बदलती है जब कोई साहसिक शुरुआत करता है। आज भी देश में अनेक युवा ऐसे उदाहरण पेश कर रहे हैं, जिन्होंने सादगीपूर्ण विवाह को चुना, खर्च की जगह संबंधों को प्राथमिकता दी, और समारोह की जगह संवेदना को स्थान दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# खटीमा में नालियां चोक होने से सड़कों पर भरा बारिश का पानी, लोग परेशान

## बुधवार को हुई झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, 67 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई

- टीम के साथ बरसात में भी चोक नालियां खुलवाते रहे पालिकाध्यक्ष

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में नागरिक अस्पताल मार्ग पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार


चोक नालियों को खोलते निगम कर्मी।

**अमृत विचार :** बीती रात्रि के बाद बुधवार दिन में हुई मूसलाधार वर्षा ने लोगों को पिछले वर्ष 8 जुलाई का दिन याद दिला दिया। जब पूरा खटीमा नगर और ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो गया था। बुधवार को हुई वर्षा ने नालों और नालियों की सफाई की पोल खोल के रख दी है। जगह-जगह नालियों के चोक होने से बारिश का पानी सड़कों पर पानी बहने लगा और गलियां पानी से लबालब नजर आईं।

पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी बरसात में भी जेसीबी और पालिका की टीम के साथ बंद नालियों को खुलवाने में जुटे रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बरसात में जलभराव वाले वार्डों का निरीक्षण किया और जलभराव वाले क्षेत्रों में नालों की सफाई करवाई। उन्होंने मेलाघाट रोड, मुख्य चौक, प्रेम टॉकीज रोड आदि वार्डों में जलभराव की समस्या का समाधान कराया। उन्होंने कहा कि जिन जिन वार्डों से जलभराव की शिकायतें आ रही है उन वार्डों में सफाई कर्मचारियों के साथ जाकर वह स्वयं जल निकासी की व्यवस्था करवा रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही ड्रेनेज सिस्टम बना कर जल भराव की समस्या का पूरी तरह निराकरण करने की बात कही। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में रात्रि में मूसलाधार वर्षा हुई और खेत खलिहान पानी से लबालब भर गए। इधर नगर और ग्रामीण क्षेत्र में दिनभर हुई बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। निचले स्थानों पर पानी भर गया। मेलाघाट रोड ममता नरसिंह होम, मुख्य चौक, रिलायंस पेट्रोल पंप, नागरिक अस्पताल की गली और परिसर जलमग्न हो गया। मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि रात्रि में 12 मिमी और दिन में 55 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। उन्होंने कहा कि तापमान गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# श्री रामलीला परिसर में 45 दिन चली पार्किंग सेवा बंद

- पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे के विरोध के बाद हुई बंद
- आरोप : फर्जी पर्चियों से की जा रही थी जनता से लूट

संवाददाता, सितारगंज


हरीश दुबे।

**अमृत विचार :** श्री रामलीला परिसर में पिछले 45 दिनों से चल रही अवैध रूप से संचालित पार्किंग व्यवस्था आखिरकार समाप्त कर दी गई। पार्किंग को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे ने अपने समर्थकों के साथ मोर्चा खोलते हुए विरोध प्रदर्शन किया था।

दुबे ने कहा कि यह पार्किंग न केवल पूरी तरह अवैध थी, बल्कि जनता से फर्जी पर्चियों के माध्यम से शुल्क वसूला जा रहा था, जिनका न तो कोई राजस्व रजिस्ट्रेशन था और न ही जीएसटी नंबर।

उन्होंने कहा कि पूरे मामले में रामलीला कमेटी की भूमिका संदिग्ध है, जहां गुपचुप तरीके से कमरे में बंद होकर पदाधिकारी तय किए गए और नगरवासियों को पूरी प्रक्रिया से जानबूझकर दूर रखा गया। दुबे ने कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए सार्वजनिक स्थलों का दुरुपयोग कर आम जनता को पार्किंग के नाम पर खुलेआम लूट रहे हैं। उन्होंने कहा इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में श्री रामलीला परिसर में दोबारा ऐसी अवैध पार्किंग शुरू की गई, तो बड़ा जनांदोलन छेड़ा जाएगा।

इसके साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे ने यह भी घोषणा की कि इस पूरे मामले को लेकर वह जल्द ही कमिश्नर को पत्र लिखकर जांच व कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे, ताकि जिम्मेदार लोगों को बेनकाब किया जा सके और शहर में पारदर्शिता व जनहित की व्यवस्था कायम रह सके।

## सार-संक्षेप



खटीमा के नोज़गे पब्लिक स्कूल में मेधांश ओली को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

### ओलंपियाड के प्रदेश टॉपर बने नोजगे के मेधांश

**खटीमा :** एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोजगे पब्लिक स्कूल के छठवीं के छात्र मेधांश ओली ने इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल में मेधांश को मेडल, प्रशस्ति पत्र सहित 1000 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बताया कि इस ओलंपियाड में उत्तराखंड के करीब एक लाख छात्रों ने प्रतिभाग किया था। प्रबन्ध निदेशिका सुरेंद्र कौर, उप प्रधानाचार्य एचसी पन्त ने छात्र और मेंटर जाकिर तथा उनके परिजनों को बधाई दी।



खटीमा के सोर वैली पब्लिक स्कूल में मतदान के बाद निशान दिखाते बच्चे और शिक्षिका।

### सोर वैली में हेड बॉय और हेड गर्ल के चयन को हुआ मतदान

**खटीमा :** सोर वैली स्कूल में हेड ब्वाय और हेड गर्ल के चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया को अपनाते हुए मतदान करवाया गया। ताकि बच्चों में नेतृत्व विकास के प्रति भावना जागृत हो सके। विद्यालय में आयोजित चुनाव का शुभारंभ प्रबंधक गणेश ठकुराठी ने अपना वोट डालकर किया। बाद में सभी छात्र छात्राओं ने अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट डाला। मतदान से पूर्व बच्चों को बैलेट बाक्स, बैलेट पेपर और मतदान संबंधी जानकारी दी गई। चेयरमैन बसंत बल्लभ जोशी, प्रधानाचार्या ममता धौनी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने मत का प्रयोग किया। प्रधानाचार्या धौनी ने सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों में लीडरशिप की भावना पैदा करने व जिम्मेदारियों को निभाने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल में मतदान करवाया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना के बाद परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने में नीरज गंगवार, शालू गौरव, आशा बिष्ट, राधिका जोशी आदि का योगदान रहा।


विकास भारती स्कूल में छात्राओं के साथ पौधरोपण करतीं प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता।

### पर्यावरण संरक्षण को किया पौधरोपण

**बाजपुर :** विकास भारती स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बुधवार को पौधरोपण किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने पौधरोपण कर की। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति अपने दायित्व को निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एक-एक पौधा भेंट स्वरूप दिया गया, जिसे वह उसे अपने घर या आस-पास लगाकर देखभाल कर सकें।

### 40 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**किच्छा, अमृत विचार :** कलकत्ता पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम धौराडॉम, नजीबाबाद, थाना किच्छा निवासी मनजीत सिंह को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### सरस्वती एकेडमी में हुई मैथ्स ओलंपियाड प्रतियोगिता


खटीमा में मैथ्स प्रतियोगिता में शिरकत करते बच्चे।

**खटीमा :** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग खटीमा में सातवीं के बच्चों के लिए मैथ्स ओलंपियाड प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की तार्किक क्षमता, गणितीय कौशल, बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना था। चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रधानाचार्य रामयश ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

# चोरों ने मदनापुर स्कूल से कंप्यूटर सेट उड़ाया

- दो माह के भीतर दूसरी बार दिया घटना को अंजाम
- पुलिस ने स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को कहा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर राप्रावि मदनापुर में दो माह के भीतर दो बार चोरी को अंजाम दे दिया। पहली बार ताला तोड़कर एलईडी टीवी सेट व दूसरी बार कंप्यूटर किट सहित चुरा ले गए। पुलिस क्षेत्र के कुछ नशेड़ी युवकों को चिह्नित कर रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर प्रधानाध्यापिका से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय मदनापुर की प्रधानाध्यापिका सरोज वर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दो दिन पूर्व रात्रि में अज्ञात चोरों ने कार्यालय का मुख्य गेट का ताला तोड़कर प्रधानाध्यापिका के कक्ष का ताला तोड़ वहां रखे कंप्यूटर, सीपीयू, यूपीएस बोर्ड माउस, प्रिंटर राउंटर आदि सामान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इससे पहले चोर 15 मार्च 2025 की रात्रि में कक्ष में लगे 43 इंच स्मार्ट एलइडी टीवी, रिमोट, संपर्क डिवाइस सेट-अप बॉक्स, एक्सटेंशन बोर्ड चुरा ले गए थे। जिसकी तहरीर 16 मार्च को थाने में दी गई थी। वहीं पुलिस को ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में चौकीदार की नियुक्ति न होने से स्कूल बंद होते की कुछ युवक दीवार फांदकर खेलने के बहाने विद्यालय परिसर में घूमते नजर आते हैं।

# आईएमटी के छात्रों का परिणाम रहा शानदार

**काशीपुर :** एससी गुड़िया आईएमटी के बीबीए एवं बीसीए अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान की प्राचार्य डा. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीबीए पाठ्यक्रम में दिशा राजपूत ने सर्वाधिक 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अनुज रानियाल 70.69 प्रतिशत के साथ द्वितीय व तनिष्क यादव ने 69.42 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। बीसीए पाठ्यक्रम में प्रतीक्षा शर्मा ने सर्वाधिक 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिक कुमार 75.3% अंकों के साथ द्वितीय व 72.46% अंकों के साथ मान्य अरोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, निदेशक, फैकल्टी एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

- प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए सफाई व्यवस्था ठीक करने के निर्देश
- उन्होंने डिलीवरी रूम की व्यवस्था भी ठीक करने को कहा

संवाददाता, रुद्रपुर


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बुधवार की देर सायं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा। उन्होंने डिलीवरी रूम, दवा वितरण आदि व्यवस्थाओं को भी जांचा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को अस्पताल में व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए। औचक निरीक्षण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल के चिकित्साधिकारी को सफाई व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रसूति डिलीवरी की संख्या बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को अस्पताल के डिलीवरी रूम की व्यवस्था को ठीक करने के भी निर्देश दिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। सीएमओ के औचक निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी व अन्य कर्मचारी रहे।

# रोटरी क्लब रुद्रपुर ने निर्धन बच्चों को स्कूली बैग बांटे

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय में हुआ आयोजन
- शिक्षा के प्रति बच्चों को किया प्रेरित

संवाददाता, रुद्रपुर


बच्चों को बैग वितरित करते सीईओ और अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब रुद्रपुर ने शिक्षा उदय अभियान की शुरुआत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भदईपुरा से की। जहां क्लब के पदाधिकारियों ने निर्धन शिक्षारत विद्यार्थियों को स्कूली बैग देकर प्रोत्साहित किया।

बुधवार की सुबह मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, प्लांट हेड सनसेरा दीपक सोनी, प्लांट हेड डेल्टा मनोज कुमार विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय के 376 विद्यार्थियों को स्कूली बैंग वितरित किए और अन्य संसाधन भी मुहैया कराने का आश्वासन दिया। कहा कि शिक्षा युवा पीढ़ी का बेहतर मार्ग है। जिसके प्रति सजग रहकर युवा पीढ़ी साक्षर समाज की स्थापना करता है और बुलंदियों को छूता है। अभिभावकों का सपना भी यही होता है कि उसको बच्चे का बेहतर भविष्य बने। आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्यालय को शैक्षिक सामग्री दी जाएगी। अध्यक्ष अमित सिंगला, सचिव डॉ. डीके भट्ट, कोषाध्यक्ष चंचलजीत सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सोनी, ओपी सिंघल, विकास शर्मा, नारायण सिंगला, मनोज खेड़ा, रमन सिब्बल, अतुल गुप्ता, मदन अग्रवाल, नीरज पांचाल, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे।

# पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**गदरपुर :** पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा ने वार्ड नंबर चार में स्थित वाल्मीकि पार्क में 16.80 हजार की लागत से बनने वाली चहारदीवारी एवं मुख्य गेट के निर्माण कार्य का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि लंबे समय से यह पार्क सौंदर्यीकरण के इंतजार में था जो अब पूरा होने वाला है। पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने कहा कि जो वादे उन्होंने चुनाव में किए थे उनको धीरे-धीरे धरातल पर उतारा जाएगा। कहा वार्डों में टाइल्स, सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। यहां वार्ड सभासद अश्वनी कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, भाजपा नेता राजेश मिनी, राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, बृजेश चौधरी, सभासद सचिन गुप्ता, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, हरबंस छाबड़ा, उमेश, प्रेमवती, कपिल रहे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा का उद्घाटन


किच्छा में बैंक शाखा का उद्घाटन करते भाजपा नेता संजीव सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर के रुद्रपुर मार्ग पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देहरादून अंचल में 33 वीं बैंक शाखा का वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

बैंक के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने शिरकत कर की। भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा किच्छा शहर में ग्राहकों को बेहतर सेवा देने तथा बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने के उद्देश्य से शाखा खोली गई है। सुरेंद्र शर्मा, अंकेश अग्रवाल, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर राजशेखर, निखिल रावत आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतिभा | हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान झाड़ी के तत्वावधान में देहरादून में कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए हीरा जंगपांगी को किया सम्मानित

- वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल व प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा ने किया सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर



देहरादून में हीरा जंगपांगी रौतेला को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल व प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा द्वारा जिले से हीरा जंगपांगी रौतेला को पर्यावरण व बीज बॉल अभियान एवं वन्यजीवों के बीच बढ़ रहे संघर्षों के लिए उल्लेखनीय योगदान देने पर सम्मानित किया। हीरा जनपंगी रौतेला के सम्मानित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी। बुधवार को हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान झाड़ी के तत्वावधान में पर्यावरण व बीज बॉल अभियान एवं वन्यजीवों के बीच बढ़ रहे संघर्ष को कम करने में भागीदारी व उल्लेखनीय योगदान पर ऊधमसिंह नगर से हीरा जंगपांगी रौतेला व अन्य साथियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह वन्यजीव और मानव संघर्ष को कम करने की एक सकारात्मक पहल है।

पृथ्वी की उत्पत्ति के साथ ही वन हमारे संरक्षक के रूप में हमारे लिए उपलब्ध रहे किंतु मानव की अति लालसा ने वनों के लिए संकट उत्पन्न कर दिया है। आज आवश्यकता है कि वनों को संरक्षित करने की और यह बिना जन सहभागिता के यह संभव नहीं है। प्रदेश के प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा ने कहा कि वन विभाग इस अभियान को गंभीरता से अपनाएगा। पद्मश्री कल्याण सिंह रावत 'मैती' ने कहा कि जब तक हम पेड़ों के महत्व को नहीं समझेंगे तब तक हम सभी को प्राकृतिक आपदाओं से जूझते रहना पड़ेगा।

इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. उदय गौड़, उप प्रभागीय वनाधिकारी, समीर रतूड़ी, बीना बिष्ट, प्रज्ज्वल उनियाल, सोहन लाल, कृष्ण मोहन भट्ट, गौतम सिंह नेगी, जीत बहादुर, कविता जैन, राघवेन्द्र उनियाल, प्रेमलता बौड़ाई, विकास पंत, जेपी मैठाणी, रविन्द्र नौटियाल आदि सम्मानित किए गए। इस अवसर पर डीएफओ नीरज शर्मा, प्रो. यतीश वशिष्ठ, प्रो. धीरेन्द्र तिवारी, प्रो. एनके शुक्ला, प्रो. अशोक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# युवाओं से गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करने का किया आह्वान

- धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व
- कार्यक्रम में महिलाओं ने किया योग

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने गुरु और शिष्यों के संबंधों को लेकर विचार व्यक्त किए और जीवन भर अपने गुरुओं एवं माता-पिता का सम्मान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानकी ओली एवं जिला प्रभारी हंसी बिष्ट ने दीप जलाकर किया। वक्ताओं ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा हर घर में योग पहुंचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को निरोग रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने इसे देश हित में सराहनीय कदम बताया। इस दौरान महिलाओं ने योग अभ्यास कर हर घर तक योग पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर तहसील प्रभारी चंद्रकला, कोषाध्यक्ष दया डसीला, गीता सिंह, कुसुम नारंग, प्रेमलता राठौर, गीता बिष्ट, प्रेमा भट्ट, किरण बोरा, माया परिहार, पार्वती परिहार, निशा, विद्या शर्मा, आशा जोशी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी के हाथों पति को मरवाया, लिखवा दिया लापता

## डोईवाला में नरेंद्र हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा, 8 दिन की जांच में हत्यारोपी हेमलता और गुफरान गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** पत्नी और प्रेमी के हाथों पतियों की हत्या के मामलों की कड़ी में देहरादून के डोईवाला का नाम भी जुड़ गया है। पुलिस के खुलासे के अनुसार, पति को पत्नी के प्रेम संबंधों पर हुआ शक रोजाना के घरेलू विवाद में बदला तो दूसरे समुदाय के प्रेमी ने कथित तौर पर पति को चूहे मार मिली शराब पिलाकर उसका सिर नदी के पानी में तब तक डुबाकर रखा, जब तक वह मर नहीं गया।

पुलिस के अनुसार, बीती एक जुलाई को हेमलता निवासी उज्जवल कॉलोनी बालावाला गूलर घाटी रोड डोईवाला देहरादून ने थाना डोईवाला पर सूचना दी कि उसका पति नरेंद्र सिंह 28 जून 2025 को घर से बिना बताए कहीं चला गया और लौटकर नहीं आया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डोईवाला कमल कुमार लुंठी के अनुसार, खोजबीन के दौरान एक जुलाई को ही डोईवाला क्षेत्र में गूलर घाटी नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जिसकी शिनाख्त गुमशुदा नरेंद्र सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने गहनता से जांच की। नरेंद्र के घर से लेकर घटनास्थल के आसपास के मार्गों की सीसीटीवी फुटेज, नरेंद्र के मोबाइल फोन की लोकेशन और कॉल डिटेल निकाली गई।



डोईवाला पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पत्नी और प्रेमी। ● अमृत विचार

### पत्नी ने उकसाया, प्रेमी ने पिलाया जहरीला पैग

इंस्पेक्टर डोईवाला के अनुसार, पूछताछ में हत्यारोपी गुफरान ने बताया कि उसका हेमलता से प्रेम प्रसंग था, जिसका नरेंद्र को पता चल गया था। नरेंद्र और हेमलता में इस बात को लेकर मारपीट हो जाती थी। हेमलता काफी परेशान हो गई थी और उसने प्रेमी गुफरान के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक 28 जून को गुफरान ने नरेन्द्र को गूलरघाटी नदी पर शराब पीने बुलाया और नरेन्द्र के शराब के पैग में चूहे मारने की दवा मिलाकर उसे पिला दी, जिससे नरेन्द्र को काफी नशा हो गया और वो नदी में गिर गया। जिसके बाद गुफरान ने नरेन्द्र का सिर पकड़कर नदी के पानी में डुबोकर उसकी हत्या कर दी तथा शव नदी में ही छोड़ दिया। योजना के मुताबिक घटना के तीन दिन बाद नरेंद्र की पत्नी हेमलता ने कोतवाली डोईवाला पहुंचकर पति की गुमशुदगी लिखवा दी ताकि शराब के नशे में नदी में गिरकर मौत होना और शव मिलने पर उन पर किसी का शक न जाए।

### घर के पास का गुफरान निकला संदिग्ध

प्रारंभिक जांच में नरेंद्र के घर के पास रहने वाले गुफरान पुत्र इस्लाम निवासी नकरौंदा, थाना डोईवाला, देहरादून की भूमिका घटना में संदिग्ध पाई गई। घटना की विस्तृत जांच तथा आसपास के लोगों के बयानों से पुलिस टीम को गुफरान का नरेंद्र की पत्नी हेमलता के साथ प्रेम प्रसंग होने तथा इस बात को लेकर नरेंद्र तथा हेमलता के बीच विवाद होना सामने आया।

### पुलिस ने सख्ती से पूछा तो गुफरान ने उगला सच

इंस्पेक्टर डोईवाला के अनुसार, संदिग्ध गुफरान को कोतवाली बुलाकर घटना के सम्बन्ध में सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने नरेंद्र की पत्नी हेमलता के साथ योजना बनाकर नरेन्द्र की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस द्वारा गुफरान के साथ ही हेमलता को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट करता बीकेटीसी का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

# प्रत्येक श्रद्धालु चारधाम से सुखद अनुभव लेकर लौटे: सीएम धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● बीकेटीसी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री धामी से भेंट

**अमृत विचार:** बद्री-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने चारधाम यात्रा के सफल, सुचारु और सुरक्षित संचालन के लिए सरकार का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा को श्रद्धा, व्यवस्था और सुरक्षा के संतुलन के साथ संचालित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि हर श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा से सुखद अनुभव लेकर लौटे और उत्तराखंड की संस्कृति एवं सेवा भावना की सकारात्मक छवि देश-दुनिया में जाए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वर्ष यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मार्ग व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं और समग्र प्रबंधन को लेकर सरकार द्वारा किए गए प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे हैं। सरकार के समर्पित कार्यों के परिणामस्वरूप यात्रियों को यात्रा के दौरान न केवल बेहतर सुविधा मिली, बल्कि सुरक्षा का भरोसा भी बना रहा।


विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को संबोधित करतीं सिविल जज सुमन भंडारी।

### महिलाओं को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी

**बाजपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में बुधवार को राजकीय इंटर कालेज बेरिया दौलत में विधिक जन-जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन तहसील विधिक सेवा समिति बाजपुर की सचिव एवं दीवानी न्यायालय बाजपुर की सिविल जज सुमन भंडारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने को कहा। छात्राओं को पास्को एक्ट व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम-2013 विषय पर जानकारी दी। पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने प्राधिकरण से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं, राष्ट्रीय नालसा हेल्पलाइन नंबर-15100 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 की जानकारी दी। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी, सुचिता गुप्ता, प्रीति रानी, पूजा रानी, संध्या रानी, परवीन बानो आदि मौजूद रहे।

### अरविंद बने कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**खटीमा :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम ने वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविन्द कुमार पर पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूत एवं सुसंगठित बनाने की अपेक्षा करते हुए जिलाध्यक्ष नामित किया है। अरविन्द कुमार के जिलाध्यक्ष बनने पर विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, जसविंदर सिंह पप्पू, दान सिंह राणा, किशोरी देवी आदि ने बधाई दी है।

# आपदा टीम को आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरण किए वितरित

● जीवन रक्षक उपकरण, राफ्टिंग बोट, रस्सियां, लाइफ जैकेट आदि की वितरित, डीएम ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आपदा प्रबंधन कार्यालय से पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर (जल पुलिस, नानकमत्ता) और एसडीआरएफ टीम को आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरण वितरित किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गुरुवार को वाहनों को रवाना करने के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मानसून सत्र के दृष्टिगत बाढ़ आपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने जल भराव, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक राहत व बचाव कार्यों के लिए जीवन रक्षक उपकरण, रॉफ्टिंग बोट, पम्प, हैलमेट, रस्सियां, लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर, फर्स्ट ऐड किट, सर्च लाइट, वाटर रेस्क्यू किट आदि दिए गये।


वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम। ● अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि आपदा की स्थिति में संसाधनों की उपलब्धता एवं त्वरित कार्रवाई ही जनहानि को न्यूनतम करने में सहायक होती है। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज उपाध्याय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, प्लाटून कमांडर, 31वीं वाहिनी पीएसी रमेश चंद्र ततराड़ी, टीम प्रभारी, एसडीआरएफ अर्जुन सिंह सहित पुलिस विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन विभाग एवं एसडीआरएफ के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### बुजुर्ग से ठगे दस लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

**रामनगर :** कोटद्वार रोड स्थित विपिन विहार निवासी गिरीश चन्द्र नैलवाल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उनके रिश्तेदार रमेश चन्द्र पपनै पुत्र प्रेम बल्लभ पपनै निवासी ग्राम कानियां ने वर्ष 2014 में पांच वर्ष में रुपये दोगुने और दस वर्षों में चौगुना करने का लालच देकर उनसे दस लाख रुपये ले लिए थे। गिरीश नैलवाल ने दो बैंक एफडी तुड़वाकर दस लाख की नकद धनराशि अपनी पत्नी की उपस्थिति में रमेश को उनके घर पर दे दी। दस वर्ष बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो रमेश ने पीएसीएल कंपनी के ढाई-ढाई लाख के चार बांड थमा दिए और जल्द ही रुपये लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन इसके बाद न तो रकम लौटाई गई और न ही संपर्क रखा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पूर्व मंत्री यतीश्वरानंद से मिला वाल्मीकि समाज का शिष्टमंडल

**खटीमा :** पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद के आश्रम हरिद्वार पहुंचकर वाल्मीकि समाज के सफाई मजदूर का प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद से आशीर्वाद लिया। इस दौरान संतोष गौरव ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का मामला उठाया। जिस पर यतीश्वरानंद ने समस्याओं को उच्च स्तर पर उठाकर समाधान का आश्वासन दिया। यहां सुरेंदर केश्वर, राजेंद्र, जितेंद्र केश्वर, परवीन, सुलेख चंद, आत्माराम, बेनीवाल आदि रहे।

# सस्ता गल्ले की दुकान पर घटतौली, वीडियो वायरल

संवाददाता, खटीमा

● सभासद ने कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर दी प्रदर्शन की चेतावनी, पूर्व में भी मिल चुकी हैं शिकायतें

**अमृत विचार:** नगरपालिका वार्ड संख्या 14 में संचालित सहकारी सस्ते गल्ले की दुकान में घटतौली का वायरल वीडियो खासा चर्चाओं में है। कोटे की दुकान से एक लाभार्थी को डेढ़ किलो राशन कम मिला। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सभासद विश्वनाथ यादव ने कोटे की दुकान के कांटे में तौला और बाहर से कांटा मंगवाकर राशन तौला गया तो अनियमितता की पुष्टि हुई। इस दौरान अन्य कार्ड धारकों ने भी अनियमित तौल की पुष्टि की। सभासद विश्वनाथ यादव ने राशन वितरण बंद करा दिया। सभासद यादव ने बताया कि कोटेदार की शिकायत एक दिन पूर्व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह धामी से की गई है। सभासद ने यह भी बताया कि इस दुकान से उपभोक्ताओं को एक से तीन किलो तक राशन कम मिलने की शिकायत रहती थी लेकिन किसी ने इसका पर्याप्त प्रमाण नहीं दिया। आज शिवम के प्रयास से मामलों का खुलासा हुआ। सभासद यादव ने बताया कि पूर्व में शिकायत के बाद भी इस अव्यवस्था में सुधार नहीं हो सका। इस मामले पर उचित कार्यवाही के लिए शुक्रवार को तहसील में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बोले जिम्मेदार-मशीन में लगी चिप में मॉश्चर आने से गड़बड़ी

**खटीमा :** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र सिंह धामी ने कहा कि फिंगर मशीन और तौल के लिए उपयोग होने वाला कांटा आपस में कनेक्ट है जब उपभोक्ता फिंगर लगाता है तो वह काटे से तौल के लिए कनेक्ट होता है। उसमें चिप लगी होती है जो मॉश्चर आने से तौल में गड़बड़ी करने लगती है। इसकी शिकायत कई जगह से आ चुकी है और सही करने वाले मैकेनिकों को इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

# कैंटर ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को मारी टक्कर, चालक घायल

● टक्कर से सड़क किनारे पलटा सिलेंडर से भरा ट्रक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे-74 पर तेज रफ्तार कैंटर चालक ने सड़क किनारे खड़े खाली रसोई गैस सिलिंडर से भरे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सिलेंडर समेत सड़क किनारे जा पलटा। हादसे में कैंटर चालक के भी चोटें आई हैं तथा कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।


बाजपुर, नेशनल हाईवे-74 पर टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कैंटर का अगला हिस्सा।

बुधवार को दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर एक स्कूल के पास चालक खाली सिलेंडरों से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ा करके चला गया। बताया जाता है कि इसी बीच सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार सीमेंट के कट्टों से भरे कैंटर के चालक ने अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सिलेंडरों समेत सड़क किनारे जा पलटा और कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कैंटर चालक बिजनौर निवासी हरभजन सिंह घायल हो गया है। घटना की सूचना पर दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी रमेश चंद्र बेलवाल मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। वहीं हादसे के चलते मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड कर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

### वर्ग पहेली-27

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।




### वर्ग पहेली -26 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | स् | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | 4 रे | | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

### सुडोकू-34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | 9 | | | 6 | |
| | 7 | | 8 | | | | 5 | 1 |
| 4 | | | 6 | | | 3 | | |
| | 3 | | | 1 | | | 4 | |
| 1 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | | | 3 | | | 1 | | 6 |
| 3 | | | | 5 | | | 1 | |
| 8 | | | 4 | | | | 7 | 3 |
| | | 5 | | | 8 | 6 | | |

### सुडोकू - 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 11 जुलाई 02.06 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा पूर्व रात्रि तक।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने के लिए कड़े कदम उठा सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं में दान और सेवा कार्य करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में आ रही रुकावटों का अंत होगा। घर की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**वृष:** आज आपको सहकर्मियों पर पूर्ण विश्वास नहीं करना चाहिए। जीवनसाथी के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। स्वयं को ऊर्जावान और सकारात्मक बनाए रखने के लिए व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। आपकी कोई कमजोरी लोगों के सामने व्यक्त हो सकती है।

**मिथुन:** आज कारोबार में आय बढ़ने के स्पष्ट योग हैं। लेकिन आय के साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। पेट में एसीडिटी जैसी परेशानी बढ़ सकती है। अपनी क्षमताओं का कुशल उपयोग करेंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कर्क:** आज आप जिन कार्यों को कठिन मान रहे थे वो आप सरलता से पूर्ण कर लेंगे। लोग आपसे फोन पर लंबी चर्चा कर सकते हैं। आपकी सूझबूझ और समझदारी की प्रशंसा होगी। परिवार के दायित्वों को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें।

**सिंह:** आज इस समय भावुक होने के बजाय व्यवहारिक निर्णय लेना उत्तम होगा। जोखिम भरे निवेशों से स्वयं को दूर रखें। प्रेमी जन से संबंध मधुर रखें। धन के हिसाब-किताब को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। अपनी योजनाओं को लेकर संशय में न रहें।

**कन्या:** आज दिनचर्या थोड़ी उथल-पुथल भरी रहेगी। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। अपनी राय को दूसरों के ऊपर थोपने से बचें। आलस्य के कारण किसी काम को टाल सकते हैं। आपकी कार्यप्रणाली का लोग विरोध कर सकते हैं।

**तुला:** आज परिवार में धार्मिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। ऑनलाइन शॉपिंग में आप काफी रुचि लेंगे। बड़े बुजुर्गों से आपको आशीर्वाद और उत्तम सलाह प्राप्त होगी। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

**वृश्चिक:** आज नकारात्मकता आपके ऊपर हावी रहेगी। आपको कड़ी मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। रुके हुए कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। परिजन किसी कारण आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे। नए लोगों पर शीघ्रता से विश्वास न करें।

**धनु:** आज आप धैर्य और संयम के साथ काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम प्राप्त होगा। संपत्ति की खरीद-बिक्री से लाभ होगा। युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। विरोधियों का प्रभाव कम होगा। खेलजगत से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में समस्याओं से घिरे रहेंगे। भाग्य आपका साथ नहीं देगा। दूसरों के भरोसे न रहें वरना आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। आवश्यक कार्यों को टालने के बजाय समय से निपटाने का प्रयास करें। बच्चे पढ़ाई को लेकर अत्यन्त गंभीर रहेंगे।

**कुंभ:** आज परिवार के सदस्यों से काफी संतुष्ट रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा का पर्याप्त आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। योजनाओं को सही समय पर क्रियान्वित करने का प्रयास करेंगे। अपनी योग्यता का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**मीन:** आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। आज पुराने मित्र आपके काम आ सकते हैं। बॉस के साथ वेतनवृद्धि को लेकर चर्चा करेंगे। आत्मविश्वास और मनोबल आपकी सबसे बड़ी शक्ति है इसे कभी कम न होने दें।

# आशा, आंगनबाड़ी व भोजनमाताओं ने खोला मोर्चा, किया जोरदार प्रदर्शन

## सरकार पर लगाया श्रमिकों के अधिकारों के हनन का आरोप, उग्र आंदोलन दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** न्यूनतम मानदेय समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर आशा, आंगनबाड़ी और भोजनमाताओं ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को नाराज आशा, आंगनबाड़ी और भोजनमाताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। सरकार पर श्रमिकों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया।

सेंट्रल आफ ट्रेड यूनियन (सीटू) के बैनर तले नगर के गांधी पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रही हैं। दूरस्थ गांवों में आशाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बनी हुई हैं। इसके बाद भी सरकार उनके अधिकारों का हनन कर रही है। यहां तक कि सरकार ने उनसे यूनियन का अधिकार तक छीन लिया है। कहा कि 26 हजार रुपये मानदेय और सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग अब तक अधूरी है। वहीं भोजनमाताओं ने भी सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। अन्यथा उन्हें उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। यहां जिलाध्यक्ष आशा विजय लक्ष्मी, नीमा जोशी, भगवती आर्य, ममता मेहता, नीमा जोशी, पूजा बगड़वाल, ममता तिवारी, सुनीता टम्टा, चंपा आर्य, दीपा मेहता, गीता देवी, मंजू भाकुनी, मीना लोहनी, सुनीता टम्टा, कंचन पाटनी, ममता भट्ट, हेमा पवार, बीना पाठक आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में बुधवार को प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

### हड़ताल के चलते बैंकों में प्रभावित रहा कामकाज

**अल्मोड़ा :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व सहयोगी संगठनों की ओर से देश व्यापी हड़ताल का अल्मोड़ा में मिला जुला असर रहा। यहां बुधवार को एसबीआई को छोड़ अन्य बैंकों में हड़ताल का असर देखा गया। बैंकों में हड़ताल के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि बाजार पूरी तरह खुला रहा। जिले में हड़ताल के चलते बैंकिंग समेत अन्य कार्य प्रभावित हुए। पंजाब नेशनल बैंक, कैनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया समेत कई बैंकों में लेन-देन संबंधी कार्य नहीं हुए। इस कारण बैंक पहुंचे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इधर, एसबीआई व कुछ अन्य क्षेत्रीय बैंकों में काम-काज पूरी तरह सुचारू रहा। एसबीआई में पूरे दिन लेन-देन व अन्य कार्य हुए। वहीं, डाक घरों में भी हड़ताल का कोई असर नहीं हुआ।

## रानीखेत में 11 से 17 अगस्त तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**रानीखेत, अमृत विचार :** कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर रानीखेत में 11 से 17 अगस्त तक यूनिट मुख्यालय कोटा के तहत अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। रैली सोमनाथ ग्राउंड विजय चौक के पास होगी। इस भर्ती रैली में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे जिनके पास कुमाऊं रेजिमेंट की ओर से जारी अधिकृत भर्ती नोटिफिकेशन और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध होंगे। 11 अगस्त को उत्तराखंड के सभी जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की भर्ती होगी। 12 अगस्त को उनके दस्तावेज की जांच की जाएगी। 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों के अभ्यर्थी अग्निवीर जीडी पद के लिए शामिल हो सकेंगे। 14 अगस्त को अग्निवीर ट्रेडमैन, म्यूजिशियन और ऑफिस असिस्टेंट पदों के लिए सभी राज्यों के रिलेशनधारी अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। जिनके दस्तावेज 15 अगस्त को जाचे जाएंगे। 16 अगस्त को विशिष्ट खिलाड़ियों की अग्निवीर जीडी भर्ती होगी और 17 अगस्त को उनके दस्तावेज का निरीक्षण किया जाएगा।


अल्मोड़ा में बुधवार को प्रदर्शन करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर गरजे निगम कर्मी, धरने में की नारेबाजी

- नगर आयुक्त, लेखाधिकारी नियुक्ति आदि की मांग की
- सीडीओ और मेयर के आश्वासन के बाद माने कर्मी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर निगम में अधिकारियों की नियुक्ति समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर कार्मिकों का धरना दिया। बुधवार को भी नाराज कर्मचारी धरने में डटे रहे। इस दौरान धरना स्थल पर मेयर और सीडीओ पहुंचे। जहां आश्वासन के बाद कर्मचारी माने।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ और उत्तराखंड नगर निकाय कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर निगम के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कहा कि नगर निगम तो बना दिया है, लेकिन अब तक यहां स्थाई नगर आयुक्त और लेखाधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। कर्मचारियों का बढ़ता आक्रोश देख बुधवार को सीडीओ रामजीशरण शर्मा और मेयर अजय वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों को मनाने का प्रयास किया। समस्याओं के निदान का आश्वासन देने के बाद जाकर कर्मी माने। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, दीपक चंदेल, भूपेंद्र जोशी, पुष्कर सिंह बिष्ट, राजेश, सतीष, अशोक, कमल आर्या, विजय अधिकारी, बबीता, मनोज मिश्रा, दीपक बिष्ट, मनोज बिष्ट, कमल आदि मौजूद रहे।


बच्चों को जागरूक करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### बघरी के स्कूल के समीप घूम रहे दो गुलदार, दहशत

**बागेश्वर :** कौसानी के राप्रावि बघरी के समीप दो गुलदार दिखने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में घबरा रहे हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने गांव में गश्त की तथा विदयालय में जाकर बच्चों को जानकारियां दी। उल्लेखनीय है कि कौसानी के बघरी गांव में पिछले कई दिनों से गुलदार का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार दो गुलदार दिन में ही क्षेत्र में दिख रहे हैं जिससे स्कूली बच्चों व महिलाओं को खतरा बना हुआहै। कहा कि गुलदार के भय से अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने गांव में गश्त की साथ ही स्कूल में जाकर अध्यापकों व अभिभावकों समेत बच्चों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी अभिभावक बच्चों को अकेले स्कूल न भेजें। इस दौरान प्रधानाध्यापक दीपक पांडे, अध्यापिका अल्का लोहनी समेत एसएमसी अध्यक्ष प्रेमा देवी आदि शामिल थे।

# विद्यालय के समायोजन पर भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन

संवाददाता,चम्पावत

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत के पाटी ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज टांड़ को जीआइसी चौड़ापिता में समायोजित किए जाने के निर्णय के विरुद्ध ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो गया है।

बुधवार को बरसात के बीच पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रशेखर गड़कोटी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में एकत्रित ग्रामीणों और अभिभावकों ने नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग के विरूद्ध आक्रोश जताया। चंद्रशेखर गड़कोटी ने बताया कि जीआइसी टांण में टांण, साल और ककनई ग्राम सभाओं के 85 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। समायोजन के बाद छात्रों को 30 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि समस्या लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व जिलाधिकारी चम्पावत को ज्ञापन भेजा जाएगा। ग्रामीणों ने समायोजन के निर्णय को तुरंत रद किए जाने की मांग की। कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगी। इस दौरान घनश्याम गड़कोटी, ईश्वरी दत्त, मदन सिंह, भोला दत्त गड़कोटी, कमल बोहरा, धन सिंह, नवीन, राकेश आदि शामिल रहे।


जीआईसी में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# विद्यालय को बंद करने के विरोध में आए ग्रामीण

- राउमा विद्यालय करालापालड़ी का मामला

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** राउमा विद्यालय करालापालड़ी को क्लस्टर विदयालय में बंद करने की कार्रवाई का ग्रामीणों ने विरोध किया है। कहा कि ग्रामीणों के काफी संघर्ष के बाद यह विदयालय खुला था। कहा कि यदि इसे जबरन मर्ज किया तो ग्रामीण इसका विरोध करेंगे व सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे।

विकास खंड के करालापालड़ी के ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा स्व संग्राम सेनानी स्व महेंद्र सिंह करायत राउमावि को बंद करने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे ग्रामीण नाराज हैं। कहा कि यह विदयालय छह ग्राम सभाओं का विदयालय है तथा इसकी स्थापना के लिए ग्रामीणों ने अपनी भूमि दान की थी तथा इसके बाद कई संघर्ष के बाद इसकी स्थापना हुई। कहा कि इस विदयालय में छात्र संख्या होने के बाद भी इसे लगभग दस किमी दूर के विदयालय में समायोजित किया जा रहा है जो कि ग्रामीणों के साथ ही बच्चों के साथ अन्याय है। उन्होने चेतावनी दी कि यदि विदयालय बद किया तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान फते सिंह करायत, पूरन सिंह, मोहन सिंह, गंगा राम, बालकृष्ण, ललित कुमार, दीवान सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक करोड़ से होगा दीवार का निर्माण

**टनकपुर :** वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत नायकगोठ में मार्ग और दीवार निर्माण के लिए एक करोड रुपए रखे गए हैं। पिछले माह ग्राम पंचायत नायकगोठ के ग्रामीणों ने गांव के प्रज्ञा भारती स्कूल से प्राथमिक विद्यालय तक क्षतिग्रस्त हुए मार्ग को ठीक किए जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से स्कूली बच्चों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को भी आने-जाने में काफी परेशानी होती है। खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी ने बताया कि प्रज्ञा भारती स्कूल से प्राथमिक विद्यालय तक 800 मीटर सड़क और 200 मीटर की दीवार निर्माण कार्य के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत इसके निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ रूपया रखा गया है।

# अल्मोड़ा में 8.75 ग्राम स्मैक के साथ युवक को दबोचा

- पुलिस टीम ने नगर के जाखनदेवी के पास से पकड़ा
- बरामद स्मैक की कीमत 2 लाख 62 हजार 500 रुपये आंकी गई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हीराडुंगरी चौराहे के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से 8.75 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नगर के हीराडुंगरी के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी अक्षय सिंह पुत्र शेर सिंह, निवासी पूर्वी पोखरखाली अल्मोड़ा के 8.75 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 2 लाख 62 हजार 500 रुपये आंकी गई रुपये आंकी गई। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया। टीम में एसआई कृष्ण कुमार, कांस्टेबल विमल टम्टा, राजेश भट्ट, राकेश भट्ट, इरशाद उल्ला शामिल रहे।



अल्मोड़ा पुलिस की गिरफ्त में स्मैक तस्करी का आरोपी युवक। ● अमृत विचार

# बाटनागाड़ में आया मलबा, मार्ग रहा बंद

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** बुधवार की सुबह मानसून के दौरान पहली बार हुई मूसलधार वर्षा से नगर के विभिन्न स्थानों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव हो गया। शहरी क्षेत्र में सड़कों में पानी भरने से लगभग दो घंटे तक वाहनों के संचालन के साथ पैदल चलने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कई जगह दुकानों व घरों में पानी घुस गया। भारी बरसात के कारण पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में भी भारी मलबा आ गया। लोनिवि के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह सामंत ने बताया कि क्षेत्र व पहाड़ में हुई भारी बरसात से बाटनागाड़ में भारी मलबा आ गया, जिसे हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। अपराह्न 2 बजे से यह मार्ग बंद है। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह तक मलबे को हटाकर मार्ग को सुचारु किया जाएगा।


मार्ग पर हुआ जलभराव।

पूर्णागिरि मार्ग बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालु भी परेशान रहे। इधर टनकपुर के विष्णुपुरी कालोनी में विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज के छात्रों की साइकिलें पानी में डूब गईं। मूसलधार वर्षा का सिलसिला तीन घंटे तक अनवरत चलता रहा। सुबह से ही मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में वर्षा शुरू हो गई।

## टैक्सी चालक पर चालानी कार्रवाई हुई

**नैनीताल :** मल्लीताल निवासी एक व्यक्ति ने एक टैक्सी चालक पर अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मल्लीताल निवासी जीवन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि वह मंगलवार को अपने घर से बाजार की ओर आ रहा था। इस दौरान एक टैक्सी चालक वाहन लेकर लापरवाही के साथ तेज गति से उनके बगल से निकला। इस पर उसने टैक्सी चालक को टोकते हुए सही से वाहन चलाने की बात कही। जिस पर टैक्सी चालक ने वाहन रोककर उसके साथ अभद्रता की और मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान उक्त चालक की ओर से उसको जान से मारने की भी धमकी दी गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में वाहन चालक विनोद जोशी के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

# नौले के अस्तित्व को समाप्त करने का आरोप

- कार्यवाही न होने पर ग्रामीण करेंगे आंदोलन

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** विकासखंड द्वाराहाट के मजखाली के ग्राम मल्ली रियूनी के तोक थोकबाखली एवं सदर बाजार स्थित 125 वर्ष प्राचीन नौले से सटकर निर्माण कार्य करने से नौला सूखने की कगार पर व प्रदूषित होने को लेकर क्षेत्रीय ग्रामवासियो में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सामूहिक रूप से ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे।इस आशय की शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी व संयुक्त मजिस्ट्रेट से की है।

भेजे गए पत्र में गांव वासियों ने कहा कि हम समस्त तोकवासियो का 125 वर्ष पुराना नौले से सटकर एक बिल्डर द्वारा जमीन खरीद कर बिजनेस काम्प्लैक्स बनाया जा रहा है। जिसके शौचालय के लिए नौले की गहराई से नीचे तक खुदाई कर नौले के जल को दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि नौले से लगा पीपलपानी स्थल है। जहां पर मृत्यु व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए 12 दिन तक सभी रस्मे की जाती हैं। यह स्थल वैसे भी पवित्र स्थान है। वर्तमान में इस पर भी अतिक्रमण होने से गांववासियो के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायती पत्र में राम सिंह अधिकारी,देवेंद्र सिंह अधिकारी, चंदन सिंह अधिकारी, भगवती अधिकारी, हरि सिंह, पान सिंह, गोविंद सिंह,लक्ष्मी देवी,महेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।

आस्था | पिथौरागढ़ पहुंचे 48 सदस्यीय दूसरे जत्थे में वरिष्ठ भाजपा नेत्री मीनाक्षी लेखी भी शामिल

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों का भव्य स्वागत

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे जत्थे का पिथौरागढ़ पहुंचने पर पारंपरिक अंदाज में केएमवीएन और जिला प्रशासन की तरफ से पारंपरिक तौर पर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-दमाऊ की सांस्कृतिक धुनों पर यात्री उत्साह से थिरकते नजर आए। इस जत्थे में 14 महिलाओं समेत 48 यात्री शामिल हैं।

दूसरे जत्थे के लाइजनिंग ऑफिसर केडी देवल ने बताया कि सभी यात्री बेहद उत्साहित हैं और पूरे जोश के साथ यात्रा में शामिल हुए हैं। खास बात यह है कि इस दल में देश के अलग-अलग राज्यों और भाषाओं के लोग शामिल हैं, जिसने इस जत्थे को खास और विविधता भरा बना दिया है। जत्थे में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेत्री मीनाक्षी लेखी भी शामिल हैं। उन्होंने यात्रा के दोबारा शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा एक आध्यात्मिक और आत्मिक अनुभव है, जिसे शब्दों में बयान करना कठिन है। यह यात्रा हम सभी को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रही है, जहां धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि दल धारचूला में रात्रि विश्राम के बाद गुंजी पहुंचेगा, स्वास्थ्य जांच व स्थानीय मौसम के अनुसार अनुकूलन के लिए दो दिन का ठहराव निर्धारित किया गया है।



पिथौरागढ़ पहुंचा कैलाश मानसरोवर यात्रियों का दूसरा जत्था और यात्रियों का स्वागत करते जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी।

## टनकपुर व बनबसा में जोर-शोर से चल रही धान की रोपाई

**टनकपुर, अमृत विचार :** चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर व बनबसा में इस समय धान की रोपाई जोर-शोर से चल रही है। समय-समय पर हो रही बरसात भी किसानों की धान की रोपाई के लिए फायदेमंद बताई जा रही है।

टनकपुर से लगे गांव आमबाग, ककरालीगेट, ज्ञानखेड़ा, मोहनपुर, छीनीगोठ, सैलानीगोठ, बस्तिया, उचौलीगोठ, नायकगोठ, थवालखेड़ा, बनबसा के चंदनी, गढ़ीगोठ, पचपखरिया आदि क्षेत्रों में भी धान की रोपाई की जा रही है। जगह-जगह हो रही धान की रोपाई से कई लोगों को इस समय रोजगार भी मिल रहा है।

# महोत्सव में लोक कलाकारों के साथ दर्शकों ने लगाए ठुमके

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** बाराकोट ब्लाक के मऊ गांव में तीन दिवसीय मां भगवती पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। लोक सांस्कृतिक कला दर्पण लोहाघाट के दल नायक भैरव राय के दिशा निर्देश में लोक गायक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पहुंचे कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया।

कुमाऊंनी, गढ़वाली सहित देश की बहुआयामी संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों पर दर्शकों ने भी ठुमके लगाए। स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने भी मन मोहक प्रस्तुति दी। मां भगवती मंदिर में पुरोहित मोहन चंद्र ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। मेला समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेला समिति के संयोजक शिवदत्त पंत ने बताया कि गुरुवार को गांव से मां भगवती मंदिर तक देवीरथ यात्रा निकलेगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष अमन सिंह, उपाध्यक्ष जोत सिंह, उमेश सिंह बिष्ट, हयात सिंह अधिकारी, उमेश सामंत, नारायण सिंह, राजू भंडारी, विनोद कुमार, जोतराम, अरुण सिंह, कुंदन सिंह, बलवीर सिंह, सचिन सिंह, चंचल सिंह आदि मौजूद रहे।


मऊ गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार




अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 10 जुलाई 2025


# जवाबी शुल्क से भारतीय कपड़ा क्षेत्र को होगा लाभ

## बांग्लादेश सहित कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला भारत के निर्यातकों के लिए अच्छे संकेत

- **सीआईटीआईने कहा, शुल्क-संबंधी घोषणाओं की प्रगति और उसके प्रभाव पर नजर**

नई दिल्ली, एजेंसी

कपड़ा उद्योग ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के बांग्लादेश सहित कई देशों पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला भारतीय कपड़ा एवं परिधान निर्यातकों के लिए अच्छे संकेत हैं। इससे कीमत के मोर्चे पर भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और और वे अमेरिकी में अपनी पहुंच बढ़ा पाएंगे।

कपड़ा उद्योग का शीर्ष निकाय कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्साटाइल इंडस्ट्रीज (सीआईटीआई) के चेयरमैन राकेश मेहरा ने कहा, हम शुल्क-संबंधी घोषणाओं की प्रगति और उसके क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव पर नजर



रख रहे हैं। यह घोषणा कई देशों से संबंधित हैं जो कपड़ा और परिधान निर्यात क्षेत्र में हमारे प्रतिस्पर्धी हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25% शुल्क लगाने की घोषणा की। वहीं दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया-हर्जेगोविना पर 30, इंडोनेशिया पर 32, बांग्लादेश, सर्बिया पर 35, कम्बोडिया, थाइलैंड पर 36 और लाओस और म्यांमा पर 40% शुल्क लगाने का ऐलान किया। ये शुल्क एक अगस्त से लागू होंगे।

परिधान बनाने वाली और निर्यातक कंपनी सीटीए अपैरल्स प्राइवेट लि. के चेयरमैन डॉ. मुकेश कंसल ने कहा, अमेरिका के बांग्लादेश से आयात पर 35% शुल्क लगाने की घोषणा निश्चित रूप से भारतीय निर्यातकों के लिए सकारात्मक है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वास्तविक स्थिति क्या होती है। शुल्क मुद्दों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी...। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बारे में मेहरा ने कहा कि दोनों देशों के बीच जल्दी एक शुरुआती व्यापार समझौता होने की उम्मीद है। प्रस्तावित समझौता भारत के कपड़ा क्षेत्र में व्यापक सकारात्मक बदलाव ला सकता है और 2030 तक भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस क्षेत्र में भारत का अमेरिका को निर्यात 2.5 अरब डॉलर था।

### तांबे पर 50% शुल्क का भारतीय कंपनियों पर कोई प्रभाव नहीं

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तांबे पर प्रस्तावित 50% आयात शुल्क का भारतीय कंपनियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि देश में तांबे की कमी है। उद्योग जगत के विशेषज्ञ ने यह कहा है। इसके अलावा, कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि भारत तांबे पर अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव पर चर्चा करेगा। इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमरकर ने कहा, भारत तांबे की कमी वाला देश है, और इसका निर्यात, वैसे भी, बहुत ज़्यादा नहीं है। कुल निर्यात में से, अमेरिका को होने वाला निर्यात लगभग 10,000 टन ही है। प्रस्तावित शुल्क का भारतीय कंपनियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसका कारण घरेलू मांग बहुत ज्यादा है, क्योंकि भारत नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और कई अन्य तांबा-प्रधान क्षेत्रों पर ज़ोर दे रहा है। ट्रंप ने इस्पात और एल्युमीनियम पर समान शुल्क लागू करने के बाद मंगलवार को तांबे पर 50% शुल्क लगाने की घोषणा की। जी किशन रेड्डी द्वारा शुक्रवार को जारी दृष्टि-पत्र में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

## द्विपक्षीय व्यापार समझौता एक वैश्विक साझेदारी

द्विपक्षीय व्यापार समझौता दो देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने को किया गया अनुबंध है, जिसमें वस्त्र, सेवाएं, निवेश, बौद्धिक संपदा और टैरिफ से संबंधित नियम तय होते हैं। इसका उद्देश्य व्यापार बाधाओं को कम कर, पारस्परिक लाभ सुनिश्चित करना होता है। इससे देशों के बीच आयात-निर्यात को गति मिलती है, व्यापार संतुलन सुधरता है और आर्थिक सहयोग मजबूत होता है। हालांकि, इससे कुछ घरेलू उद्योगों को नुकसान हो सकता है और असंतुलित लाभ जैसी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं।

### देशों को होने वाले लाभ

- **आर्थिक विकास में तेजी :** समझौते से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ती हैं, जिससे रोजगार और आय में वृद्धि होती है।
- **निर्यात को बढ़ावा :** कंपनियां नए बाजारों में पहुंच पाती हैं, जिससे निर्यात बढ़ता है।
- **प्रतिस्पर्धा में वृद्धि :** विदेशी उत्पादों की उपलब्धता से घरेलू उत्पादक गुणवत्ता बढ़ाने पर मजबूर होते हैं।
- **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण :** निवेश के साथ नई तकनीकें और कार्यशैली का प्रसार होता है।
- **राजनीतिक संबंधों में मजबूती :** व्यापारिक समझौते से द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंध भी मजबूत होते हैं।




### निवेश को बढ़ाना

द्विपक्षीय व्यापारी समझौता दो देशों में सहमति से हुआ समझौता होता है, जिसका मकसद व्यापार और निवेश को बढ़ाना, शुल्क कम करना व नियमों को सरल बनाना होता है। यह समझौता वस्तुओं और सेवाओं की मुक्त आवाजाही को और व्यापारिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाता है।

### संभावित नुकसान

- **घरेलू उद्योगों पर खतरा :** सस्ते विदेशी उत्पादों से स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हो सकते हैं।
- **व्यापार असंतुलन :** कभी-कभी एक देश को अधिक लाभ मिलता है, जिससे असंतुलन पैदा होता है।
- **निर्भरता में वृद्धि :** आवश्यक वस्तुओं के लिए दूसरे देश पर अत्यधिक निर्भरता हो सकती है।
- **विनियामक चुनौतियां :** कुछ नियम घरेलू नीतियों से टकरा सकते हैं, जिससे विवाद पैदा होते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया, यूएई और ब्रिटेन के साथ एफटीए से कृषि क्षेत्र को मिलेगा बेहतर बाजार: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू कृषि क्षेत्र के लिए बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारत का कृषि, पशुपालन और मत्स्य निर्यात चार लाख करोड़ रुपये का रहा है।

गोयल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हम विकसित बाजारों- ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ईएफटीए, ब्रिटेन के साथ एफटीए कर रहे हैं......इन समझौतों के माध्यम से हमने अपने कृषि क्षेत्र के लिए नए बाजार खोले हैं। भारत ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ व्यापार समझौते लागू किए। चार देशों के




यूरोपीय समूह ईएफटीए के साथ एफटीए पर मार्च, 2024 में हस्ताक्षर किए गए, और इस वर्ष के अंत में इसके लागू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा मई में की गई थी। इस पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आयरलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

## केंद्र ने ई-नाम मंच पर बनारसी पान सहित 7 नए उत्पाद जोड़े

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को किसानों को अधिक अवसर और बेहतर मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से ई-नाम मंच पर बनारसी पान सहित 7 अतिरिक्त उत्पादों को शामिल करने की घोषणा की।

इन उत्पादों में गन्ना, मरचा चावल, कतरनी चावल, जर्दालू आम, शाही लीची, मगही पान और बनारसी पान हैं। साथ ही ई-नाम मंच पर उत्पादों की कुल संख्या अब 238 हो गई है। कृषि मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) ने 7 अतिरिक्त कृषि उत्पादों के लिए व्यापार योग्य मानदंड तैयार किए हैं, जो ई-नाम पोर्टल (ईनाम डॉट जीओवी डॉट इन) पर उपलब्ध हैं। व्यापार योग्य मापदंडों का निर्माण हर उत्पाद के लिए एक श्रेणी या रेंज प्रदान करता है और किसानों को उपज की गुणवत्ता पर लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है।

# एमएफ में निवेश 24% बढ़कर 23,587 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में शुद्ध निवेश जून में 24% बढ़कर 23,587 करोड़ रुपये रहा है। इससे 5 महीने से जारी निकासी का क्रम टूटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने बुधवार को कहा कि 52वें महीने एमएफ योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक रहा जो निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

एम्फी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने के दौरान व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) में 27,269 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो मई के 26,688 करोड़ रुपये से अधिक है। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के कार्यकारी



- **एम्फी ने कहा- 52वें महीने योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक रहा**

निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने कहा, खुदरा निवेशकों का भरोसा बढ़ते निवेश प्रवाह से परिलक्षित होता है। यह उद्योग और भारतीय बाजार के लिए काफी सकारात्मक बात है। एमएफ में जून में 23,587 करोड़ का निवेश हुआ, जो मई में आए 19,013 करोड़ के निवेश से अधिक है। 5 माह की गिरावट के बाद इक्विटी कोषों में शुद्ध निवेश बढ़ा है। शुद्ध प्रवाह दिसंबर में घटकर 41,156 करोड़, जनवरी में 39,688 करोड़, फरवरी में 29,303 करोड़, मार्च में 25,082 करोड़ और अप्रैल में घटकर 24,269 करोड़ रुपये रह गया था। इस गिरावट से पहले नवंबर में 35,943 करोड़ का निवेश हुआ था।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के कार्यकारी निदेशक (प्रबंधक शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, यह उछाल निवेशकों में फिर भरोसे को दर्शाता है, जिसे कई क्षेत्रों में मजबूत इक्विटी बाजार प्रदर्शन का समर्थन प्राप्त है। निफ्टी 50 में उछाल व मिड तथा स्मॉल-कैप में और भी मजबूत तेजी सहित व्यापक बाजार लाभ ने इक्विटी निवेश में रुचि को फिर से जगाने में मदद की है।



## एक नजर

### तकनीकी खराबी से दिल्ली जा रहा विमान पटना लौटा

**पटना।** पटना से 175 यात्रियों को लेकर बुधवार सुबह दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान से पक्षी टकरा गया, जिसके बाद इंजन में तकनीकी खराबी आने से विमान जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी 175 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। पटना हवाईअड्डे से जारी बयान में कहा गया, पटना से दिल्ली जाने वाली आईजीओ5009 उड़ान ने सुबह 8.42 बजे उड़ान भरने के बाद पक्षी के टकराने की सूचना दी, निरीक्षण के दौरान रनवे पर मृत पक्षी पाया गया।

### डंकी रूट मामले में पंजाब हरियाणा में ईडी का छापा

**जालंधर।** ईडी ने अमेरिका द्वारा प्रत्यर्पित किए अवैध भारतीय प्रवासियों से जुड़े डंकी रूट मामले की धन शोधन की जांच के लिए पंजाब और हरियाणा के कई शहरों में बुधवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि दो राज्यों में 11 शहरों- पंजाब में अमृतसर, संगरूर, पटियाला और मोगा तथा हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल में संदिग्धों और एजेंटों के कार्यालयों व आवासों की तलाशी ली गई है। यह मामला पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा उन यात्रा/वीजा एजेंटों और बिचौलियों के खिलाफ दर्ज 17 प्राथमिकियों से उपजा है।

### छत्तीसगढ़ में 12 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में माओवादी दंपति समेत 12 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में आठ लाख रुपये तथा पांच लाख रुपये के इनाम वाले शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल: हड़ताल समर्थकों व पुलिस के बीच झड़प

## कई स्थानों पर हुईं मामूली घटनाएं, राज्य सरकार ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों को किया तैनात

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय श्रमिक संगठनों की ओर से आहूत देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थकों की पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर बुधवार को पुलिस के साथ झड़प हुई जबकि राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया कि इस दौरान जनजीवन प्रभावित न हो। बंगाल में वाम दलों द्वारा समर्थित एवं 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आहूत हड़ताल उदारीकरण, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, बेरोजगारी, ठेका व्यवस्था और अन्य मुद्दों के खिलाफ की जा रही है।

बंद के दौरान हिंसा को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति को दोहराते हुए बंगाल पुलिस ने हड़ताल समर्थकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया और उन्हें उन स्थानों से जबरदस्ती




केंद्र सरकार के खिलाफ ट्रेड यूनियन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान विरोध रैली में भाग लेते लोग।

हटाया, जहां वे जनजीवन को बाधित करने की कोशिश कर रहे थे। इन उपायों के बावजूद, हड़ताल के समर्थकों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सड़कों और रेल की पटरियों को अवरुद्ध किया और कुछ इलाकों में दुकानों व प्रतिष्ठानों को बंद कराने की कोशिश की।

बंगाल में सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों की बैंकिंग सेवाएं बड़े पैमाने पर प्रभावित हुईं। कोलकाता में 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर धरना देने की कोशिश के दौरान पुलिस से हाथापाई की। प्रदर्शनकारियों ने पुतले फूंके और टायरों में आग लगाई। पुलिस ने 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) नेता सृजन भट्टाचार्य सहित कुछ समर्थकों को हिरासत में ले लिया।

कॉलेज स्ट्रीट चौराहे पर एसएफआई समर्थकों और पुलिस के बीच उस समय झड़प हो गई जब पुलिसकर्मियों ने सड़क पर लगे अवरोधकों को हटाने और कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने की कोशिश की। बंद समर्थकों द्वारा जेल वैन से बंदियों को जबरन निकालने और पुलिस की पकड़ से छुड़ाने की कोशिशों के दौरान झड़प और बढ़ गयी। हावड़ा के डोमजूर में जब हड़ताल समर्थकों ने सड़क बाधित करने की कोशिश की तो पुलिस को उन्हें हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। उत्तर बंगाल में पुलिस ने नाकाबंदी की कोशिश कर रहे हड़ताल समर्थकों को सड़कों से हटा दिया।

# पंजाब में आतंकी साजिश नाकाम हथियारों का जखीरा बरामद

चंडीगढ़, एजेंसी

- **पंजाब में कई स्थानों पर हमले की साजिश पाकिस्तानी एजेंसियों और रिंदा ने यह खेप भारत पहुंचाई**

पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान के आतंकी हरविंदर रिंदा द्वारा रची गई बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए गुरदासपुर के एक वन क्षेत्र से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जांच में पाया गया कि पंजाब में कई स्थानों पर हमले करने की पूर्व नियोजित साजिश के तहत पाकिस्तानी एजेंसियों और रिंदा ने यह खेप भारत पहुंचाई थी।

यादव ने एक्स पर कहा, खुफिया अभियान में गैंगस्टर रोधी कार्यबल (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के ऑपरेटिव हरविंदर रिंदा द्वारा रची बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए एजीटीएफ की टीमों ने गुरदासपुर के वन क्षेत्र से आतंकवादी सामग्री का जखीरा बरामद किया और इससे पहले कि यह रिंदा के सहयोगियों तक पहुंच पाता इसे अपने कब्जे में ले लिया। इसमें दो एके-47 राइफलें, 16 कारतूस, दो मैगजीन और दो पी-86 (उच्च विस्फोटक) हथगोले हैं। उन्होंने कहा, जांच से पता चला कि यह खेप पंजाब में कई स्थानों पर हमले करने की पाकिस्तानी एजेंसियों और रिंदा की पूर्व नियोजित साजिश के तहत भारत भेजी गई थी। गुरदासपुर के पुराना शाला पुलिस थाने में विस्फोटक अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीजीपी ने कहा, हथियारों की खेप पहुंचाने में शामिल रिंदा के गुर्गों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# नीति आयोग के मानचित्र में बिहार बना पश्चिम बंगाल

कोलकाता, एजेंसी

- **मुख्यमंत्री ममता ने तुरंत सुधार किए जाने और माफी मांगने को कहा**

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को नीति आयोग के उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर उसकी आधिकारिक सारांश रिपोर्ट में राज्य को बिहार के रूप में दर्शाने पर कड़ी आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री ने इस त्रुटि की निंदा की और उनसे माफी की मांग करते हुए इस संबंध में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।

इससे पहले, टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने एक्स पर उस मानचित्र का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें बिहार को पश्चिम बंगाल दर्शाया गया है। बनर्जी ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी को लिखा, मैं अत्यधिक चिंता और स्पष्ट अस्वीकृति के साथ लिख रही हूं कि नीति आयोग द्वारा प्रकाशित और इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध 'पश्चिम बंगाल राज्य के लिए सारांश रिपोर्ट' में इस राज्य को दर्शाने वाले मानचित्र में बिहार के क्षेत्र को दर्शाया गया है। इस त्रुटि को नीति आयोग की गंभीर चूक बताते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नीति आयोग के आधिकारिक प्रकाशन में इस तरह की बड़ी गलती राज्यों के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाती है। बंगाल सरकार इस त्रुटि की कड़ी निंदा करती है।

## उदयपुर फाइल्स पर प्रतिबंध की मांग निर्माता को स्क्रीनिंग का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दर्जी कन्हैया लाल हत्या मामले पर आधारित उदयपुर फाइल्स के निर्माता को निर्देश दिया कि वह फिल्म पर प्रतिबंध का अनुरोध करने वालों के लिए इसकी 'स्क्रीनिंग' करें। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) और निर्माताओं ने अदालत को बताया कि फिल्म के आपत्तिजनक हिस्सों को हटाया गया है, जिसके बाद पीठ ने यह निर्देश पारित किए। पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें दावा किया गया था कि फिल्म से देश में सांप्रदायिक तनाव भड़क सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की खंडपीठ ने निर्माताओं को याचिकाकर्ताओं के लिए बुधवार को ही स्क्रीनिंग की व्यवस्था का निर्देश दिया।

- **सीबीएफसी ने हाईकोर्ट में आपत्तिजनक हिस्सों को हटाने की कही बात**

### पानी ही पानी



महाराष्ट्र के नागपुर में बुधवार को हुई भारी बारिश से बाढ़ का पानी आबादी क्षेत्र में घुस गया, जिससे आमजीवन प्रभावित रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के जारी रेड अलर्ट के बाद प्रशासन ने स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। एजेंसी

# महाराष्ट्र चुनाव में धांधली हुई, हम बिहार में ऐसा नहीं होने देंगे : राहुल

पटना, एजेंसी

- **बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ विरोध मार्च में गांधी ने लिया हिस्सा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि 2024 के महाराष्ट्र विस चुनावों में भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली हुई और केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनावों में ऐसा करना चाहती है।

गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ पटना में निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक विरोध मार्च के दौरान इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से कहा, महाराष्ट्र विस चुनावों में भाजपा और राजग को लाभ पहुंचाने के लिए धांधली हुई थी। वे बिहार में भी इसे दोहराना चाहते हैं जो हम होने नहीं देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में हेराफेरी करने के महाराष्ट्र मॉडल का विस्तार है और इससे न केवल लोगों के वोट देने के अधिकार को बल्कि उनके पूरे भविष्य को हथिया लिया जाएगा। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को संविधान की रक्षा करनी चाहिए... वह भाजपा के निर्देशों पर काम कर रहा है। इन निर्वाचन आयुक्तों को भाजपा ने ही नामित किया है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चुनावी चोरी का एक प्रयास है। हम निर्वाचन आयोग को मतदाताओं, खासकर युवाओं के (मतदान के) अधिकार छीनने नहीं देंगे।

## महाराष्ट्र : शिवसेना विधायक ने कैंटीन कर्मचारी को मारा थप्पड़

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने बासी भोजन परोसने पर मुंबई में विधायक हॉस्टल के कैंटीन के कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। मंगलवार रात को हुई इस घटना के बाद बुलढाणा के विधायक ने कहा कि उन्हें परोसे गए भोजन की गुणवत्ता खराब थी और वह इस मुद्दे को महाराष्ट्र विस के मानसून सत्र में उठाएंगे। बहरहाल, कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस बर्ताव के लिए गायकवाड़ की आलोचना की है। यह घटना 'आकाशवाणी एमएलए' हॉस्टल में हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। वीडियो में विधायक गायकवाड़ कैंटीन संचालक को फटकार लगाते हुए, बिल के भुगतान से इनकार करते हुए और बिलिंग काउंटर पर बैठे कर्मचारी को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं। गायकवाड़ ने कहा, मैंने दो-तीन बार पहले भी भोजन की खराब गुणवत्ता की शिकायत की थी। लेकिन इस बार तो भोजन बिल्कुल खराब था।

# दिल्ली दंगा : देश को बदनाम करने की थी साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में दलील दी कि फरवरी 2020 के दंगों की मंशा शरजील इमाम और उमर खालिद समेत आरोपी व्यक्तियों द्वारा सुनियोजित आपराधिक साजिश के जरिये विश्व स्तर पर राष्ट्र को बदनाम करना था। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं का विरोध किया।

उसने न्यायमूर्ति नवीन चावला और शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष दलील दी कि यह कोई स्वतःस्फूर्त दंगा नहीं था, बल्कि सुनियोजित कृत्य था। पीठ ने पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और आरोपियों के



- **हाईकोर्ट ने आरोपियों की जमानत पर अपना फैसरा रखा सुरक्षित**

वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मेहता ने कहा, यदि आप अपने देश के विरुद्ध कुछ कर रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप तब तक जेल में रहें जब तक कि आप बरी नहीं हो जाते या दोषी न ठहरा दिये जाते। देश की राजधानी में दंगा हुआ जिसमें 100 पुलिसकर्मी और 41 अन्य आम लोग घायल हो गए और एक पुलिसकर्मी की जान चली गई। मेहता ने आरोपी की लंबी अवधि तक जेल में रहने पर कहा कि केवल लंबे समय तक जेल में रहना जमानत देने का आधार नहीं है। उन्होंने षड्यंत्र मामले में पुलिस की जांच को बेहतरीन बताया, जहां अभियोजन पक्ष ने मजिस्ट्रेट के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत 58 बयान दर्ज कराए। उन्होंने कहा, यह दंगे के सामान्य मामले में जमानत का मामला नहीं है। हम सुनियोजित, और संगठित साजिश से निपट रहे हैं, जो देश की राजधानी में एक विशेष दिन और समय को लक्ष्य बनाकर शुरू होती है।'

### पुलिस को गवाह के रूप बुलाने पर ड्यूटी न लगाए

दिल्ली दंगों के एक मामले की सुनवाई कर रही अदालत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से यह सुनिश्चित करने को कहा कि पुलिस को गवाह के रूप में अदालत में पेश होने के दिन कोई ड्यूटी नहीं सौंपी जाए, जब तक कि यह अपरिहार्य न हो। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह दयालपुर पुलिस थाने द्वारा दर्ज मामले की सुनवाई कर रहे थे। अदालत ने 4 जुलाई को कहा था कि जांच अधिकारी निरीक्षक मनोज कुमार ने इस आधार पर पेश नहीं हो पाने का अनुरोध भेजा था कि उन्हें 1 से 10 जुलाई के बीच भारत मंडपम में पूर्व निर्धारित ड्यूटी सौंपी गई है।

# लॉड्‌र्स की पिच पर होगी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा

## बढ़त बनाने के इरादे से उतरेंगी दोनों टीमें, जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय टीम को मिली मजबूती



शुभमन गिल।

लंदन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लॉड्‌र्स की चुनौती पूर्ण पिच पर सफलता हासिल करने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करना होगा जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की भी कड़ी परीक्षा होगी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता था और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला अभी बराबरी पर है। भारत की दूसरे मैच में 336 रन से जीत के बाद हालांकि समीकरण काफी बदल गए हैं।

भारत ने अभी तक दोनों मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा है और अगर उसने पहले टेस्ट मैच में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो वह सीरीज में 2-0 से आगे होता। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए उसे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली जिन्होंने इस श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है। गिल एंड कंपनी द्वारा बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की ज़बरदस्त सफलता मेज़बान टीम के लिए नुक़सानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है जिस पर अच्छी सीम मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉड्‌र्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती भी है।

बुमराह और जोफ्रा आर्चर की वापसी से बल्लेबाजों का काम और कठिन हो जाएगा। बल्लेबाज़ी विभाग में भारतीय टीम के लिए ज़्यादा चिंता की कोई बात नहीं है, सिवाय करुण नायर के फॉर्म के, जो लेंथ से उछलती गेंदों के सामने थोड़े असहज दिखे हैं। इंग्लैंड यशस्वी जायसवाल की शॉर्ट पिच गेंदों से परीक्षा लेने की कोशिश करेगा लेकिन पूरी संभावना है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रन बनाने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लेगा।



लंदन के खूबसूरत लॉड्‌र्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

### टीमें

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**इंग्लैंड की अंतिम एकादश :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

### 2021 के बाद पहला टेस्ट खेलेंगे आर्चर



लंदन : स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 2021 के बाद से अपने पहले टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने उन्हें भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल करके अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश की है। वह टीम में जोश टंग की जगह लेंगे। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने लॉड्‌र्स में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में एकमात्र यही बदलाव किया है। जोफ्रा ने अपना आखिरी टेस्ट मैच भारत के खिलाफ ही अहमदाबाद में खेला था। कोहनी और पीठ की चोटों के बाद आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए केवल सीमित ओवर की क्रिकेट की खेली है।

### अरुण लाल ने कहा, आकाश दीप बेहद खास थे

नयी दिल्ली : पूर्व भारतीय क्रिकेटर अरुण लाल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाश दीप के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि वह 'बेहद खास' थे। आकाश दीप ने एजबेस्टन में इंग्लैंड पर भारत की 336 रन की जीत के दौरान 10 विकेट चटकाए थे। उन्होंने पहली पारी में 88 रन देकर चार विकेट लिए और फिर दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट चटकाते हुए मैच में 187 रन देकर 10 विकेट लिए। वह 145 किमी प्रति घंटे की गति से गेंद फेंक सकता है और उसमें साझेदारी तोड़ने की अद्भुत क्षमता है।

## टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में गिल पहली बार शीर्ष 10 में शामिल

दुबई, एजेंसी

● **सीरीज से पहले 23वें स्थान पर थे, आईसीसी की ताजा रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अपने करियर में पहली बार बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए। गिल ने मैच में 269 और 161 रन की पारी खेली थी जिससे वह टेस्ट की दोनों पारियों में 150 से अधिक रन बनाने वाले इतिहास के केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए। इस प्रदर्शन से भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में यह उनकी पहली जीत भी थी।

श्रृंखला से पहले 24 वर्षीय शुभमन 23वें स्थान पर थे और बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 15 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। एजबेस्टन में 430 रन से उन्होंने अभी तक दो टेस्ट में कुल 585 रन बना लिए हैं। अभी श्रृंखला में तीन मैच और खेले जाने हैं। गिल के करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने सितंबर 2023 में हासिल की थी। वहीं वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के चरित असलंका (छठे स्थान पर) और कुसल मेंडिस (10 पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर) ने बांग्लादेश पर 2-1 से श्रृंखला जीत के बाद छलांग लगाई है। श्रृंखला में नौ विकेट लेने के बाद वानिंदु हसरंगा

### एक नजर

#### प्रो कबड्डी लीग का 12वां चरण 29 अगस्त से शुरू होगा

**मुंबई :** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि इसका 12वां चरण 29 अगस्त से शुरू होगा। नए सत्र में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स अपने खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगी। आयोजकों ने कहा हाल में संपन्न नीलामी से सभी 12 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमों को मजबूत किया है और आगामी सत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी जिससे दर्शकों का मनोरंजन होगा। लीग के आयोजक 'मशाल स्पोर्ट्‌स' ने कहा कि मैचों के लिए स्थलों और अन्य चीजों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। लीग के 12वें सत्र की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में हुई जिसमें रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने एक करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध हासिल किए।

#### एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा, फाइनल 25 जनवरी को

**जोहानिसबर्ग :** एसए20 के आयोजकों ने कहा कि लीग के चौथे सत्र की शुरुआत 26 दिसंबर को न्यूलैंड्स में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस केप टाउन और डरबन के सुपर जायंट्स के बीच 'बॉक्सिंग डे' मुकाबले के साथ होगी। फाइनल 25 जनवरी को होगा। 27 दिसंबर को सत्र का पहला 'डबल-हेडर' (एक दिन में दो मुकाबले) होगा जिसमें सेंचुरियन प्रिटोरिया कैपिटल्स व जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच एक विशेष मुकाबले की मेजबानी करेगा जबकि पार्ल रॉयल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप बोलैंड पार्क में भिड़ेंगे। लीग का फाइनल 25 जनवरी को होगा जिसमें क्वालिफायर एक 21 जनवरी, एलिमिनेटर 22 जनवरी और क्वालिफायर दो 23 जनवरी को होगा।

#### भारत के एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली :** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड (आरएपी) में 10 दिनों से भी कम समय में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। ग्वाइट ने 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे (नौ दिन, 21 घंटे) में पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। इस स्पर्धा में 60 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा-साइकलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की।

#### जोआओ पेड्रो के दो गोल से चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका) :** जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियाल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।

### ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ने की राह पर हैं भारतीय कप्तान : दिलीप वेंगसरकर

**मुंबई :** पूर्व भारतीय बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि 'विश्वस्तरीय' शुभमन गिल के लिए कप्तान के रूप में फैसले करने के लिए ढेरों रन बनाना बेहद जरूरी था। गिल ने केवल चार पारियों में तीन शतक की मदद से 585 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 269 रन रहा है। वेंगसरकर ने कहा उन्होंने एक कप्तान और एक बल्लेबाज के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह बहुत जरूरी था कि वे रन बनाएं जिससे कि वह बिना दबाव के फैसले कर सकें और आगे बढ़कर नेतृत्व कर सकें। वह एक विश्वस्तरीय बल्लेबाज हैं और उन्होंने इंग्लैंड में यह दिखाया। चार पारियों में 585 रन बना चुके गिल टेस्ट इतिहास में किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी श्रृंखला में सर्वकालिक सर्वाधिक रन बनाने का सर डोनाल्ड ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ने की राह पर है। ब्रैडमैन ने 1930 की एशेज श्रृंखला में 974 रन बनाए थे। गिल अब ब्रैडमैन के रिकॉर्ड से 390 रन पीछे हैं और वेंगसरकर ने कहा कि गिल इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं।

### शुभमन ने दिखा दिया कि वह 'फैब फोर' की जगह लेने में सक्षम हैं : रामप्रकाश

लंदन : इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारत के नये कप्तान शुभमन गिल की उनके दमखम, कौशल और जज्बे के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज ने दिखा दिया है कि वह अवसान पर चल रहे 'फैब फोर' (पिछले एक दशक में दुनिया के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज) से जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है। गिल ने बर्मिंघम टेस्ट की दोनों पारियों में 269 और 161 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 147 रन भी बनाए थे। रामप्रकाश ने 'द गार्डियन' में लिखा हमें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण स्थापित करने के लिए उनकी सहनशक्ति, उनके कौशल और उनके जज्बे की दाद देनी होगी। उन्होंने कहा कप्तानी किसी खिलाड़ी की फॉर्म पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसने उन्हें एकाग्र किया है।

## जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो संन्यास का समय आ गया है : कोहली

लंदन, एजेंसी

● **युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में विराट ने खूब किया हंसी मजाक**



विराट कोहली। ● एजेंसी

भारतीय स्टार विराट कोहली ने लंदन में युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में बात करते हुए खूब हंसी मजाक किया और कहा कि 'जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं तो मतलब है कि समय आ गया है'। कोहली अब लंदन में रहते हैं। वह हाल में विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में दिखाई दिए जिसमें वह भूरे रंग के सूट में काफी स्टाइलिश लग रहे थे। इसके बाद वह तुरंत 'यूवीकैन' कैंसर फंडरेजर (धनराशि जुटाना) कार्यक्रम में पहुंच गए। भारतीय टीम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थी। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता ने कोहली के टीम का हिस्सा नहीं होने का जिक्र क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी।

प्रस्तुतकर्ता गौरव कपूर ने कहा मैदान पर हमें आपकी कमी खलती है। रवि शास्त्री, क्रिस गेल, केविन पीटरसन और युवराज तब कोहली के बगल में खड़े थे और इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ देर रुककर जवाब दिया मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। आपको पता है कि जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी रंगते हैं तो यह आराम करने का समय होता है। कोहली इस 'फंडरेजर' कार्यक्रम के बीच में आए लेकिन स्पष्ट रूप से 'शोस्टॉपर' रहे।

उन्होंने शास्त्री के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की जो उस समय मुख्य कोच थे जब कोहली टेस्ट टीम को नयी ऊंचाइयों पर ले गए थे। कोहली ने कहा सच कहूं तो अगर मैं तब उनके साथ नहीं होता तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वो मुमकिन नहीं हो पाता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी वो ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटरों के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ होता है। कोहली ने कहा उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में जिस तरह सवालों का डटकर सामना किया, वह अहम था। वर्ना चीजें अलग हो सकती थीं। मेरे मन में हमेशा उनके लिए सम्मान और आदर है क्योंकि वह मेरी क्रिकेट यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे। शास्त्री ने भी कोहली की तारीफ का जवाब देते हुए कहा कि वह पिछले 15 साल के सबसे प्रभावशाली क्रिकेटर हैं।



लॉड्‌र्स क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान ऋषभ पंत। ● एजेंसी

## गेंद की हालत कभी इतनी खराब होते नहीं देखी: पंत

लंदन, एजेंसी

भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में इस्तेमाल की जा रही ड्यूक्स गेंद की गुणवत्ता की आलोचना करते हुए कहा कि बुधवार को कहा कि उन्होंने लाल गेंद को इस हद तक बिगड़ते कभी नहीं देखा।

ड्यूक्स की गेंद का आकार बिगड़ रहा है जिससे इस श्रृंखला में खिलाड़ी नियमित रूप से अंपायरों के पास जाकर गेंद को बदलने की मांग कर रहे हैं। गेंद के नरम होने के बाद गेंदबाजों को इससे कोई मदद नहीं मिल रही जिससे बल्लेबाज-गेंदबाज मुकाबला मुख्य रूप से नई गेंद तक ही सीमित रह गया है। बृहस्पतिवार से लाड्‌र्स में शुरू हो रहे टेस्ट से पहले पंत ने कहा कि गेंद एक बड़ी समस्या बन गई है और यह खेल के लिए अच्छी नहीं है।

पंत ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा गेंदों को मापने का गेज (चाहे ड्यूक्स हो या कूकाबुरा) एक जैसा होना चाहिए। लेकिन अगर यह छोटा होता तो बेहतर होता (हंसते हुए)। गेंदें बहुत परेशानी दे रही हैं।

## अल्काराज और अनिसिमोवा सेमीफाइनल में



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच जीतने का जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी

लंदन, एजेंसी

गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया।

सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं।



कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

### सैमसोनोवा को हराकर स्वियातेक पहली बार सेमीफाइनल में

**लंदन :** इगा स्वियातेक ने बुधवार को यहां 19वीं वरीय ल्युडमिला सैमसोनोवा को सीधे सेट में हराकर पहली बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से हराया। चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली स्वियातेक को पेशेवर के रूप में विंबलडन में सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा है और यहां पांच प्रयास में इस साल से पहले वह सिर्फ एक बार 2023 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं थी। उन्होंने हालांकि 2018 में जूनियर चैंपियनशिप जीती थी। पोलैंड की 24 साल की स्वियातेक बृहस्पतिवार को होने वाले सेमीफाइनल में सातवीं वरीय माइरा आंद्रीवा और बेलिंडा बेनसिच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### फोगनिनी ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस को कहा अलविदा

**लंदन :** दुनिया के पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी फाबियो फोगनिनी ने पिछले हफ्ते कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ विंबलडन के पहले दौर मे हार के बाद बुधवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। इटली के 38 साल के फोगनिनी को अल्कारेज ने पहले दौर के मैच में साढ़े चार घंटे से अधिक समय में 7-5, 6-7, 7-5, 2-6, 6-1 से हराया था। यह फोगनिनी की टूर स्तर पर लगातार 10वीं हार थी। उन्होंने 2025 में अपने सभी सात मुकाबले गंवाए हैं। फोगनिनी ने इससे पहले कहा था कि वह सत्र के अंत में अपने करियर को खत्म करेंगे लेकिन बुधवार को उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में प्रेस कांफ्रेंस करके संन्यास की घोषणा की। फोगनिनी ने कहा यह अलविदा करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है। विंबलडन फोगनिनी का 63वां ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट था। उनका ग्रैंडस्लैम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 फ्रेंच ओपन में रहा जब वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। वह हालांकि चोट के कारण उस मुकाबले में नहीं खेले थे।

# इसरो गगनयान प्रणोदन प्रणाली के हॉट टेस्ट पूरे करने में सफल

- इसरो ने कहा, पूर्वानुमान के अनुसार सामान्य रहा परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने तीन जुलाई को महेंद्रगिरि में अपने प्रणोदन परिसर में गगनयान सेवा मॉड्यूल प्रणोदन प्रणाली (एसएमपीएस) के दो हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरे किए।

हॉट टेस्ट एक प्रकार का परीक्षण होता है जिसमें रॉकेट या अंतरिक्ष यान की प्रणोदन प्रणाली को वास्तविक स्थितियों में चलाकर परखा जाता है। यह परीक्षण सुनिश्चित करता है कि इंजन या थ्रस्टर अंतरिक्ष में अपेक्षित परिस्थितियों में सही काम करेंगे या नहीं। इसरो ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ये परीक्षण बेहद कम समय क्रमशः 30 और 100 सेकंड तक चले, जिनका उद्देश्य नमूना विन्यास (टेस्ट आर्टिकल कन्फीग्यूरेशन) को सत्यापित करना था।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इन हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का कुल प्रदर्शन परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। 100 सेकंड के परीक्षण के दौरान सभी प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स का विभिन्न मोड (स्थिर अवस्था, पल्स मोड) में एक साथ संचालन किया गया। साथ ही सभी लिक्विड एपोजी मोटर इंजनों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। 'लिक्विड एपोजी मोटर' एक तरल ईंधन आधारित रॉकेट इंजन होता है, जिसका उपयोग उपग्रह को अंतिम कक्षा में पहुंचाने के लिए किया जाता है।

# अब रूबियो बोले, ट्रंप ने रुकवाया भारत और पाकिस्तान का युद्ध

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अब दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में वाशिंगटन ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया।

व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक में ट्रंप के पास बैठे रूबियो ने यह दावा किया। रूबियो ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के बीच शांति समझौते का भी जिक्र करते हुए कहा, हम एकमात्र देश हैं, जो ऐसा कर सकते हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच शांति समझौता होगा। सीरिया और लेबनान के कारण अब पूरे पश्चिम एशिया और इसके बुनियादी ढांचे में बदलाव की संभावना है। यह आपके नेतृत्व में शानदार काम का प्रमाण है।

## बेतहाशा बढ़ीं घटनाएं

# लगातार गिर रहे पुल

देश में पुल गिरने की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। इन दुर्घटनाओं से न सिर्फ जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि हुई है बल्कि निगरानी की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी उजागर हुई है। देश के कुछ राज्यों में पुल गिरने की घटनाएं दूसरे राज्यों की तुलना में ज्यादा हुई हैं जो उनके निर्माण में भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करती हैं। केंद्र सरकार की ओर से गाइड लाइन भी जारी की गई है लेकिन लगातार घटनाएं साफ बता रही हैं कि या तो इसकी अनदेखी की जा रही है या उसका कोई असर नहीं हो रहा है। पुराने पुलों की नियमित जांच न होना आम बात है, इसके अलावा डिजाइन और इंजीनियरिंग में दोष के साथ घटिया सामग्री के इस्तेमाल जैसे मामले भी इन घटनाओं में सामने आए हैं। कुछ मामलों में भारी बारिश या बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं भी पुल गिरने का कारण बनी हैं।

### आठ साल में गिरे सौ से ज्यादा पुल, लगभग 650 मौतें

पुलों के गिरने की घटनाओं का केंद्रीय डेटा तो सार्वजनिक रूप से अधूरी स्थिति में है लेकिन राज्यवार आंकड़ों के मुताबिक पिछले आठ साल में देश में करीब सौ पुल गिरे हैं और इनमें लगभग साढ़े छह सौ लोगों की जानें गई हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में नौ पुल गिरे जिनमें 60 लोगों की जानें गईं। 2018 में इस तरह की 12 घटनाओं में 80 लोगों की मौत हुई। 2019 में 8 घटनाओं में 45, 2020 में 10 घटनाओं में 30, 2021 में 11 घटनाओं में करीब 40, 2022 में 15 घटनाओं में 140, 2023 में 19 घटनाओं में 180 और 2024 में नौ घटनाओं में करीब 60 लोगों की मौत हुई। इन घटनाओं में घायल होने वालों की संख्या भी सैकड़ों में है।



### जांच और दोष निर्धारण

मोरबी हादसे में ओरेवा कंपनी के खिलाफ एफआईआर हुई और नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। भागलपुर मामले में निर्माण कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया। मुंबई हादसे में दो बीएमसी इंजीनियर सस्पेंड हुए और ठेकेदार पर केस किया गया। 2018 में वाराणसी में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने के मामले में यूपी ब्रिज कॉरपोरेशन के तीन अधिकारी सस्पेंड किए गए। हालांकि किसी भी मामले में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी जो नजीर बन पाती।

### प्रमुख घटनाएं, अनुमानित कारण

- गुजरात के मोरबी में माच्छू नदी का झूला पुल 1887 में बना था जिसकी 2022 में मरम्मत हुई। इसी साल ये पुल गिर गया। पुराने पुल का जल्दबाजी में उद्घाटन कर दिया गया था।
- बिहार के भागलपुर में 1700 करोड़ का निर्माणाधीन अगवानी–सुल्तानगंज पुल 2023 में ढह गया। जांच के बाद गिरने का कारण ढांचे में अस्थिरता और तकनीकी खामी को बताया गया।
- महाराष्ट्र के मुंबई में 1984 में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बना सीएसएमटी फुटओवर ब्रिज 2019 में ढह गया। इस पुल के गिरने के पीछे रखरखाव की कमी को प्रमुख कारण बताया गया।
- हरियाणा के अंबाला में 2015 में 22 करोड़ की लागत से बना नेशनल हाईवे ब्रिज 2024 में गिर गया। बताया गया कि पुल की नींव में पानी जा रहा था लेकिन उसकी अनदेखी कर दी गई।
- उत्तर प्रदेश के वाराणसी में वर्ष 2018 में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का स्लैब गिर गया। इसमें 18 लोगों की मौत हुई, 20 से ज्यादा घायल हुए। निर्माण में गुणवत्ता की कमी पाई गई।

### बिहार में सबसे ज्यादा गिरे

बिहार में पुल गिरने की अनुमानित घटनाएं 20 से ज्यादा, महाराष्ट्र में 15 से ज्यादा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में 10 से ज्यादा और गुजरात में आठ से ज्यादा हुई हैं।

### ये कदम उठाए सरकार ने

ब्रिज सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य करते हुए एनएचएआई और राज्य लोक निर्माण विभाग को निर्देश जारी किए गए। इंजीनियरिंग ऑडिट के साथ आईआईटी जैसे संस्थानों से पुलों का मूल्यांकन कराने और डिजिटल ट्रैकिंग के लिए सड़क और पुलों की जियो टैगिंग का निर्देश।

## एक नजर

### रूस अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ने का दोषी: कोर्ट

**द हेग।** यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि रूस ने यूक्रेन में अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन किया है। साथ ही अदालत ने 2014 में विमान एमएच 17 को मार गिराए जाने के लिए भी रूस को जिम्मेदार ठहराया जिसमें 298 लोगों की जान चली गई थी। यूक्रेन पर 2022 से जारी रूस के हमलों के बीच पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय अदालत ने मॉस्को को मानवाधिकारों के हनन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। यह भी पहली बार है जब अंतरराष्ट्रीय अदालत ने 2014 की विमान त्रासदी के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है।

### पाकिस्तान-तुर्किये रक्षा व आर्थिक संबंध बढ़ाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और तुर्किये ने बुधवार को रक्षा, व्यापार, ऊर्जा एवं बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की, जिसका लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को 5 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाना है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और रक्षा मंत्री यासिर गुलेर की पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ वार्ता के दौरान यह सहमति बनी। डार ने कहा, पाकिस्तान रक्षा क्षेत्र में तुर्की की विशेषज्ञता और अनुभव से लाभ उठाना चाहेगा। दोनों देश पूरे क्षेत्र में शांति को बढ़ावा देने के लिए अपने सहयोग को और मजबूत करेंगे।

### हैदराबाद के कारोबारी से जम्मू में तीन करोड़ ठगे

**जम्मू।** हैदराबाद के एक कारोबारी को दुर्लभ रत्न नीलम में निवेश का सपना उस समय महंगा पड़ गया जब ठगों ने स्वयं को रत्न कारोबारी बताकर उससे तीन करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलिस की मदद से व्यवसायी को 62 लाख रुपये वापस मिल गए। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### गाजा : इजराइल के हमले में मारे गए 40 फलस्तीनी

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइल के हवाई हमलों में 40 फलस्तीनियों की मौत हो गई। ये हमले तब हुए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के युद्धविराम समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिका में हैं। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के नासिर अस्पताल ने बताया कि मृतकों में 17 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। हमले में एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।

# शक्ति नहीं, संवाद से भविष्य को आकार दें भारत-अफ्रीका: मोदी

## नामीबिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री

विंडहोक, एजेंसी

भारत के वैश्विक मामलों में अफ्रीका की भूमिका को महत्व देने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दोनों पक्षों को एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए जो शक्ति और वर्चस्व से नहीं, बल्कि साझेदारी एवं संवाद के जरिए हो।

नामीबिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अफ्रीका को केवल कच्चे माल का स्रोत नहीं बनना चाहिए बल्कि इसे मूल्य संवर्धन और सतत विकास में अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अफ्रीका के साथ अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर है।

उन्होंने कहा, अफ्रीका में हमारी विकास साझेदारी 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की है लेकिन इसका वास्तविक मूल्य, साझा विकास और साझा उद्देश्य में निहित है। हम स्थानीय स्तर पर कौशल निर्माण, रोजगार सृजन और नवाचारों का समर्थन जारी रखेंगे। मोदी ने भारत और नामीबिया के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत नामीबिया के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है। भारत और नामीबिया के बीच सहयोग, संरक्षण और करुणा की सशक्त कहानी है।



पीएम नरेंद्र मोदी ने विंडहोक में नामीबिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया।

### नामीबिया में भी मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**विंडहोक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एनशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से नवाजा गया। यह सम्मान नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी-नदैतवा द्वारा प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के आखिरी चरण में नामीबिया में हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली और भारत से किसी प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार ग्रहण करने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें प्रदान किया गया यह 27वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### यूपीआई लाइसेंसिंग समझौता हुआ, द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का निर्णय

**विंडहोक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नेंडी नदैतवा के बीच वार्ता के बाद बुधवार को यह घोषणा की गई कि अफ्रीकी देश इस वर्ष के अंत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरुआत करेगा। दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोदी-नदैतवा वार्ता में, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। पिछले वर्ष अप्रैल में एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) और बैंक ऑफ नामीबिया के बीच यूपीआई प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर हुए हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप इस वर्ष के अंत में नामीबिया में डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू करने की घोषणा की गई।

# व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए जूनियर्स को परेशान करना रैगिंग

- लगातार शिकायतें मिलने के बाद यूजीसी ने लागू किए नए नियम

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे कनिष्ठ छात्रों को परेशान करने के लिए बनाए गए किसी भी अनौपचारिक 'व्हाट्सएप ग्रुप' पर नजर रखें।

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के ग्रुप को रैगिंग माना जाएगा और रैगिंगरोधी नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यूजीसी को नए छात्रों से हर साल दर्जनों शिकायतें मिलती हैं, जिनमें वरिष्ठ छात्रों द्वारा उन्हें परेशान किए जाने के आरोप लगाए जाते हैं।

यूजीसी ने अपने नवीनतम निर्देश में कहा, कई मामलों में वरिष्ठ छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हैं, कनिष्ठ छात्रों से संपर्क करते हैं और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। यह भी रैगिंग के समान है और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, परिसर में छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। रैगिंग रोधी मानदंडों को लागू करने में नाकामी पर अनुदान रोकने सहित कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# ताइवान ने शुरू किया सैन्य अभ्यास, चीन ने लगाए निर्यात प्रतिबंध

- चीन की ओर से आक्रमण के खतरे के अंदेशे में ताइवान ने शुरू किया है सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास

ताइपे, एजेंसी

चीन ने ताइवान की सेना से जुड़ी आठ कंपनियों पर बुधवार को निर्यात प्रतिबंध लगा दिया। उसने यह कदम तब उठाया है जब स्वशासित द्वीप ताइवान ने अपना वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ताइवान की एयरोस्पेस और जहाज निर्माण समेत आठ कंपनियों को निर्यात प्रतिबंध सूची में डाल दिया है। प्रतिबंधित कंपनियों में रक्षा आपूर्तिकर्ता एयरोस्पेस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, ड्रोन निर्माता जिंगवेई एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी और ताइवान की सबसे बड़ी जहाज निर्माण कंपनी सीएसबीसी कॉरपोरेशन शामिल हैं।

नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और इनके तहत इन कंपनियों के डुअल-यूज़ आइटम्स (ऐसी वस्तुएं जो नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं) के निर्यात पर रोक लगाई गई है। यह प्रतिबंध ऐसे समय में लगाया गया है जब ताइवान ने अपना वार्षिक हान कुआंग सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है, जो चीन के संभावित आक्रमण के खिलाफ रक्षा तैयारियों परखेगा। इस साल के अभ्यास को अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास माना जा रहा है, जो लगभग 10 दिन चलेगा। चीन स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, जिसे ज़रूरत पड़ने पर बलपूर्वक अपने कब्ज़े में ले सकता है।

### विभाजन को उकसाने वालों को कड़ी सजा देंगे

बीजिंग के ताइवान मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने कहा, ये प्रतिबंध ताइवान स्वतंत्रता की अलगाववादी ताकतों को एक गंभीर चेतावनी भी है। ताइवान की स्वतंत्रता एक विध्वंसकारी मार्ग है। जो भी उद्यम, संगठन या व्यक्ति 'ताइवान स्वतंत्रता' की अलगाववादी ताकतों के सहयोगी बनते हैं, देश को विभाजित करने में भाग लेते हैं या विभाजन के लिए उकसाते हैं, उन्हें कानून के तहत कड़ी सज़ा दी जाएगी।

# निजी एयरलाइनों के सुरक्षा मानकों पर संसदीय समिति ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति की बैठक में बुधवार को विमानन क्षेत्र में सुरक्षा पर विशेष रूप से चर्चा की गई और इसके सदस्यों ने आधिकारिक एजेंसियों तथा निजी एयरलाइनों द्वारा अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाए।

पिछले महीने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने विमानन क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को केंद्र में ला दिया है। सूत्रों ने बताया कि परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के कुछ सदस्यों ने विमानन नियामक डीजीसीए में बड़ी संख्या में रिक्तियों को लेकर चिंता जताई, जबकि कुछ अन्य ने एजेंसी द्वारा समिति की कई पूर्व सिफारिशों को लागू नहीं करने का उल्लेख किया। एएआई और डीजीसीए सहित कई आधिकारिक एजेंसियों द्वारा जदयू सांसद संजय झा की अध्यक्षता वाली समिति की दिन भर चलने वाली बैठक के दौरान प्रस्तुतीकरण दिए जाने की उम्मीद है।



- छाया रहा विमानन सुरक्षा का मुद्दा, सदस्यों ने डीजीसीए में बड़े पैमाने पर रिक्तियों पर जताई गंभीर चिंता

### विमान हादसे की जांच रिपोर्ट इसी सप्ताह सार्वजनिक होगी

**नई दिल्ली।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) अहमदाबाद एअर इंडिया विमान हादसे से संबंधित अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट इस सप्ताह सार्वजनिक करेगा। एएआईबी अधिकारियों ने बुधवार को संसद की स्थायी समिति को बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स और वॉयस रिकॉर्डर सुरक्षित है। सूत्रों ने बताया कि अभी रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है और जांच फिलहाल जारी है।

# वकीलों को तलब किए जाने का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों द्वारा वकीलों को तलब किए जाने के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला शुरू किया है।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन तथा जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद कोर्ट पुनः खुलने पर 14 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगी। कोर्ट ने यह कदम ईडी की ओर से कुछ वरिष्ठ वकीलों को तलब किए जाने के बाद उठाया गया है। हालांकि, बाद में जांच एजेंसी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे धन शोधन मामलों की जांच के दौरान आरोपी व्यक्ति के वकील को समन जारी न करें। ईडी ने 20 जून को जारी एक पत्र में कहा था कि किसी वकील को एजेंसी के निदेशक की अनुमति के बिना तलब न किया जाए।

## कांवड़ यात्रा की शुरुआत



पवित्र श्रावण मास शुरू होने में अभी दो दिन शेष हैं लेकिन हरिद्वार में इससे पहले ही भगवान शिव की पूजा के लिए गंगा नदी का पवित्र जल लाने के लिए कांवड़ियों का पहुंचना शुरू हो गया है। वजह यह है कि इन दो दिन में इन कांवड़ियों को गंगाजल लेकर लंबी दूरी तय करनी है। अनुमान के मुताबिक हर साल दो से तीन करोड़ कांवड़िए पवित्र गंगाजल लेने कांवड़ लेकर हरिद्वार पहुंचते हैं। एजेंसी

# शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में बने किसान, मेथी और मूंग उगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने अंतरिक्ष प्रवास के अंतिम चरण में एक किसान की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 'पेट्री डिश' में मूंग और मेथी उगाई, इसे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) के फ्रीजर में रखा एवं इनकी तस्वीर साझा की।

शुक्ला ने यह कार्य एक अध्ययन के तहत किया है ताकि पता लगाया जा सके कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के प्रारंभिक विकास को कैसे प्रभावित करता है। एक्सिओम-4 यान से आईएसएस पहुंचे शुक्ला और उनके साथी कक्षीय प्रयोगशाला में 12 दिन बिता चुके हैं। उनके फ्लोरिडा तट पर मौसम की स्थिति के आधार पर, 10 जुलाई के बाद किसी भी दिन पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अब तक आईएसएस से एक्सिओम-4 यान के अलग होने की तारीख की घोषणा नहीं की है। आईएसएस पहुंचे एक्सिओम-4 मिशन की अवधि 14 दिनों तक है। शुक्ला ने बुधवार को एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक लूसी लो के साथ बातचीत में कहा, मुझे बहुत गर्व है कि इसरो देश भर के राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग करने और कुछ शानदार शोध करने में सक्षम रहा है, जो मैं सभी वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए आईएसएस पर कर रहा हूं। ऐसा करना रोमांचक और आनंददायक है।



- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा, यह रोमांचक और आनंददायक

# स्टारलिंक को उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने की अनुमति

- पांच साल की अवधि के लिए वैध होगी अनुमति

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को देश में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने का लाइसेंस प्रदान किया है।

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसने 'स्टारलिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशंस' को भारत में 'स्टारलिंक जेन1 कॉन्स्टेलेशन' क्षमता के प्रावधान को सक्षम करने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी पांच साल की अवधि के लिए वैध है। स्टारलिंक 2022 से ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के लिए भारतीय बाजार पर नजर गड़ाए हुए थी।

## चेतावनी

सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आगाह

# चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश का गठजोड़ भारत के लिए खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि अपने-अपने हितों को लेकर चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एक-दूसरे के प्रति झुकाव, भारत की स्थिरता एवं सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

एक थिंक टैंक 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के दौरान हुए सैन्य टकराव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों में आर्थिक संकट ने बाहरी शक्तियों को अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका दे दिया, जिससे भारत के लिए संकट पैदा हो सकता हैं।



जनरल चौहान ने कहा, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हितों में संभावित समानता है जिसका भारत की स्थिरता एवं सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिछले वर्ष अगस्त में ढाका से पलायन कर भारत में शरण लेने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आई है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के विभिन्न पहलुओं के बारे में बात करते हुए सीडीएस ने कहा कि साइबर और विद्युत चुंबकीय क्षेत्रों जैसे युद्ध के नए क्षेत्रों को शामिल कर परंपरागत अभियानों में दायरे का और अधिक विस्तार किया जा सकता है। जनरल चौहान ने कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सैन्य टकराव जारी रहा, तब उत्तरी सीमा पर चीन की ओर से कोई असामान्य गतिविधि नहीं हुई।

सीडीएस ने पाकिस्तान और चीन के बीच रणनीतिक मित्रता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पिछले पांच साल में पाकिस्तान ने लगभग 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से खरीदे हैं। यह धारणा भी उचित है कि चीनी ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के पास वाणिज्यिक दायित्व हैं जिन्हें उन्हें पूरा करना होगा और पाकिस्तान में उनके लोग हैं।

शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि पारंपरिक अभियानों के विस्तार की अब भी गुंजाइश है। युद्ध की बदलते स्वरूप के बारे में बात करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि भारत को पुराने और नए दोनों तरह के युद्धों के लिए तैयार रहना होगा। जनरल चौहान ने कहा, सैन्य दृष्टिकोण से दूसरी उभरती चुनौती 365 दिन 24 घंटे उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बनाए रखना है। सीडीएस ने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच पूर्ण तालमेल था।

### चीन की बांध परियोजना भारत के लिए वाटर बमः खांडू

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य की सीमा के निकट चीन द्वारा बनाया जा रहा विशाल बांध एक वाटर बम होगा। यह सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज्यादा बड़ा मुद्दा है। खांडू ने एक साक्षात्कार में कहा कि यारलुंग सांगपो नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि चीन ने अंतरराष्ट्रीय जल संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जो उसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए मजबूर कर सकती थी। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग सांगपो नाम से जाना जाता है। खांडू ने कहा, मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।